निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार, 12 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 87 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1914: प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन ने ऑस्ट्रिया-हंगरी पर हमले का ऐलान किया।

1919: भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक वैज्ञानिक विक्रम साराभाई का जन्म।

1920: पोलैंड और रूस के बीच वारसॉ की लड़ाई शुरू।


1960: नासा ने संचार उपग्रह ईको-ए प्रक्षेपित किया।

1981: आईबीएम ने अपना पहला पर्सनल कंप्यूटर पेश किया।

# लोकसभा में बिना चर्चा के नया आयकर बिल पास, दो खेल विधेयक भी पारित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** वोटर वेरिफिकेशन और वोटों की चोरी के आरोपों पर हंगामे के बीच सोमवार को बिना चर्चा के नया आयकर बिल (नंबर--2) 2025 और कराधान कानून संशोधन बिल-2025 लोकसभा में पास हो गया। राज्यसभा में गोवा विधानसभा एसटी रिजर्वेशन बिल और मणिपुर से जुड़े 3 विधेयक पेश किए गए। हालांकि इन बिलों को पेश करते समय विपक्ष का हंगामा जारी रहा। इस पर राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चर्चा के लिए कहा जा रहा है कि हाउस ऑर्डर में नहीं है और बिल पारित हो रहे हैं। यह लोकतंत्र के साथ धोखा है। लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिए। चेयर को, नेता सदन को यह स्पष्ट करना चाहिए। ये कैसा लोकतंत्र है। लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2025 और दोपहर 2 बजे



लोकसभा के दोबारा शुरू होने पर नेशनल एंटी-डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल भी पास हो गया। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने इसे आजादी के बाद से भारतीय खेलों में सबसे बड़ा सुधार बताया। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को मंगलवार 12 अगस्त की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले विपक्ष के 300 सांसदों ने वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला। इस दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। हालांकि 2 घंटे बाद इन्हें छोड़ दिया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में मारा गया कई मामलों में आरोपित सूर्या हांसदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोड्डा।** जिले के बोरियो विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके और कई मामलों में आरोपी सूर्या हांसदा की पुलिस एनकाउंटर के दौरान मौत हो गई। गोड्डा एसपी मुकेश कुमार ने पुलिस मुठभेड़ में सूर्या हांसदा के मारे जाने की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक गोड्डा के बोआरीजोर थाना क्षेत्र के जिरली समारी पहाड़ी के पास पुलिस और सूर्या हांसदा के बीच एनकाउंटर हुआ। इसमें पुलिस ने सूर्या हांसदा को मार गिराया। एनकाउंटर के बाद घटनास्थल के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है। किसी को भी आगे नहीं जाने दिया जा रहा है। सूर्या हांसदा कई मामलों में वांछित था। गोड्डा और साहिबगंज जिले की पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। सूर्या हांसदा का राजनीतिक रसूक भी था। वह बोरियो विधानसभा क्षेत्र से कई बार चुनाव लड़ चुका था। उसने झाविमो, भाजपा के टिकट पर भी चुनाव लड़ा। वहीं पिछले विधानसभा चुनाव में सूर्या हांसदा ने जयराम महतो की पार्टी जेकेएलएम से चुनाव लड़ा था। सूर्या हांसदा की मां भी जिला परिषद सदस्य रह चुकी है। सूर्या हांसदा का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके बड़े भाई महेंद्र हांसदा का भी लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। कई अपहरण और आपराधिक घटनाओं में उनका नाम सामने आया है। सूर्या हांसदा का राजनीतिक रसूक भी था। वह बोरियो विधानसभा क्षेत्र से कई बार चुनाव लड़ चुका था। उसने झाविमो, भाजपा के टिकट पर भी चुनाव लड़ा। वहीं पिछले विधानसभा चुनाव में सूर्या हांसदा ने जयराम महतो की पार्टी जेकेएलएम से चुनाव लड़ा था। सूर्या हांसदा की मां भी जिला परिषद सदस्य रह चुकी है। सूर्या हांसदा का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके बड़े भाई महेंद्र हांसदा का भी लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। कई अपहरण और आपराधिक घटनाओं में उनका नाम सामने आया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिले बंधु तिर्की

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने सोमवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात की। इस दौरान बंधु तिर्की ने पेसा कानून को लेकर तैयार प्रारूप में आवश्यक संशोधन से संबंधित सुझाव के लिए दस्तावेज सौंपा। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड जैसे प्रदेश के लिए पेसा कानून काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए पेसा कानून का प्रभावशाली तरीके से लागू होना जरूरी है।

### अंतरिक्ष का रहस्य जानेंगी सरकारी स्कूलों की 28 होनहार बेटियां

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले की 28 होनहार छात्राएं अंतरिक्ष विज्ञान के सबसे प्रतिष्ठित केंद्रों में से एक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा का शैक्षणिक भ्रमण करेंगी। यह अवसर जिला प्रशासन की पहल से संभव हुआ है। इन छात्राओं का चयन जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, आश्रम आवासीय विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और अन्य संस्थानों से किया गया है।

### तेज रफ्तार पिकअप ने मासूम को कुचला

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** चंदवा थाना क्षेत्र के लाधूप गांव में सोमवार को तेज रफ्तार पिकअप ने मासूम को कुचल दिया। इससे यूनुस राय के चार वर्षीय पुत्र नवाब राय की मौत हो गई। घटना के बाद चालक पिकअप वैन लेकर फरार हो गया लेकिन बाद में बिजुपाड़ा के पास वाहन को खड़ा कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने मासूम के शव को लेकर रांची-मेदिनीनगर एनएच 39 को करीब डेढ़ घंटे तक जाम कर दिया।

### जंगल गई महिला पर भालू का हमला

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डुमरी थाना अंतर्गत सिरमी ग्राम में सोमवार सुबह एक महिला पर जंगली भालू ने हमला कर दिया। बताया जाता है कि विरसो देवी सुबह करीब पांच बजे शौच के लिए घर से बाहर निकली थीं तभी अंबाटोली जाने वाले रास्ते पर अचानक भालू ने पीछे से हमला कर दिया। इस हमले में महिला के सिर की चमड़ी उखड़ गई। उनकी बाई आंख उलट गई और गले व कांख में गंभीर चोट आई है।

### महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**जामताड़ा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र के महुलबना गांव में एक महिला ने सिजेरियन डिलीवरी के तीन दिन बाद आत्महत्या का प्रयास किया। सोमवार दोपहर को चांदमुनि हांसदा ने धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत जामताड़ा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# स्वतंत्रता दिवस पर मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में इस वर्ष झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ध्वजारोहण करेंगे। राज्य सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल ने स्वीकृति दे दी है। परंपरा के अनुसार हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर राज्यपाल उपराजधानी दुमका में और मुख्यमंत्री मोरहाबादी में ध्वजारोहण करते हैं। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सम्मान में स्वतंत्रता दिवस पर इस बार राजभवन में एट होम कार्यक्रम नहीं होगा। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को राज्य सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रांची के मोरहाबादी में ध्वजारोहण करने का प्रस्ताव दिया गया था। इस पर उन्होंने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसलिए इस वर्ष मोरहाबादी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के राजकीय समारोह में राज्यपाल ध्वजारोहण करेंगे। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सम्मान में राजभवन में प्रति वर्ष स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले 'एट होम कार्यक्रम' को इस वर्ष आयोजित नहीं करने का निर्णय लिया है।

# नशे में धूत कार चालक ने कइयों को रौंदा, दो गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के न्यू पार्किंग एरिया में रविवार रात एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। नशे में धुत एक कार चालक ने तेज और लापरवाह ड्राइविंग करते हुए करीब आधा दर्जन यात्रियों को रौंद दिया। घायलों में चार मासूम बच्चे भी शामिल हैं। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही टीओपी-2 की पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में ले लिया। सभी घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच भेजा गया जहां डॉक्टरों ने दो यात्रियों की स्थिति गंभीर बताई। ये दोनों गंभीर रूप से घायल भाई-बहन हैं, जिनकी उम्र 8 से 10 वर्ष के बीच है। टीओपी-2 प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि कार चालक नशे में था और उसने पार्किंग में बैठे यात्रियों को लापरवाही से कुचल दिया। हादसे के बाद अनियंत्रित कार पास के गड्ढे में जा गिरी। पुलिस ने चालक की मेडिकल जांच कराई है ताकि नशे की पुष्टि की जा सके। सभी घायल हैदरनगर के रहने वाले और एक ही परिवार से हैं। वे ट्रेन से उतरने के बाद डिज्नीलैंड मेला देखने के लिए टेंपो में बैठ रहे थे तभी यह दर्दनाक घटना हुई। हादसे से गुस्साए परिजनों और मौके पर मौजूद लोगों ने चालक की जमकर पिटाई की और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। गुस्साई भीड़ ने कार पर पत्थरबाजी कर उसे क्षतिग्रस्त भी कर दिया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी के बीच यात्रियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। कई लोग बच्चों की हालत देखकर भावुक हो गए। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और घायलों की पूरी पहचान की जा रही है।

# तेज बारिश के कारण भरभराकर गिरा बभनबे पहाड़ का एक हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** झारखंड के कई जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश का असर अब पहाड़ों पर भी दिखने लगा है। हजारीबाग जिले के प्रसिद्ध बभनबे पहाड़ का एक हिस्सा सोमवार को तेज बारिश के कारण भूस्खलन से भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिछले कई दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने पहाड़ की मिट्टी को कमजोर कर दिया था जिसके चलते चट्टानें दरक कर नीचे आ गईं। इस दौरान आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। जिस वक्त पहाड़ गिर रहा था, वहां से कुछ दूरी पर दो बाइक के साथ तीन से चार युवक सड़क पर खड़े हुए थे। युवकों ने पहाड़ के गिरते हुए का वीडियो अपने मोबाइल फोन पर कैद कर लिया। जिला प्रशासन ने घटना के बाद लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। खासकर पहाड़ों की तलहटी में बसे घरों और जर्जर मकानों में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का निर्देश दिया गया है। मौसम विभाग ने भी अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है जिससे भूस्खलन का खतरा और बढ़ सकता है। बारिश के मौसम को देखते हुए प्रशासन ने आम लोगों को सलाह दी है कि वो ऐसे वक्त में पहाड़ों की तरफ जाने से बचें। क्योंकि बारिश में पहाड़ों में मिट्टी का कटाव बढ़ जाता है जिसकी वजह से पहाड़ों के गिरने का खतरा और अधिक बढ़ जाता है।

## रिम्स-2 की जमीन पर हल चलाएंगे पूर्व सीएम चंपई सोरेन

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में रिम्स-2 निर्माण पर राजनीति जारी है। पहले ग्रामीणों का विरोध और अब विपक्ष भी कमर कसकर तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने रिम्स-2 के प्रस्तावित जमीन पर 24 अगस्त को हल चलाने का ऐलान कर दिया है। पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने ट्वीट कर इस बात को साझा किया है। उन्होंने ट्वीट के माध्यम से कहा है कि राज्य में पहले से रिम्स की जर्जर व्यवस्था को सुधारने में सरकार नाकाम हो रही है, ऊपर से रिम्स-2 निर्माण करना यह जनता के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि मैं रिम्स-2 निर्माण का विरोध नहीं कर रहा हूं बल्कि खेतिहर जमीन पर रिम्स-2 निर्माण का विरोध कर रहा हूं। वहां के रैयत उस जमीन पर खेती करते हैं। ऐसे में खेतिहर जमीन को राज्य सरकार को अधिग्रहण नहीं करना चाहिए। रिम्स-2 रांची के दूसरी जगह पर निर्माण कराया जाना चाहिए।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in



पांच दिन से कमर तक पानी में रहने को मजबूर हैं प्रभावित

# भागलपुर के दो प्रखंड में 28 हजार से ज्यादा फंसे: नाव की कोई व्यवस्था नहीं



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में बाढ़ के कारण दो प्रखंड के 28 हजार से ज्यादा लोग पिछले पांच दिनों से कमर तक पानी में फंसे हुए हैं। दोनों प्रखंडों के चार पंचायत के करीब 30 गांव में लोग बाढ़ के बीच अपने घरों में डटे हुए हैं। घर में किसी तरह उंचाई वाली जगह पर मिट्टी का चूल्हा रखकर खाना बना रहे हैं, किसी ने गांव के मंदिर में शरण ली है। किसी के घर में बर्तन पानी में बहते दिखे, तो किसी के घर में राशन भींगा दिखा। गांव के लोगों ने कहा कि गंगा का जलस्तर हर दिन बढ़ता जा रहा है। हम लोगों के लिए अपनी जान बचाना मुश्किल हो गया है। नाव की व्यवस्था न होने की वजह से हम लोगों को घर की छत पर दिन-रात रहना पड़ रहा है। हमें उम्मीद रहती है कि जिला प्रशासन की कोई टीम आएगी और रेस्क्यू करके हम लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएगी।

**बाढ़ प्रभावित वीडियो बनाकर प्रशासन भेजकर लगा रहे गुहार :** बाढ़ पीड़ित अपनी वीडियो बनाकर जिला प्रशासन से राहत पहुंचाने की गुहार लगा रहे हैं। लेकिन बाढ़ का पानी अधिक होने के कारण कोई भी अधिकारी या नेता उनकी सुध लेने नहीं पहुंच रहे हैं। इससे पीड़ितों में जिला प्रशासन और सरकार के खिलाफ रोष बढ़ रहा है। पीड़ितों का कहना है कि वे सूखा-रूखा खाकर किसी तरह अपने और परिवार को बचा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर यही स्थिति रही तो हालात और भयावह हो सकते हैं। इससे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है।

**किस प्रखंड के किस पंचायत के कौन-कौन से गांव में भरा पानी :** नारायणपुर प्रखंडः शहजादपुर पंचायत के बिशनपुर, अमरी, फरीदपुर, दुधेला, निरुद्दीनपुर, छोटी विशनपुर, मिर्जापुर, अठगम्मा, कोदरा भिट्ठा, शाहबाद, कसमाबाद, बिसोनी इन सभी गावों में करीब 10 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ में फंसे हैं।

**नाथनगर प्रखंडः** रत्तीपुर बैरिया पंचायत के अजमेरीपुर ,बैरिया, रसीदपुर, बंडाल, दिलदारपुर, मोहनपुर, श्रीरामपुर में करीब आठ हजार लोग फंसे हैं। सरपंच रंजीत यादव ने बताया यहां की आबादी लगभग 15 हजार है, जो बाढ़ से प्रभावित है

**शंकरपुर पंचायतः** दारापुर, बालू टोला, शंकरपुर, बिंद टोली, दिलदारपुर, विचली, बंडाल, सोहनिया में दो हजार लोग फंसे हैं।

**रन्नूचक पंचायतः** मिर्जापुर गांव में करीब 800 लोग बाढ़ के पानी में फंसे हैं।

**मक्का की रोटी खाकर दिन गुजार रहे बाढ़ प्रभावित :** भीषण बाढ़ के पानी से जलमग्न गांव के लोग दिन के साथ-साथ रात को भी नहीं सो रहे हैं। ग्रामीण कहते हैं कि मन में हमेशा डर बना रहता है कि कब बाढ़ का बहाव तेज होगा और हम लोग बाढ़ के पानी के साथ बह जाएंगे। बाढ़ प्रभावितों ने कहा कि जब हम लोगों के लिए नाव नहीं है, रेस्क्यू नहीं किया जा रहा है, तो हमारे पास कोई उपाय ही नहीं है। हमारा सबकुछ तो पानी में डूब गया है, लोग खाने को तरस रहे हैं। बच्चों के कपड़े तक नहीं सूख रहे हैं, किसी तरह मक्का की रोटी और नमक खाकर दिन गुजार रहे हैं, जिसे लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से राहत कैंप में पहुंचाने के लिए बड़ी नाव की गुहार लगाई है।

### खाना के लिए शिविर में नहीं पहुंच सकेंगे बाढ़ प्रभावित

शहजादपुर के शिव मंदिर के पास जिला प्रशासन की ओर से सामुदायिक किचन में बाढ़ पीड़ितों के लिए खाना बनाया जा रहा है, लेकिन बाढ़ पीड़ितों ने कहा कि घरों में पांच फिट तक पानी है, छोटे छोटे बच्चों को लेकर जाना संभव नहीं है, इसलिए नाव की डिमांड की जा रही है। प्रशासन या तो हर प्रभावित के घर खाना पहुंचाए, नहीं तो नाव की व्यवस्था करे। राजद नेता समाजसेवी पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि महेश चंद्र मंडल ने कहा कि बाढ़ के कारण काफी नुकसान हुआ है और अभी भी लगातार पानी बढ़ ही रहा है। लोगों को समय पर राहत नही पहुंचाया तो काफी नुकसान हो सकता है।

### जिला प्रशासन ने प्रभावितों की मदद के लिए आपदा मित्रों को लगाया

बाढ़ से प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कई विभागों के अधिकारियों को अलर्ट रखा गया है। साथ ही कई आपदा मित्रों को भी प्रभावितों की मदद के लिए लगाया गया है। शहजादपुर के आपदा मित्र सिकंदर कुमार बाढ़ ग्रसित इलाके मे ड्यूटी पर तैनात हैं। जब सिकंदर को शहजादपुर के विशनपुर गांव में एक घर में बाढ़ प्रभावितों की समस्याओं की जानकारी मिली, तो वे गांव में पहुंचे। सिकंदर का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें वे बता रहे हैं कि विशनपुर गांव में एक घर में करीब आधा दर्जन बच्चे भूखे हैं, उसके तन पर कपड़े नहीं हैं। जब बच्चों से पूछा गया कि कुछ खाना खाया है, तो उन्होंने नहीं जवाब दिया। सामने आए वीडियो में सिकंदर कहते हैं कि विशनपुर गांव में कई परिवार बाढ़ के पानी के बीच फंसे हुए हैं, इनको खाना नही मिल रहा है। इनकी नाव की मांग और रेस्क्यू की डिमांड को पूरा करने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### शेरपुर में अनियंत्रित चारपहिया वाहन एक मकान में घुसा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर थाना क्षेत्र के शेरपुर कायस्थ टोला में तेज रफ्तार चारपहिया वाहन अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसा। इससे घर में मौजूद लोगों को हल्की चोटें आई। शनिवार को हुए इस हादसे में घर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन पर सरकार का बोर्ड लगा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि गाड़ी काफी तेज रफ्तार में होने के कारण वह असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई। हादसा होते ही वाहन में सवार तीन युवक मौके से फरार हो गए। जबकि उसके ड्राइवर को लोगों ने पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। ड्राइवर को हिरासत में लिया। घर के मालिक उदय चौधरी ने पुलिस में शिकायत की है। थानेदार ने बताया कि ड्राइवर से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शहर में लगे पंडित सहदेव झा की प्रतिमा : सतीश चंद्र दुबे

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार विभूति पंडित सहदेव झा स्मृति मंच की ओर से रविवार को ब्रह्मपुरा चौक स्थित एक निजी होटल के सभागार में पं. सहदेव झा स्मरण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने किया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने मुजफ्फरपुर में मंच से स्वतंत्रता सेनानी पंडित सहदेव झा को नमन करते हुए अपना भाषण शुरू किया था। इसके बाद यह गुमनाम नाम देश स्तर पर चर्चित हो गया। उन्होंने कहा कि पं. सहदेव झा की मूर्ति सरकारी संस्थान, पार्क या सरकारी कार्यालय परिसर में स्थापित की जानी चाहिए। इसके लिए आयोजन समिति के सदस्य डीएम से मिलकर प्रस्ताव दें और स्थानीय विधायक-विधान पार्षद इसे सदन में उठाएं। मैं भी इस प्रस्ताव को अपने सदन में रखूंगा। बीआरएबीयू की राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीलम पांडे ने कहा कि विवि में छात्रों को इस विषय पर शोध और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। वहीं, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा ने कहा कि उनकी प्रतिमा स्थापित करने की पहल होगी। समारोह की अध्यक्षता चाणक्य विद्यापति सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विनय पाठक ने की, जबकि संचालन अशोक झा और कुंदन शांडिल्य ने किया।

## बाढ़ पीड़ितों की समस्या सुनकर भड़के पूर्व राज्यसभा सांसद

### बलिया सीओ को लगाई फटकार, बोले- ह॥ जाम कर दूंगा, जनता के लिए कुछ भी कर सकता हूं



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में आठ ब्लॉक बाढ़ से प्रभावित है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से परेशानी बढ़ गई है। रविवार को पूर्व राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर पीड़ितों का हाल जाना। इस दौरान लोगों की समस्या सुनकर बलिया सीओ रवि कुमार पर भड़क गए। सादीपुर और तुलसी टोल में पूर्व सांसद को देखते ही लोग रोने लगे। लोगों ने कहा कि गंगा मैया ने बर्बाद कर दिया है, घर में न खाने बनाने की व्यवस्था है, न बच्चों को खिलाने का कोई उपाय?। अनाज और आटा-दाल है, लेकिन चूल्हा ही नहीं बचा तो खाना कैसे बनाएंगे। अधिकारियों ने कोई मदद नहीं की है। राहत शिविर में भोजन, पानी की कमी है। कई पात्र परिवारों को अभी तक कोई सहायता नहीं मिली है। सीओ को कहते हैं तो वह कुछ करते ही नहीं।

### नेशनल हाईवे जाम करने की चेतावनी

लोगों की शिकायत सुनकर साथ चल रहे सीओ को पास में बुलाया। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति का दर्द आपको समझना चाहिए। महसूस कीजिए जिसका बच्चा 2 दिन से भूखा होगा। उसके मन पर क्या बीत रहा होगा। इमरजेंसी का समय है, बच्चा मां-बाप से खाना मांगता है, उसके पास अनाज है, लेकिन चूल्हा नहीं है। सब कुछ डूब चुका है। मैं बहुत शांत आदमी हूं। 50000 लोगों को लेकर घेर लूंगा। जनता का मामला है लोगों की भीड़ लेकर एनएच जाम कर दूंगा। इसी मिट्टी से पैदा लिया और इसी मिट्टी में मरूंगा। यहां के लोगों के हक के लिए कुछ भी कर सकता हूं, आपका काम संतुष्ट करने लायक नहीं है। यहां एसडीओ की बड़ाई हो रही है, वह महिला होकर भी लोगों की सहायता में जी-जान लगाए हुए हैं।

### राहत कार्यों में लापरवाही क्यों बरती जा रही है

राकेश सिन्हा ने सीओ से आगे कहा कि आपकी सब लोग बुराई कर रहे हैं। कीर्ति स्थापित कीजिए, सब कुछ यहीं रह जाएगा, सिर्फ कीर्ति ही साथ जाएगा। यंग आदमी हैं, अच्छा काम कीजिए। ट्रांसफर होने के बाद भी लोग याद करें। तकनीकी पहलू पर मत जाइए, मानवीय पहलू से सोचिए, जनता में भगवान है। जब जनता बाढ़ की मार झेल रही है तो प्रशासन की तरफ से राहत कार्यों में इतनी लापरवाही क्यों बरती जा रही है। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि संकट की इस घड़ी में लोगों को हरसंभव मदद मिले। अगर सभी पीड़ितों तक मदद नहीं पहुंचाई गई, तो इस मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। यह केवल एक राजनीतिक दौरा नहीं है, बल्कि जनता की सेवा और उनकी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास है। अधिकारी किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतें, अन्यथा उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।



## वोट अधिकार यात्रा को लेकर थीम सॉन्ग होगा लॉन्च: दिल्ली में होगी बैठक

**पटना, एजेंसी।** 17 अगस्त से महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा शुरू होने वाली है। इस यात्रा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी शामिल होंगे। इसको लेकर थीम सॉन्ग लॉन्च किया जाएगा। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक 12 या 13 अगस्त को दिल्ली में संयुक्त बैठक होगी। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसे जारी किया जाएगा। वहीं, वोट चोरी को लेकर लोगो भी लॉन्च किया जा सकता है। इसके साथ ही इंडिया अलायंस के नेशनल लेवल के कुछ नेता भी पहले दिन यात्रा में शामिल होंगे। इसमें शरद पवार, उद्धव ठाकरे और अखिलेश यादव आ सकते हैं।

### राहुल के साथ मल्लिकार्जुन खड़गे भी होंगे शामिल

वोट अधिकार यात्रा रोहतास से शुरू होगी। राहुल गांधी के साथ पहले दिन कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल होंगे। पहले दिन आम सभा होगी। इसके बाद यह यात्रा औरंगाबाद आएगी। औरंगाबाद के कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में रात्रि विश्राम होगा। फिर सुबह यह यात्रा देव मंदिर होते हुए रफीगंज जाएगी। फिर यात्रा गया के बाद नवादा जाएगी। यह यात्रा 15 दिन की होगी। पटना में इसका समापन होगा।

### बिहार में इंडिया गठबंधन के सभी 6 घटक दल रहेंगे मौजूद

बिहार में इंडिया गठबंधन के सभी 6 घटक दल, इस यात्रा में भाग लेंगे। अगर उन्हें बीच में कोई संगठनात्मक काम आ जाए, तो वह कर सकते हैं। लेकिन, अन्य लोग यह यात्रा जारी रखेंगे। इस पूरी यात्रा के शेड्यूल को लेकर अलग से जानकारी दी जाएगी। इस यात्रा के माध्यम से महागठबंधन की स्ढ्ढक्रके नाम पर चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे फर्जीवाड़े को लेकर लोगों को जागरूक करने की प्लानिंग है। वहीं, 7 अगस्त को दिल्ली में राहुल गांधी के आवास पर इंडिया गठबंधन की बैठक थी, जिसमें इस यात्रा को लेकर चर्चा हुई थी। तेजस्वी यादव ने भी सभी नेताओं को इस यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया था।

## गंडक नदी में पलटी दूध से लदी नाव: बेतिया में 5 व्यवसायी ने तैरकर बचाई जान

### 4 बाइक-हजारों रुपए का दूध बहा



**बेतिया, एजेंसी।** पश्चिम चंपारण के बैरिया अंचल के लौकरिया गंडक घाट पर रविवार दोपहर एक हादसा हो गया। दूध से लदी नाव बीच गंडक नदी में पलट गई। हादसे में चार बाइक और हजारों रुपए का दूध नदी में बह गया। नाव पर सवार सभी पांच दूध व्यवसायी तैरकर सुरक्षित नदी किनारे पहुंचे। नाव नारायणपुर दियारा से बैरिया की ओर दूध लेकर आ रही थी।

नाव पर चार बाइक पर दूध के डिब्बे लदे थे। लौकरिया गंडक घाट के समीप पहुंचने पर नदी में तेज धार और लहरों के कारण नाव का संतुलन बिगड़ गया। अचानक नाव में पानी भरने लगा। वह बीच मझधार में डूब गई।

**5 व्यवसायियों ने तैरकर बचाई जान :** हादसे के दौरान नाव पर मौजूद सभी पांचों दूध व्यवसायियों ने तैरकर अपनी जान बचाई। नाव और उस पर लदी चारों बाइक नदी में डूब गई। दूध के डिब्बे भी तेज बहाव के साथ बह गए। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही बैरिया थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सभी दूध व्यवसायी सुरक्षित हैं। नाव और बाइकों को बाहर निकालने के प्रयास जारी हैं।

### दूध व्यापारी को हुआ नुकसान

स्थानीय लोगों के अनुसार दियारा क्षेत्र के लोग प्रतिदिन नाव से दूध लेकर बैरिया बाजार पहुंचते हैं। इस बार तेज धार और बेकाबू नाव के कारण यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम में नाव संचालन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। इस हादसे से दूध व्यवसायियों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। नाव और बाइक के साथ-साथ दूध भी पूरी तरह बर्बाद हो गया। समय रहते नाव सवारों के तैरकर बाहर निकलने से बड़ी जनहानि टल गई।

# ज्वेलर्स दुकान लूट के आरोपी और पुलिस के बीच मुठभेड़

### गोपालगंज में बदमाश के पैर में लगी गोली, हत्या समेत कई मामलों में था वांछित



**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के पास पुलिस और ज्वेलर्स दुकान लूट के आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में पुलिस की गोली से बदमाश जख्मी हो गया। घायल बदमाश को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है।

गिरफ्तार बदमाश की पहचान छपरा जिले के सीरिश्तापूर जनता बाजार गांव निवासी विकास सिंह कुशवाहा (22) के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय कृष्णा सिंह का बेटा है। एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि मांझागढ़ थाना क्षेत्र के धर्मपरसा गांव में हुए ज्वेलर्स दुकान लूटकांड का आरोपी किसी और आपराधिक वारदात की योजना बना रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित की गई। जब पुलिस टीम मांझागढ़ थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के पास स्थित चिमनी के समीप पहुंची, तो बदमाश ने पुलिस पर दो राउंड फायरिंग कर दी। एक गोली पुलिस की गाड़ी पर लगी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के बाएं पैर के घुटने में गोली लग गई। घायल होने के बाद बदमाश गिर पड़ा और पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्टल, दो खोखा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

### घायल का है आपराधिक इतिहास

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश का लंबा आपराधिक इतिहास है और वह कई बार जेल जा चुका है। उस पर 2019 में भावनपुर में लूट, 2020 में जनता बाजार में लूट, 2021 में भगवानपुर में हत्या और 2022 में बसंतपुर में हत्या के मामले दर्ज हैं।

## ओला कर्मी को वाहन ने मारी टक्कर, सिर-पैर में चोट : जमुई में काम से लौटते समय हादसा, फरार चालक की तलाश जारी

**जमुई, एजेंसी।** जमुई में रविवार रात एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ओला कंपनी के कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक की पहचान शुभम साव के रूप में हुई है। वह बंगाल के आसनसोल के रहने वाले हैं और वर्तमान में जमुई में किराए के मकान में रहते हैं। घटना जेनेक्स ब्रिज होटल के पास हुई। शुभम काम से लौटते समय बाइक पर सवार थे। तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद शुभम सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

### सिर-पैर में लगी गंभीर चोटें

स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को संभाला। एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया।



अस्पताल में डॉक्टरों ने शुभम के सिर और पैर में गंभीर चोटें पाई हैं। वर्तमान में उनका इलाज डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की जानकारी शुभम के परिवार को दे दी गई है। पुलिस ने फरार वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## देवघर एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं का विस्तार, सितंबर से शुरू हो रही कई नयी उड़ानें

देवघर, एजेंसी। अगले महीने सितंबर से देवघर से गुवाहाटी की फ्लाइट शुरू हो रही है. सांसद डॉ निशिकांत दुबे के प्रस्ताव पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को देवघर से गुवाहाटी हवाई सेवा के स्लॉट को हरी झंडी दे दी है. बीते करीब छह महीने से देवघर से गुवाहाटी हवाई का प्रस्ताव पाइप लाइन में था. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसके साथ ही सितंबर से बेंगलुरू से देवघर की दूसरी फ्लाइट व दुर्गापूजा के बाद मुंबई-देवघर की हर रोज हवाई सेवा शुरू की जायेगी. बेंगलुरु से देवघर की दूसरी फ्लाइट शाम में उड़ान भरेगी. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से इन दोनों फ्लाइट का स्लॉट बढ़ाने की मंजूरी भी मिल गयी है. 15 सितंबर से शाम में चलने वाली दिल्ली से देवघर की दूसरी फ्लाइट भी शुरू हो जायेगी. इसी सप्ताह से दिल्ली से देवघर की शाम की फ्लाइट की बुकिंग भी चालू हो जायेगी. इसी वर्ष देवघर से हैदराबाद की हवाई सेवा भी चालू करने का प्रस्ताव है. नवंबर तक देवघर से हैदराबाद हवाई सेवा शुरू होगी.

## पश्चिमी सिंहभूम में डायन बिसाही के आरोप में वृद्ध दंपती की हत्या, नदी से बरामद हुआ महिला का शव

सोनुवा, एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम के सुदूर और नक्सल प्रभावित गुदड़ी थाना क्षेत्र में डायन बिसाही के संदेह में एक वृद्ध दंपती की हत्या कर दोनों का शव नदी में फेंके जाने का सनसनीखेज घटना सामने आया है।घटना बुधवार की बताई जा रही है, लेकिन वृद्ध दंपती के घर में और कोई सदस्य नहीं होने के कारण घटना की सूचना पुलिस को जल्द नहीं मिला। गुदड़ी बाजार के पास निर्माणाधीन पुलिया के पास नदी में रविवार को वृद्ध महिला का शव पुलिस ने बरामद किया, जिसके गले और सिर में धारदार हथियार से हमला करने का जख्म है।महिला का शव नदी में जहां मिला है, उसके पास कुल्हाड़ी भी बरामद हुआ है। मृतक महिला के पति का शव अबतक नहीं बरामद हुआ है और पुलिस उसकी खोजबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक हत्या की वजह डायन-बिसाही का संदेह या जमीन विवाद हो सकता है। पुलिस ने रविवार को इस हत्याकांड के मामले में एक नाबालिग को निरुद्ध तथा तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।जिसमें कमरगांव निवासी बिरसा बरजो, सेगो बरजो, लोकनाथ बरजो और एक नाबालिग शामिल है। चारों के खिलाफ डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बेटे ने अपने ही घर में लगायी आग, लाखों रुपये समेत सारा सामान जलकर खाक

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र से एक बेहद ही हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां एक 19 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में आग लगा दी, जिससे घर में रखे लाखों रुपये नगद और सारा सामान जलकर राख हो गया. जंगलपुर कब्रिस्तान के पास रहने वाले साबिर अंसारी के पुत्र 19 वर्षीय इमरान अंसारी ने कल रविवार को अपने ही घर में आग लगा दी.

बेटे की इस हरकत से दुखी मां आमना खातून ने बताया कि इमरान ने घूमने-फिरने के लिए पिता से एक हजार रुपये मांगे थे. पिता ने बिना काम के इतने पैसे देने से इंकार कर दिया और ऑटो चलाने निकल गये. इसके बाद इमरान ने गुस्से में आकर घर में ही आग लगा दी. आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो गया. पीएम आवास के तहत मिले पैसे भी जलकर खाक हो गये. इमरान घर में आग लगाने के बाद भी नहीं रुका. आग लगाने के बाद वह हाथ में कुल्हाड़ी लेकर घूमने लगा. इस दौरान इमरान कह रहा था कि जो कोई भी उसे रोकेगा, उस पर वह कुल्हाड़ी से हमला कर देगा. इसी वजह से किसी ने उसके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटायी.

## संथाली और हिंदी भाषा में छपा ब्रह्मभोज का कार्ड, 16 को संस्कार भोज के साथ कार्यक्रम का समापन

**रांची, एजेंसी।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म के लिए कार्ड बंटने शुरू हो गए हैं। कार्ड संथाली और हिंदी भाषा में लिखे गए हैं। कार्ड पर गुरुजी की तस्वीर के साथ दिशोम गुरु वीर शिबू सोरेन भी लिखा है। कार्ड के अनुसार 15 अगस्त को दशकर्म और 16 अगस्त को संस्कार भोज होगा। कार्यक्रम स्थल नेमरा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसके निवेदक हैं। संथाली भाषा को हिंदी भाषा में परिभाषित किया गया है। कार्यक्रम का समापन संस्कार भोज के साथ होगा। सोरेन परिवार के लोग अपनी परंपरा के अनुसार अपने पैतृक गांव नेमरा में शादी, श्राद्ध आदि सभी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहे हैं। इधर, श्राद्धकर्म से पहले गोला से नेमरा तक की सड़क को चकाचक कर दिया जाएगा। इसके लिए दिन-रात काम किया जा रहा है। विभाग सड़कों को चकाचक करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। बताया गया कि राज्य के अलावा देश की कई बड़ी हस्तियां श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होंगी। उन्हें सड़क मार्ग से आने-जाने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए पूरे इंतजाम किए जा रहे हैं। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई गणमान्य लोगों ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन की बधाई दी।

# तंगहाली ऐसी कि परिजन का शव नहीं ला सका परिवार, पुतले का ही किया अंतिम संस्कार

**जमुआ, एजेंसी।** देश की अर्थव्यवस्था को अपने श्रम से संवारने वाले प्रवासी मजदूरों की दुर्दशा एक बार फिर सामने आई है। आगरा रेलवे स्टेशन पर एक प्रवासी मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक सिताराम यादव (38 वर्ष) झारखंड के गिरिडीह जिले के जमुआ प्रखंड की प्रतापपुर पंचायत के ग्राम अदुवाडीह का निवासी था।

इनके परिवार के साथ विडंबना यह रही कि गरीबी के कारण पीड़ित स्वजन शव नहीं ला पाए। ऐसे में मृतक का पुतला बनाकर उनका अंतिम संस्कार करना पड़ा। सीताराम की मौत शुक्रवार को हुई थी, परिवारजनों को शनिवार को पता चला। जिसके बाद रविवार को पुतला बनाकर दाह संस्कार किया गया।

वह एक वर्षों से आगरा शहर में दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। हालांकि प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं, फिर भी मौत के कारणों को लेकर संदेह बना हुआ है।



सीताराम यादव की मौत की सूचना जैसे ही उनके गांव अदुवाडीह पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी, बूढ़ी माता और तीन छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। सबसे हृदय विदारक बात यह रही कि परिवार की अत्यंत कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण वे शव को आगरा से अपने गांव नहीं ला सके। शव लाने और अंतिम संस्कार की व्यवस्था के लिए पैसे न होने के कारण परिजन असहाय रह गए।

जब आर्थिक तंगी के कारण सीताराम यादव का शव गांव में नहीं लाया जा सका, तो गांव वालों की मदद से स्वजन ने एक पुतला तैयार किया और उसे ही सीताराम यादव का प्रतीक मानकर अंतिम संस्कार की रस्म पूरी की गई। पुतले को शव की तरह सजाया गया। उस पर फूल चढ़ाए गए और पूरे विधि-विधान के साथ मुखाग्नि दी गई।गांव के बुजुर्गों ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार ऐसा दृश्य देखा, जहां गरीबी की वजह से शव नहीं ला पाने की स्थिति में पुतले का अंतिम संस्कार किया गया हो।

इस पूरे मामले में स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय पर प्रशासन मदद करता, तो शव को गांव लाकर पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जा सकता था।सीताराम को न तो कोई सहायता राशि दी गई और न ही शव लाने के लिए कोई सरकारी वाहन मुहैया कराया गया। घटना के बाद कई सामाजिक संगठनों ने आगे आकर पीड़ित परिवार के लिए सहायता की मांग की है।

## सारंडा जंगल में नक्सलियों ने छिपाकर रखा था आईईडी, मौके पर किया गया नष्ट



**चाईबासा, एजेंसी।** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान जराईकेला थाना अंतर्गत सारंडा जंगल में नक्सलियों द्वारा पूर्व से लगाए गए एक आईईडी बरामद किया गया है। जिसे सुरक्षाजवानों ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से बताया गया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा एवं अन्य नक्सली अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसे देखते हुए झारखंड पुलिस, कोबरा, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर की टीम द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है।दरअसल, 6 अगस्त को चाईबासा पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के उग्रवादियों ने सुरक्षाबलो को नुकसान पहुंचाने के लिए झराईकेला थाना अंतर्गत जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में गोला-बारूद छिपाकर रखा गया है। इसके तहत चाईबासा पुलिस एवं कोबरा 209 बीएन की संयुक्त टीम द्वारा 07 अगस्त को जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगल पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया गया। इस दौरान रविवार को जराईकेला थाना अंतर्गत सारंडा के वन क्षेत्र से नक्सलियों द्वारा पहले से लगाए गए लगभग 05 किलोग्राम वजन का एक आईईडी बरामद किया गया।

## पुलिस मुठभेड़ में सूर्या हांसदा की मौत, ईसीएल परियोजना में गोलीबारी का लगा था आरोप

**गोड्डा, एजेंसी।** जेएलकेएम नेता सूर्या हांसदा की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई है। एसपी मुकेश कुमार ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की है। एसपी कुमार ने बताया कि सूर्या हांसदा को गिरफ्तार करने पुलिस की एक टीम गई थी।

देवघर के नावाडीह थाना क्षेत्र से गिरफ्तार करने के बाद उसे लाया जा रहा था। रात में पुलिस सूर्या को अपने साथ जांच के लिए जिरली समारी पहाड़ी पर ले गई, जहां पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में सूर्या हांसदा मारा गया।

बोआरीजोर थाना क्षेत्र के जिरली समारी पहाड़ी पर बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासन के लोग जुटे हुए हैं। किसी को भी वहां जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है।बता दें कि सूर्या हांसदा की पत्नी सुशीला ने पिछले रविवार को उनकी गिरफ्तारी की जानकारी दी थी। सुशीला ने सूर्या के साथ किसी अनहोनी की आशंका भी जताई थी।

ललमटिया थाना क्षेत्र के डकैता गांव निवासी सूर्या हांसदा पूर्व में भाजपा के नेता रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में जब भाजपा ने बोरियो से लोबिन हेम्ब्रम को टिकट दिया था, तब सूर्या हांसदा ने जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम से टिकट लेकर चुनाव लड़ा था, हालांकि, चुनाव में उनकी बुरी हार हुई थी। सूर्या हांसदा पर दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं।

हाल ही में ईसीएल की राजमहल परियोजना के पहाड़पुर क्षेत्र में हुई गोलीबारी की घटना में भी सूर्या की संलिप्तता सामने आई थी। इसके अलावा साहिबगंज के क्रशर मिल में ट्रक और ट्रक जलाने के मामले में भी सूर्या शामिल था।

पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लंबे समय से छापेमारी कर रही थी। बोआरीजोर थाना क्षेत्र के जिरली पंचायत के सामरी, राहरबरिया और जालोकुंडी के बीच पहाड़ियों में पुलिस प्रशासन के जवान जमे हुए हैं।

## जमशेदपुर के मानगो पुल से कूदने की कोशिश, राहगीरों की सूझबूझ से बची ऑटो चालक की जान, पुलिस ने समझा कर परिजनों को सौंपा

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के मानगो बड़े पुल पर एक ऑटो चालक ने नदी में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन राहगीरों की तत्परता और किस्मत के संयोग से उसकी जान बच गई। अब इसका वीडियो सामने आया है। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक पुल पर लगी लोहे की जाली पर चढ़ गया और कूदने ही वाला था कि उसकी शर्ट जाली में फंस गई। इस दौरान वह कुछ क्षण के लिए वहीं लटक गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत दौड़कर उसे पकड़ लिया और खींचकर सुरक्षित पुल पर ले आए।

सूचना पाकर मानगो थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने युवक को थाने लाकर पूछताछ की और समझाने-बुझाने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि लोगों ने युवक को पहले ही रेलिंग पर चढ़ते देख लिया था और रोकने की कोशिश की, लेकिन वह जाली पार कर गया था। अगर शर्ट फंसती नहीं, तो वह नदी में छलांग लगा सकता था। युवक मानसिक रूप से खुद को परेशान बता रहा था।

**नदी-नालों में जान देने की कई कोशिशें :** मीडिया में आई खबरों के मुताबिक मानगो पुल सहित शहर के अन्य पुलों से आत्महत्या के



प्रयास नई बात नहीं हैं। बीते दिनों में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। तीन अगस्त को साकची की रहने वाली पूनम ने दोमुहानी पुल से छलांग लगा दी थी। वहां मौजूद मछुआरों ने उसे तुरंत बाहर निकाला और ब्रह्मानंद अस्पताल में भर्ती कराया।

इससे पहले, एक अगस्त की सुबह भुइयांडीह निवासी और बिष्टुपुर में पीजी में रहने वाली सुमित्रा ने अपने बॉयफ्रेंड से विवाद के बाद डोबो पुल से कूदकर जान देने की कोशिश की थी। दो दिन बाद उसका शव बरामद हुआ था। जानकारी के मुताबिक पिछले तीन महीनों में मानगो पुल से कूदकर पांच लोग अपनी जान दे चुके हैं, जबकि कई लोगों को समय रहते बचा लिया गया।

# साहिबगंज में गंगा नदी का रौद्र रूप, 1600 घरों में घुसा पानी, बाढ़ प्रभावित स्कूल दो दिन रहेंगे बंद

**साहिबगंज, एजेंसी।** गंगा नदी में आई बाढ़ को देखते हुए साहिबगंज में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के सभी स्कूलों को दो दिनों के लिए बंद करने का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, आज 11 अगस्त और कल 12 अगस्त को स्कूल बंद रहेंगे। यह आदेश जिला शिक्षा विभाग द्वारा रविवार देर रात जारी किया गया है।



गौरतलब है कि साहिबगंज में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। गंगा नदी में खतरे का निशान 27.25 मीटर निर्धारित किया गया है। जबकि सोमवार सुबह 6 बजे तक यह 28.62 मीटर मापा गया है जो खतरे के निशान से 1 मीटर 37 सेमी अधिक है। यानी गंगा अब एचएफएल (हाई फ्लड लेवल) की ओर बढ़ने लगी है। ऐसे में दियारा इलाका जलमग्न हो गया है और शहरी क्षेत्र में पानी घुस गया है।

साहिबगंज नगर परिषद के 28 वार्डों में से 11 वार्ड बाढ़ से पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। लगभग 1600 घरों के लगभग 8000 लोग प्रभावित हुए हैं। घरों के आसपास पानी भर जाने से स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है। दियारा क्षेत्र और शहर के कई स्कूलों में पानी घुस गया है। इसे देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ने स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है।

दियारा क्षेत्र के जलमग्न होने से शहर के 11 वार्ड प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित वार्ड नंबर 13 हबीबपुर हुआ है। इस वार्ड के 400 से ज्यादा घरों में पानी घुस गया है। पानी घुसने से वार्ड नंबर 22 चानन गांव सबसे ज्यादा प्रभावित है। इसके अलावा वार्ड नंबर 2, 3, 4, 7, 11, 17, 18, 23, 24 के लोग प्रभावित हैं।

शहर की भरतिया कॉलोनी में भी पानी घुस गया है। घरों में कमर तक पानी भर जाने के कारण लोगों ने चौक बाजार स्थित ए।एम।के। बड़ी धर्मशाला में शरण ली है। इस मोहल्ले में 104 कॉलोनियां हैं जो बाढ़ के कारण दूसरी जगहों पर चली गई हैं।

साहिबगंज नगर परिषद के सिटी मैनेजर बिरेश कुमार ने कहा कि बाढ़ का पानी शहरी क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। 28 में से 11 वार्डों के लगभग 1600 घर प्रभावित हुए हैं। लगभग 8000 की आबादी प्रभावित है। निरीक्षण किया जा रहा है। पानी भी दूषित हो गया है। आने-जाने में कठिनाई हो रही है। नावों की व्यवस्था की जाएगी। सभी को राहत सामग्री उपलब्ध कराने के लिए नगर परिषद के ईओ से बात की जाएगी।

गौरतलब है कि झारखंड के साहिबगंज जिले से होकर गंगा नदी बहती है, जो सावन और भादो के महीने में भारी बारिश के दौरान उफान पर रहती है। गंगा नदी बक्सर से फरक्का तक बहती है। नेपाल से छोड़ा गया पानी सहायक नदियों कोसी नदी के माध्यम से गंगा में प्रवेश करता है, जिससे गंगा का रौद्र रूप और भी उग्र हो जाता है। इससे बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं।

## रांची प्रेस क्लब में हरिनारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि, अब उनके नाम से जाना जाएगा सभागार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड पत्रकारिता के गुरु हरिनारायण सिंह की स्मृति में रविवार को रांची प्रेस क्लब सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रेस क्लब के पदाधिकारी, विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकार, वरिष्ठ नागरिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना

सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा की शुरुआत 2 मिनट के मौन से हुई, जिसके माध्यम से उपस्थित सभी लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर ही आरपीएस प्रेस क्लब कार्यकारिणी की एक आपात बैठक हुई और इस बैठक में रांची प्रेस क्लब के सभागार का नाम स्वर्गीय हरिनारायण सिंह के नाम से करने का निर्णय लिया गया और इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने हरिनारायण सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि वे केवल एक पत्रकार नहीं थे, बल्कि पत्रकारिता की एक जीवंत संस्था थे। उन्होंने अपने चार दशकों से अधिक लंबे करियर में निष्पक्षता, निडरता और जन सरोकार को हमेशा सर्वोपरि रखा। उनकी लेखनी में मुद्दों की गहराई, तथ्य की मजबूती और भाषा की सादगी का अनोखा संगम देखने को मिलता था।

वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा ने भावुक होते हुए कहा कि हरिनारायण सिंह पत्रकारों की एक फैक्ट्री थे। उन्होंने न केवल खुद उत्कृष्ट पत्रकारिता की, बल्कि सैकड़ों नए पत्रकारों को तैयार किया। उनके मार्गदर्शन में कई पत्रकारों ने अपना करियर शुरू किया और आज वे विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मीडिया संस्थानों में काम कर रहे हैं। जीवन के अंतिम क्षण तक वे कलम और खबर के प्रति समर्पित रहे।

सभा में रांची प्रेस क्लब की कार्यकारिणी के सदस्यों ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि स्व. हरिनारायण सिंह का योगदान केवल पत्रकारिता तक सीमित नहीं था, बल्कि वे संस्थागत निर्माण और पत्रकारों के हित में संघर्ष के लिए भी जाने जाते थे। रांची प्रेस क्लब की स्थापना और विकास में उनकी भूमिका हमेशा याद रखी जाएगी। नवोदित पत्रकारों ने भी उन्हें अपनी प्रेरणा बताते हुए कहा कि उनकी सादगी, व्यवहार कुशलता और पेशेवर ईमानदारी आज के दौर में एक मिसाल है।

# झारखंड के 80 प्रखंडों में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान, स्वास्थ्य मंत्री ने खुद दवा खाकर की शुरुआत

**रांची, एजेंसी।** वर्ष 2027 तक झारखंड को फाइलेरिया मुक्त राज्य बनाने के लक्ष्य को केंद्र में रखकर 10 अगस्त से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान की शुरुआत की हुई है। पहले चरण में प्रदेश के 9 जिलों के 80 प्रखंडों में इसकी शुरुआत रविवार से हुई है। राज्य के 9 जिलों (चतरा, गोड्डा, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, हजारीबाग, जामताड़ा, पलामू, लातेहार और दुमका) के 80 चिन्हित प्रखंडों में आज से एमडीए अभियान की शुरुआत हुई। इस अभियान के तहत लगभग इन 80 प्रखंडों के करीब 1.42 करोड़ की आबादी में से 1.27 करोड़ लोगों को डीईसी, अल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन दवा निशुल्क खिलाई जाएगी।

इस कार्यक्रम में अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग डॉ. बीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को सफल बनाने के लिए अन्य विभागों, जैसे शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, पंचायती राज विभाग, शहरी विकास विभाग, पेयजल और स्वच्छता विभाग, आजीविका, पीएचईडी का भी सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में फाइलेरिया से मुक्ति के लिए आज बूथ के माध्यम से और घर-घर जाकर, 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप




से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को उनकी उम्र के अनुसार निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा, अपने सामने दवा खिलाई गयी। 11 से 25 अगस्त तक घर घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा स्वास्थ्य कार्यकर्ता सभी पात्र लोगों को अपने सामने खिलाएंगे।

09 जिलों के 80 चिन्हित प्रखंडों में आज से शुरू हुई एमडीए अभियान की शुरुआत राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने खुद दवा खाकर इस अभियान की शुरुआत जामताड़ा से की। स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि मैंने दवा ली है, आप भी लें। हर हाल में झारखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाना है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि वर्ष 2027 तक झारखंड को पूरी तरह फाइलेरिया मुक्त घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। स्वस्थ झारखंड, सक्षम झारखंड के विजन को साकार करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि आप यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा खाने से वंचित न रहे।

सिर्फ शारीरिक अपंगता नहीं लाता है फाइलेरिया

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि फाइलेरिया केवल शारीरिक अपंगता नहीं लाता। बल्कि व्यक्ति के आत्मसम्मान, आजीविका और मानसिक स्वास्थ्य को भी गहरी चोट पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह है कि इस बीमारी को रोका जा सकता है। वह भी साल में केवल एक बार दी जाने वाली दवा के उपयोग से बीमारी को रोका जा सकता है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जामताड़ा के लोगों की दुआओं से मैं विधायक बना फिर मंत्री बना। इसलिए राज्य का कोई भी बड़ा कार्यक्रम सबसे पहले जामताड़ा से ही शुरू होगा। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि विपक्ष का काम सिर्फ आलोचना करना भर रह गया है। लेकिन जहां काम होता है वहीं आलोचना होती है। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि हम सबका दायित्व है कि इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें, सबसे पहले स्वयं दवा लें और अपने परिवार के हर सदस्य को भी अवश्य दवा खिलाएं। हमारा गांव, हमारी पंचायत, हमारे शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्यकर्मी और मीडिया-सभी मिलकर इसे एक जन-आंदोलन बनाएं। जामताड़ा से शुरू हुए एमडीए अभियान शुभारंभ कार्यक्रम में जामताड़ा के सिविल सर्जन डॉ. आनंद मोहन सोरेन, जामताड़ा के अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ अभिषेक पाल और अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 11-08-2025 21:57 Page 1



# प्रभात फेरी सह तिरंगा यात्रा का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पीएम श्री शारदा कन्या मध्य विद्यालय पचम्बा में विभागीय निदेशानुसार सोमवार को प्रभात फेरी सह तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं , सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य ,बाल संसद के सदस्यों ने हिस्सा लिया।। इस मौके प्रधानाध्यापक ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि घर-घर तिरंगा फहराने के लिए क्षेत्र में लोगों को जागरूक करना और प्रेरित करना। प्रिंसिपल ने कहा कि इस कार्यक्रम में हमारे सभी छात्र-छात्राएं उत्साहित होकर भाग लिए और इसके साथ ही साथ उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन सभी कोई अपने-अपने घर में तिरंगा झंडा अवश्य फहराऐ। इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार मिश्र , स्वीटी कुमारी, तनु प्रिया, माया मारियम हांसदा, अर्चना कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# सीआइएसएफ जवान ने ट्रैफिक इंचार्ज जवानों को पीटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** स्थानीय सादिक चौक के निकट सीआईएसएफ के एक जवान ने ट्रैफिक इंचार्ज मो समाल अहमद समेत कई जवानों की पिटाइ कर दी। सीआईएसएफ जवान को किसी तरह पकड़कर शहर थाना को सुपुर्द किया गया। सीआईएसएफ जवान ने टाउन थाना में भी जमकर बवाल काटा। पुलिस अधिकारियों को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए देख लेने की धमकी दी। पूरे मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सीआईएसएफ जवान गोविंद कुमार चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गोविंद कुमार चंद्रवंशी पलामू के चैनपुर का रहने वाला है। फिलहाल वह जमशेदपुर इलाके में तैनात है। मेदिनीनगर के सदिक चौक से कोयल पुल जाने वाला मार्ग में जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इसे ट्रैफिक प्रभारी एएसआई समाल अहमद के नेतृत्व में सदिक चौक के पास जाम हटाकर ट्रैफिक को सुचारू किया जा रहा था।

इसी क्रम में सीआईएसएफ जवान एक ट्रक के आगे अपनी गाड़ी खड़ा कर ट्रक ड्राइवर की पिटाई करने लगा। इसे देख ट्रैफिक जवान वहां पहुंचे व छुड़ाने लगे। इतने में सीआईएसएफ जवान ने ट्रैफिक जवान पर हमला कर दिया। ट्रैफिक जवानों ने इसकी जानकारी सदिक चौक पर ट्रैफिक नियंत्रण कर रहे ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद को दी। ट्रैफिक प्रभारी मौके पर पहुंचे व सीआईएसएफ जवान से मारपीट का कारण पूछा। इतने में सीआरपीएफ जवान ने ट्रैफिक प्रभारी एएसआई समाल अहमद को हाथ की कलाई सहित पेट पर वार कर दिया। इस बीच कई ट्रैफिक जवान वहां पहुंचे व सीआईएसएफ जवान को कब्जे में ले लिया व शहर थाना को सुपुर्द किया। शहर थाना में भी सीआईएसएफ जवान ने जमकर हंगामा किया। साथ ही थाना में मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों को गाली-गलौज करते हुए बवाल काटा। इसके बाद पुलिस के जवानों ने उसे हाजत में बंद कर दिया। सीआईएसएफ जवान ट्रैफिक इंचार्ज सामान अहमद को गोली से मारने की धमकी देने लगा। इस मामले में ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के आवेदन पर सीआईएसएफ जवान के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया। थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने आरोपी जवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित बांटे पंपलेट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सोमवार को वाहन चालकों के बीच झारखंड सरकार परिवहन विभाग की ओर से जारी सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट बांटे। उन्होंने वाहन चालकों को किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने पर चालकों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत 10 हजार रुपए या 6 महीने के कारावास या दोनों से दंडित किए जाने की बात कही। कहा कि अपराध दोहराने पर 15 हजार रुपए या 2 साल तक की



कारावास या दोनों से दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल या किसी भी हैंड कम्युनिकेशन डिवाइस का प्रयोग करते पकड़े जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 सी के तहत दंड के रूप में एक से पांच हजार रुपए तक या 6 महीने या 1 साल की कारावास हो सकती है। उन्होंने कहा कि अपराध दोहराने पर दंड बढ़कर 10 हजार या 2 साल तक की सजा हो सकती है। इस बीच उन्होंने फोर व्हीलर वाहनों के चालकों को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की हिदायत दी। उन्होंने मोबाइल फोन से बात कर रहे वाहन चालकों को समझाया।

# उपायुक्त ने की शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने सोमवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक कर जिले में शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने छात्रवृत्ति, पोशाक,पाठ्य पुस्तक मध्यान भोजन,आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि प्रायः ऐसा देखा जाता है कि बच्चों को वितरण किये जाने वाले साईकल को खुले छत में रखने संबंधी खबरें प्रकाशित की जाती है।उन्होंने डीईओ को कहा कि खुले में कोई भी साईकल ना रहे,यह सुनिश्चित करें।इसके अलावे छात्रों के बीच तय समय से साईकल वितरण करना सुनिश्चित करें।उन्होंने डीईओ को डीडब्लूयू से बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही।इस दौरान डीईओ ने बताया कि वित्तिय वर्ष 2024-25 में शिक्षा विभाग द्वारा किये जाने वाले साईकल वितरण के लक्ष्य को पूर्ण कर लिया गया है।

बैठक में उपायुक्त ने टीचर्स की अटेंडेंस की समीक्षा की।इस दौरान उंटारी रोड एवं तरहसी में कम अटेंडेंस होने के कारणों से अवगत हुईं।इसके अलावे बच्चों की अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें भी सुधार करने की जरूरत है।उन्होंने सभो बीपीओ व बीईईओ को हर हाल में बच्चों के अटेंडेंस में बढ़ोतरी लाने की दिशा में कार्य करने की बात कही।

बैठक में आरटीई के तहत बच्चों के एडमिशन की समीक्षा करते हुए डीसी ने पाया कि आरटीई के तहत कई सीटें खाली रह गयी हैं।इसमें कारण बताया गया कि आवेदन नहीं होने के कारण सीटें खाली रह गयी है।इस विषय पर डीसी ने चिंता जाहिर करते हुए अगले शैक्षणिक सत्र में इस तरह की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिये नवंबर माह से ही आरटीई के तहत एडमिशन की प्रक्रिया को शुरू करने की बात कही।इसको लेकर उन्होंने डीएसइ को इस विषय का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने पर बल दिया।इस कार्य के लिये उन्होंने प्रखंड स्तर पर कार्यरत बीआरपी,सीआरपी व अन्य स्टाफ का सहयोग लेने की बात कही।

इसके अलावे समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधि,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन की अद्यतन स्थिति,विद्यालय में बच्चों की इनरोलमेंट,स्कूल सर्टिफिकेशन, डिजिटल शिक्षा, साइकिल वितरण,स्कूल किट, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई के माध्यम से चयन, आइसीटी प्रोग्राम एवं स्मार्ट क्लास,किचन गार्डन,विद्यालयों में लाइब्रेरी की उपलब्धता व मध्याह्न भोजन से संबंधित समीक्षा की गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन,सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान,जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला शिक्षा अधीक्षक,सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,अकाउंटेंट,बीपीओ, विभिन्न वार्डन समेत अन्य उपस्थित थे।

## इस बार राज्यपाल करेंगे झंडोत्तोलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में इस बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जगह राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार झंडोत्तोलन करेंगे। इससे संबंधित प्रस्ताव को राज्यपाल ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

दरअसल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने दिवंगत पिता शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म में व्यस्त हैं। वे लगातार रांची से दूर अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में रह रहे हैं। वहीं से कामकाज का निपटारा कर रहे हैं।

इस कारण 15 अगस्त को राजधानी में झंडोत्तोलन नहीं कर सकेंगे। अभी तक चली आ रही परिपाटी के अनुसार राजधानी रांची में स्वाधीनता दिवस पर मुख्यमंत्री तथा गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन करते हैं । 15 अगस्त को राज्पाल दुमका में झंडोत्तोलन करते हैं।

बताया जाता है कि पिछले दिनों जब राज्यपाल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें सांत्वना देने गए थे तो उसी क्रम में मुख्यमंत्री ने उनसे 15 अगस्त को राजधानी में झंडोत्तोलन करने का आग्रह किया था।

अब दुमका में राज्यपाल की अनुपस्थिति में कोई सीनियर मंत्री अथवा अधिकारी झंडोत्तोलन करेंगे।

# प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर छोटी बहन की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के परसा पंचायत उत्तरबरी टोल वार्ड संख्या-1 में सोमवार की सुबह एक दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। गांव के विनय कुमार की 19 वर्षीय पुत्री गुड़िया कुमारी की अज्ञात हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी। गुड़िया बीपीएससी की तैयारी कर रही थी और पढ़ाई के लिए रोजाना दरभंगा जिले के बहेरी जाया करती थी।

स्थानीय लोगों ने बताया मृतक गुड़िया की बड़ी बहन सपना का एंजेल हाई स्कूल के एक शिक्षक हमेशा परेशान किया करता था। इसको लेकर परिवार और आरोपी शिक्षक के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ था। परिजनों ने बताया कि विरोध करने पर आरोपी शिक्षक मृतक सहित पूरे परिवार के सदस्य को कई बार धमकी भी दिया था। लगभग 2-3 महीने पहले परिजनों ने इस मामले में शिवाजीनगर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग भी किया था। लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगो ने बताया कि सोमवार सुबह गुड़िया रोज की तरह पढ़ाई के लिए बहेरी जाने निकली थी। रास्ते में पहले से घात लगाए आरोपी ने पास आकर उस पर नजदीक से गोली चला दी। गोली लगते ही गुड़िया मौके पर ही गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि अगर समय रहते पुलिस कार्रवाई करती तो आज उनकी बेटी जिंदा होती।



उन्होंने पुलिस प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही रोसड़ा डीएसपी संजय सिन्हा समेत शिवाजीनगर थानाध्यक्ष और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।डीएसपी संजय सिन्हा ने बताया कि घटना बाद मृतिका छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज घटना के बाद से ही शिवाजीनगर पुलिस घटना स्थल पहुंच सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इधर घटना के बाद परिवार में दहशत और गम का माहौल है। मृतका के घर और घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भारत-फ्रांस के बीच पहली इंटरकॉन्टिनेंटल रोबोटिक सर्जरी सफल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल इंक ने स्वदेशी विकसित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के जरिए फ्रांस के स्ट्रासबर्ग और भारत के इंदौर के बीच दुनिया की पहली इंटरकॉन्टिनेंटल रोबोटिक टेली सर्जरियां सफलतापूर्वक संपन्न की। सोसाइटी ऑफ रोबोटिक सर्जरी कॉन्फ्रेंस में हुई इन सर्जरियों में 10,000 किलोमीटर की दूरी के बावजूद रियल-टाइम, लेटेंसी-रहित और सटीक परफॉरमेंस प्रदर्शित हुआ।




दो जटिल प्रक्रियाओं में पहली गैस्ट्रिक बायपास थी, जिसे डॉ. मोहित भंडारी ने मात्र 44 मिनट में पूरा किया। दूसरी, रोबोटिक एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट क्लोजर, एसएस इनोवेशन्स के संस्थापक एवं सीईओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने की। इसमें भारत के श्री अरबिंदो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और फ्रांस के आईआरसीएडीडी मुख्यालय की टीमें जुड़ी।

डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, ॖयह ऐतिहासिक उपलब्धि हमारे एसएसआई मंत्रा 3 सिस्टम की आधुनिक क्षमता को दशार्ती है और सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों तक भी जटिल सर्जरी पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करती है। डॉ. मोहित भंडारी ने कहा महाद्वीपों के बीच जटिल गैस्ट्रिक बायपास को अंजाम देना तकनीकी और चिकित्सकीय दृष्टि से बदलावकारी कदम है, जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाएगा। एसएसआई मंत्रा, टेलीसर्जरी के लिए भारत का पहला सीडीएससीओ-अनुमोदित सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम है, जिसकी मदद से अब तक 35 टेलीसर्जरियां, 250 प्लस कार्डियक और 5000 प्लस मल्टी-स्पेशलिटी सर्जरियां की जा चुकी हैं। यह उपलब्धि मेड-इन-इंडिया टेक्नोलॉजी और वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं में भारत की लीडरशिप को साबित करती है।

# समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिया विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** उपायुक्त ने जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, समावेशी एवं परिणामोन्मुख बनाने पर बल दिया आज समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा विभाग अंतर्गत सभी एजेंडा की बिंदुवार समीक्षा करते हुए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समावेशिता पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, समावेशी एवं परिणामोन्मुख बनाने पर बल दिया।

उन्होंने शिक्षकों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा प्राप्त



राशि के पारदर्शी एवं यथोचित उपयोग, विद्यालयों में सुव्यवस्थित इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, पुस्तकालय, तथा शैक्षणिक वातावरण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। आगे उपायुक्त ने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें तथा शैक्षणिक गतिविधियों एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा कर, आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई हेतु जिला मुख्यालय को सूचित करें।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार व जिला प्रशासन द्वारा उचित प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समावेशी वातावरण मिल सकें। बैठक में समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, ई- विद्यावाहिनी में शिक्षकों की उपस्थिति, पोशाक, छात्रवृति, पोषण वाटिका, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह की ससमय उपलब्धता, पोषण वाटिका की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया समेत जिला स्तर पर शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि जिले में बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पौष्टिक मिड डे मील देने को प्राथमिकता बताते हुए इस पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की ओर से विद्यालय स्तर पर चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिले। इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मी सजगता के साथ काम करना सुनिश्चित करें बैठक में उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे जानकारी लिया।

उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के साथ-साथ शिक्षकों की उपस्थिति की लगातार मॉनिटरिंग की जरूरत है। उन्होंने सभी प्रखंडों में ई-विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही। उपायुक्त ने एमआईसी कोऑर्डिनेटर को सभी तरह का डाटा शत प्रतिशत सही प्रविष्टि करने का निर्देश दिया। वहीं कार्य में तेजी लाते हुए सुधारात्मक प्रगति का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बच्चों का नामांकन, उपस्थिति, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने संबंधित जानकारी लेते हुए सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र अंतर्गत विद्यालयों का निरंतर भ्रमण कर विद्यार्थियों की उपस्थिति शौचालय एवं पेयजल समेत विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेने को कहा।

# नेपाल से पानी छोड़ने के बाद सीतामढ़ी में हाहाकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** जिले के सुरसंड प्रखंड के भिट्ठा गांव के पास सोमवार शाम बाढ़ का कहर टूट पड़ा। नेपाल से छोड़े गए पानी और रातों नदी के तेज बहाव के कारण दिवारी मतौना मुख्य सड़क का सीमियाही गांव के समीप लगभग 25 फीट लंबा हिस्सा बह गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी यह सड़क भिट्ठा, सीमियाही, दिवारी मतौना समेत आसपास के कई गांवों को जोड़ती थी। सड़क टूटने से चार से पांच गांवों का संपर्क पूरी तरह कट गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सोमवार शाम करीब 5 बजे नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। तेज बहाव ने सड़क किनारे की मिट्टी काटनी शुरू की और कुछ ही घंटों में सड़क का बड़ा हिस्सा नदी में समा गया। इससे न केवल संपर्क मार्ग बाधित हुआ, बल्कि आसपास के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी भरने लगा।

करीब 200 घर पानी से घिर गए हैं, जबकि दर्जनों घरों में पानी घुस चुका है। लोग ऊंचे स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं। कई ग्रामीण नाव और ट्रैक्टर की मदद से सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं। बाढ़ में डूबने से खेतों की फसलें भी बर्बाद हो रही हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि नेपाल से अचानक पानी छोड़े जाने की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। यदि समय पर चेतावनी मिलती तो लोग पहले ही सुरक्षित स्थानों पर चले जाते। इस बीच, प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा ले रही है और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

सड़क टूटने से न केवल आम लोगों की आवाजाही बंद हो गई है, बल्कि आवश्यक सेवाएं, राशन और दवाइयों की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द अस्थायी पुल या वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए, ताकि संपर्क बहाल हो और राहत सामग्री पहुंच सके।

# विधायक ने कृमिनाशक दवा खाकर की फाइलेरिया मुक्ति अभियान की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** सदर अस्पताल के सभागार में समारोह आयोजित कर फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सदर विधायक जनार्दन पासवान ने सबसे पहले कृमि नाशक दवा खाई। लोगों ने तालिया बजाईं। इस प्रकार से अभियान का उद्घाटन किया। मौके पर सिविल सर्जन डा. जगदीश प्रसाद, अस्पताल उपाधीक्षक डा. पंकज कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने स्वास्थ्यकर्मी को सरकार और गैर सरकारी संस्थानों में जाकर सभी को दवा का सेवन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बुद्धजीवी वर्ग के लोगों से दवा का सेवन जरूर करने की अपील की।

कहा कि दवा का सेवन स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही करें। फाइलेरिया उन्मूलन की सफलता के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। जिला को फाइलेरिया से मुक्त किया जा सके इसके लिए सभी अपनी भागीदारी निभाएं।

उन्होंने कहा कि फाइलेरिया से बचाव आसान है, यदि हर व्यक्ति समय पर दवा ले और मच्छर नियंत्रण के उपाय अपनाए। सिविल सर्जन ने कहा कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि और स्वयंसेवी संगठन मिलकर कार्य करेंगे। ताकि अभियान सफल रहे। मौके पर दवा सेवन के लिए मौजूद लोगों का शपथ ग्रहण कराया गया। सिविल सर्जन ने अपील की कि लोग हाथी पांव जैसे गंभीर रोग से बचाव के लिए दवा का सेवन अवश्य करें। दवा में अल्बेंडाजोल के अलावा डीईसी और आइवरमेक्टिन शामिल किया गया है।भीबीड कंसल्टेंट अभिमन्यू कुमार ने बताया कि यह अभियान 25 अगस्त तक चलेगा। बताया कि नाइट ब्लड सर्वे में एक प्रतिशत से अधिक लोगों में फाइलेरिया प्रभावित होने की बात सामने आई है।

इसे देखते हुए हाथी पांव से बचाव को ले दवा सेवन कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि जिले की जनसंख्याः 12,85,772 है। दवा सेवन के लिए 11,57,194 का लक्ष्य रखा गया है।

इसके लिए 1486 बूथ बनाए गए हैं। उसके बाद मुख्य अतिथि ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को फाइलेरिया से बचाव के उपायों और आइडीए अभियान के महत्व के बारे में जागरूक करेगा।

## किराना दुकान में चोरी

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के ठनका चौक पर एक अनिल किराना स्टोर दुकान में अज्ञात चोरों ने एक चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिससे दुकानदारों में घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त था। पीड़ित दुकानदार काजी डुमरा गांव निवासी अनिल यादव ने बताया कि तीन दिनों से उनका किराना दुकान बंद था। अपने एक रिश्तेदार को लेकर पटना इलाज कराने गए थे। रविवार रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे के रास्ते से ताला तोड़ दुकान में रखे सभी कीमती सामानों की चोरी कर लिया है।

## पिकअप ने स्कूटी सवार दो महिला शिक्षिकाओं को मारी ठोकर

**बाढ़।** पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बहरामा गांव के पास फोरलेन पर एक तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी सवार दो महिला शिक्षिकाओं को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया।

घायल शिक्षिकाओं की पहचान उत्तर प्रदेश के प्रयागराज निवासी 22 वर्षीय आकांक्षा कुमारी और 25 वर्षीय आकांक्षा कुशवाहा के रूप में हुई है। दोनों पंडारक के डुमरिया स्थित स्कूल में पढ़ाती हैं और बाढ़ में किराए के मकान में रहती हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

# यौन शोषण मामले में महंथ को उम्रकैद



## एक लाख रुपये का अर्थदंड भी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के मधेपुरा कोर्ट ने नाबालिग से शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में दिव्य कबीर संस्थान, साहेबगंज इटहरी के महंत सुकृत सुमन उर्फ सुबोध साह को उम्रकैद और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला एडीजे-6 अमित कुमार पांडेय की अदालत ने सोमवार को सुनाया।

आलमनगर थाना क्षेत्र की एक 16 वर्षीय पीड़िता ने जुलाई 2014 में महंत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि महंत पहली बार 2012 में पीड़िता के गांव आया और जान-पहचान के बाद हर 1-2 महीने में बसनबाड़ा कबीर मठ आने लगा। इसी दौरान शादी का प्रलोभन देकर लगातार यौन शोषण करता रहा। पीड़िता ने बताया कि महंत उसके घर आने के साथ-साथ मोबाइल पर भी बात कर बहलाता-फुसलाता रहा। गर्भवती होने पर जब उसने शादी का दबाव बनाया, तो महंत ने संपर्क तोड़ लिया और घर आना बंद कर दिया।

जब वह मुरलीगंज स्थित संस्थान में उसे खोजने गई, तो वह वहां से फरार हो गया। स्पेशल पीपी विजय कुमार मेहता ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने इस मामले में 7 गवाहों का बयान दर्ज कराया। सभी सबूतों और दलीलों पर विचार करने के बाद अदालत ने महंत को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

CMYK

# बी. डी. कॉलेज की नवनियुक्त प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने संभाला पदभार

## नैक मूल्यांकन को बनाया पहली प्राथमिकता



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत बी. डी. कॉलेज को नई स्थायी प्राचार्या मिल गई है। सोमवार को ए. एन. कॉलेज के इतिहास विभाग में कार्यरत रही अनुभवी शिक्षाविद् प्रो. रत्ना अमृत ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. विवेकानंद सिंह ने उन्हें पदभार सौंपा। यह नियुक्ति राजभवन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लॉटरी प्रक्रिया के तहत हुई, जिसमें बी. डी. कॉलेज का प्रभार प्रो. अमृत को मिला। पदभार संभालने के बाद महाविद्यालय के सभागार में शिक्षकों की त्वरित बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. रत्ना अमृत ने स्पष्ट किया कि महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन और प्रत्यायन उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है जब सभी शिक्षक और कर्मचारी सामूहिक रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाएं और अपनी क्षमता का शत-प्रतिशत दें। संस्थान की प्रतिष्ठा हमारे सामूहिक प्रयासों पर निर्भर है। शिक्षा के क्षेत्र में लगभग तीन दशकों के अनुभव वाली प्रो. रत्ना अमृत ने अपने करियर में कई शैक्षणिक शोध, सेमिनार और अकादमिक समितियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने इतिहास विषय में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। ए. एन. कॉलेज में कार्यरत रहते हुए उन्होंने छात्रों को शोध परियोजनाओं, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामुदायिक जुड़ाव के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय में अकादमिक माहौल को और सशक्त करने के लिए पुस्तकालय संसाधनों का विस्तार, स्मार्ट क्लासरूम की संख्या में वृद्धि और छात्र-शिक्षक संवाद को बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि बी. डी. कॉलेज न केवल विश्वविद्यालय स्तर पर, बल्कि राज्य स्तर पर भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एक आदर्श संस्थान बने। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि प्राचार्या का स्वागत शिक्षकों और कर्मचारियों ने गर्मजोशी से किया और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। कॉलेज परिवार को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में संस्थान नए शैक्षणिक मानकों को हासिल करेगा।

# बिहार में मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार किसानों की आय वृद्धि, पोषण सुरक्षा और स्वरोजगार के अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मशरूम अवयव योजना (मशरूम किट एवं मशरूम हट) लागू कर रही है। इसका मुख्य लक्ष्य लघु एवं सीमांत किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों और युवा उद्यमियों को मशरूम उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन में प्रोत्साहित करना है। विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि योजना के लिए 1,396.75 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पैडी/ऑयेस्टर मशरूम किट की लागत 75 रुपये है जिस पर 90% यानी 67.50 रुपये, बटन मशरूम किट की लागत 90 रुपये है जिस पर 81 रुपये और बाल्टी मशरूम यूनिट की लागत 300 रुपये है जिस पर 270 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। पैडी/ऑयेस्टर और बटन मशरूम के लिए प्रति किसान न्यूनतम 25 और अधिकतम 100 किट जबकि बाल्टी मशरूम के लिए न्यूनतम 2 और अधिकतम 10 किट की सीमा तय की गई है। मशरूम हट निर्माण हेतु 1.795 लाख रुपये लागत पर 50% यानी 89,750 रुपये का अनुदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिलावार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को मशरूम उत्पादन की तकनीक सिखाई जाएगी। योजना का क्रियान्वयन राज्य के सभी 38 जिलों में किया जाएगा और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। विजय कुमार सिन्हा ने इसे किसानों की आय वृद्धि, नवाचार और पोषण सुरक्षा के लिए बिहार सरकार की एक प्रभावी पहल बताया और कहा कि अधिक से अधिक किसान इस योजना से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भर बनें। विजय कुमार सिन्हा ने यह भी कहा कि योजना के अंतर्गत प्राकृतिक परिस्थितियों में वर्षभर मशरूम उत्पादन के लिए 1500 वर्गफीट पर आधारित तकनीकी मॉडल को स्वीकृति दी गई है। इसमें झोपड़ी निर्माण, भूसे की उपलब्धता, स्पॉन, पॉलिथीन बैग, उपकरण और मिट्टी जैसी आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित किसानों के माध्यम से तकनीकी जानकारी का प्रसार कर स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता के अवसर बढ़ाए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य है कि इस पहल से न केवल किसानों की आय में वृद्धि हो, बल्कि बिहार को मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया जा सके।

# 36 हजार किमी से भी अधिक ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण का काम पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में ग्रामीण सड़कों की तस्वीर लगातार बदल रही है जिससे राज्य के ग्रामीण इलाकों का शहरों से सड़क सम्पर्क सुगम हो चुका है। बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण कार्य विभाग ने 40,252 किलोमीटर सड़कों की मरम्मति और रखरखाव की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है जिसमें से 37,026.185 किलोमीटर सड़कों की प्रारंभिक मरम्मती एवं 36,574.948 किलोमीटर सड़कों का सतही नवीनीकरण किया जा चुका है। इस योजना के तहत अबतक कुल 16,167 ग्रामीण सड़कों की मरम्मती की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसकी कुल लंबाई 40,252.831 किलोमीटर से भी अधिक है। इस पर 20 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की धनराशि खर्च की जा रही है। इसमें से 15 हजार, 404 सड़कों की प्रारंभिक मरम्मती का काम पूरा किया जा चुका है जिसकी कुल लंबाई 36,574 किलोमीटर से भी अधिक है। बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति- 2018 के तहत पूर्वी चंपारण में 2370.42 किलोमीटर से अधिक लम्बाई की ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। दूसरे स्थान पर पश्चिम चंपारण है जहां अब तक कुल 1984.01 किलोमीटर से अधिक सड़कों का रख-रखाव पूरा हो चुका है। इसी तरह मुजफ्फरपुर में 1644.85 किलोमीटर, सारण में 1570.11 किलोमीटर, समस्तीपुर में 1399.11 किलोमीटर, रोहतास में 1359.96 किलोमीटर, गयाजी में 1364.88 किलोमीटर, वैशाली में 1351.54 किलोमीटर, पटना में 1335.81 किलोमीटर, मधुबनी में 1242.03 किलोमीटर सड़कों का सतही नवीनीकरण व अनुरक्षण कार्यक्रम पूरा कर लिया गया है। बता दें कि बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति- 2018 के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करना है। इस योजना के तहत ग्रामीण सड़कों, पुलों का रख-रखाव और मरम्मती का कार्य किया जाता है। ताकि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में लम्बी अवधि तक संपर्कता प्रदान की जा सके।

# पुलिस की तत्परता एवं ज्वेलरी शॉप कर्मी के सहयोग से लूट की घटना को किया विफल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रीकृष्णापुरी थानांतर्गत बैंक में लगभग 18 लाख रूपये जमा करने जा रहे एक ज्वेलरी शॉप के कर्मी को 02 अपराधियों द्वारा पिस्टल का भय दिखा कर लूट करने का प्रयास किया गया जिस पर उक्त कर्मी द्वारा साहस के साथ अपराधियों का प्रतिकार किया। दोनों के बीच के संघर्ष के दौरान पुलिस को सूचना मिली। सूचना प्राप्त होते ही मोटरसाइकिल गश्ती दल उक्त घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को आता देख अपराधी पिस्टल फेंककर भाग गए तथा घटनास्थल से 01 पिस्टल बरामद किया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# बिहार में गुड़ उद्योग को मिलेगा नया जीवन, किसानों, निवेशकों के लिए सुनहरा मौका

## ▸ 25 अगस्त तक करें आवेदन ▸ सरकार दे रही अनुदान और तकनीकी सहयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार पारंपरिक उद्योगों को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में गन्ना उद्योग विभाग की ओर से चलाया जा रहा 'बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम (वित्तीय वर्ष 2025-26)' के तहत नए निवेशकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसकी अंतिम तिथि 25 अगस्त तय की गई है। यह योजना राज्य में गुड़ उत्पादन इकाइयों की स्थापना और आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

**निवेशकों को वित्तीय अनुदान एवं तकनीकी सहायता**

गन्ना किसानों/निवेशकों द्वारा गुड़ इकाई की स्थापना पर राज्य सरकार द्वारा 5-20 टन, 21-40 टन, 41-60 टन तथा 60 टन से अधिक प्रतिदिन पेराई क्षमता वाली इकाइयों को उनकी पूंजी लागत का 50% (क्रमशः अधिकतम 6 लाख, 15 लाख, 45 लाख एवं 1 करोड़) तक अनुदान का प्रावधान है। सरकार की इस योजना के अंतर्गत चयनित निवेशकों को वित्तीय अनुदान एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी। इससे ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना अंतर्गत सरकार की ओर से अनुदान और तकनीकी सहयोग, स्थानीय गुड़ उत्पादकों को बढ़ावा, छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन, साथ ही आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में भागीदारी का अवसर प्रदान करने का भी प्रावधान है। गुड़ उत्पादन बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक रूप से एक प्रचलित उद्योग रहा है, लेकिन समय के साथ इसमें तकनीकी आधुनिकीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सरकार का प्रयास है कि गुड़ उद्योग को संगठित और तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जाए ताकि यह राज्य की आर्थिक रीढ़ बन सके।

इच्छुक निवेशक पोर्टल पर जाकर 25 अगस्त , 2025 तक अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने जिले के संबंधित गन्ना अधिकारी से संपर्क करने की अपील की गई है।

**किसानों को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत 50-50 किसानों के समूह को 4 प्रशिक्षण देने का भी प्रावधान किया गया है।

# स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत मुख्यालय हाजीपुर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस उत्सव-2025 के उपलक्ष्य में आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे भारतीय रेल में 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रांगण में आज अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर आर.आर. प्रसाद तथा मुख्यालय के अन्य विभागाध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति में स्वच्छता के मुद्दों पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

# एसआईआर पर कांग्रेस-राजद का दोहरा रवैया उनकी हताशा का परिणाम : राजीव रंजन प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बिहार में एसआईआर को लेकर बेवजह सवाल उठाने वाले राष्ट्रीय जनता दल एवं कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मीडिया में जारी एक बयान में उन्होंने दोनों दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं और विपक्ष को अपनी हार की आहट साफ सुनाई देने लगी है, वैसे-वैसे उनकी भाषा और तेवर बदल रहे हैं। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले ये वही नेता हैं जिनका राजनीतिक इतिहास बूथ लूट,



बाहुबल और बोगस वोटिंग जैसे काले अध्यायों से भरा पड़ा है। आज जब बिहार और देश में मतदाता सूची को स्वच्छ एवं पारदर्शी बनाने के लिए एसआईआर जैसी प्रक्रिया लागू की गई है, तब कांग्रेस और राजद को अचानक से लोकतंत्र की चिंता सताने लगी है। यह वही दल हैं जिन्होंने अतीत में बाहुबली तत्वों को संरक्षण देकर खुलेआम बूथ कब्जा कराया और वोटरों के मताधिकार का हनन किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना नोटिस और जवाब के किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा। इसके बावजूद तेजस्वी यादव और राहुल गांधी संवैधानिक संस्था के खिलाफ झूठ और भ्रम फैलाने में लगे हुए हैं। तेजस्वी यादव खुद दो वोटर आईडी कार्ड रखने के मामले में शामिल पाए गए हैं, फिर भी नैतिक उपदेश देने से बाज नहीं आ रहे। वो खुलेआम चुनाव आयोग को धमकाने वाली भाषा बोल रहे हैं जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने याद दिलाया कि बिहार में बूथ लूट का पहला मामला 1957 में बेगूसराय के रचियाही गांव में दर्ज हुआ था जब कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थकों ने हथियारों के बल पर मतदान केंद्र पर कब्जा किया था। 1980 और 1990 के दशक में यह प्रवृत्ति चरम पर थी, जब सत्ता-प्रायोजित बाहुबलियों का आतंक चुनावी प्रक्रिया को बंधक बनाकर रखता था। बाहुबलियों को संरक्षण देने की राजनीतिक संस्कृति इन्हीं दलों की देन है।

# आध्यात्मिक सत्संग समिति के निर्विरोध अध्यक्ष बने रमेश गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आध्यात्मिक सत्संग समिति के निर्विरोध अध्यक्ष रमेश गुप्ता बने हैं। अध्यक्ष बनने पर आचार्य चंद्रभूषण मिश्र, मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के कार्याध्यक्ष विजय किशोर पुरिया और हनुमान गोयल, मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, सोसाइटी के सचिव दिनेश अग्रवाल, सीए सुबोध गोयल, प्रकाश अग्रवाल, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेश जलान, विनोद अग्रवाल, योग विशेषज्ञ विनोद झुनझुनवाला, वन बंधु परिषद के प्रदेश अध्यक्ष गणेश खेतड़ीवाल, महावीर अग्रवाल, बिनोद बंसल, गोपाल मोदी, मुकेश हिसारिया, नंद किशोर अग्रवाल, राम लाल खेतान, कमल नोपनी ने बधाई दी। इस मौके पर रमेश गुप्ता ने कहा कि अध्यक्ष पद को जिम्मेवारी पूरे कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाऊंगा। साथ ही समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से समिति के कार्यकलापों को नई ऊंचाई तक ले जाने का हर संभव प्रयास करूंगा।

# बेहतरीन कार्य करने वाली पंचायतों, अंचलों और जिलों को किया जाएगा पुरस्कृत

## राजस्व विभाग की तरफ से आयोजित महाअभियान को सफल बनाने की कवायद तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्तर से पूरे राज्य में 16 अगस्त से 20 सितम्बर 2025 तक राजस्व महा-अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बड़े स्तर पर आयोजित होने वाले इस अभियान की पहुंच घर-घर तक करने तथा इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए इस कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को पुरस्कृत करने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही इस महा-अभियान में सहभागिता करने वाले सभी जन प्रतिनिधियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि राज्य में पहली बार बड़े पैमाने पर राजस्व महा-अभियान का आयोजन कर सभी जमाबंदी को अपडेट करने की शुरुआत की जा रही है। इस महा-अभियान को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को पुरस्कृत किया जाएगा। ये पुरस्कार तीन स्तरों पर दिया जाएगा। एसीएस श्री सिंह ने बताया कि सभी जिलों के अंचल स्तर पर बेहतरीन काम करने वाले तीन पंचायतों का चयन कर इस कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मियों एवं जनप्रतिधियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसी तरह जिला स्तर पर बेहतरीन तीन अंचलों का चयन उनके कार्य के आधार पर करके उन्हें जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। राज्य स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले तीन जिलों को पुरस्कार देने की योजना बनाई गई है। महा-अभियान के सफलतम समापन के उपरांत बड़े स्तर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। बताते चलें कि महा-अभियान की सफलता के लिए गत रविवार को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में विभिन्न सेवा संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित संघों में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, बिहार राजस्व सेवा संघ, यूनाइटेड राजस्व सेवा संघ, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी संघ, मुखिया संघ, पंच-सरपंच संघ, ग्राम कचहरी सचिव संघ, पंचायत सचिव संघ, बिहार राजस्व अमीन संघ, बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (गोप गुट), बिहार राज्य जिला परिषद संघ, वार्ड सदस्य संघ एवं ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ के प्रतिनिधियों ने महा अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता का आश्वासन देने के साथ ही इसकी सफलता के लिए कई सुझाव भी दिए थे।

# विधानसभावार कांग्रेस ने नियुक्त किये एस.सी, एस.टी, इबीसी, ओबीसी आब्जर्वर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने बिहार में एसआईआर के नाम पर हो रही वोट चोरी के खिलाफ सामाजिक न्याय का नया मोर्चा तैयार किया है। पार्टी ने इसके लिए विधान सभावार एस.सी,एस.टी, इबीसी,ओबीसी आब्जर्वर नियुक्त किया है। इतना ही नहीं बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में नवनियुक्त सभी आब्जर्वर को इस काम के लिए बाजाप्ता ट्रेनिंग भी दी गयी। प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग अलग-अलग तरीके से बिहार में वोट की चोरी कर रहा है। राज्य के मुजफ्फरपुर, जमुई और छपरा समेत लगभग सभी विधान सभा क्षेत्रों में ये देखा गया कि एक-एक घर में तीन-तीन सौ लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं। हद तो ये कि एक ही घर में अलग-अलग जाति और धर्म के लोगों के नाम जोड़ दिये गये हैं। इसी के साथ बड़े पैमाने पर लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित एस.सी,एस.टी, इबीसी,ओबीसी मतदाता हुए हैं।

# बरसात के दिनों में पशुओं को बिजली के खंभे से न बांधे पशुपालक

## पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों के विरूद्ध करवा दें टीकाकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बरसात के मौसम में पशुओं की देखभाल महत्वपूर्ण चुनौती होती है। इसे देखते हुए बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने सलाह जारी कर पशुओं को बिजली से खंभे से नहीं बांधने की सलाह दी है क्योंकि बरसात के मौसम में विद्युत उपकरणों से जानमाल को खतरा रहता है। साथ ही बरसात में पशुओं की उचित देख-रेख कैसे करें इसके बारे में भी बताया गया है। विभाग द्वारा जारी सलाह में कहा गया है कि पशुघर में आवश्यकता से अधिक पशुओं को एकत्रित न करें, बारिश के दौरान पशुओं को बाहर न निकालें, पानी को एक जगह पर एकत्रित नहीं होने दें जिससे मच्छड़ का प्रकोप न हो एवं परजीवी संक्रमण को रोका जा सके। पशुओं की उचित देखरेख के लिए बरसात के पहले पशुओं के पशुशाला की छत की मरम्मती कर दें जिससे बारिश का पानी न टपके। पशुशाला की खिड़कियां खुली रखें तथा गर्मी एवं उमस से बचने के लिए पंखों का उपयोग करें। पशुशाला में पशुओं के मल-मूत्र की निकासी का भी उचित प्रबंधन करें। पशुशाला को दिन में एक बार फिनाइल के घोल से अवश्य साफ करें जिससे बीमारी फैलाने वाले बैक्टिरिया कम हो सके। नियमित अंतराल पर कीटनाशक का भी छिड़काव करें। पशुशाला में शुद्ध ताजा पानी पीने की व्यवस्था करें एवं चारा एवं पानी की व्यवस्था पशुशाला के नजदीक ही रखें। बरसात के दिनों में तालाबों एवं जलाशयों में पशुओं को न ले जायें और कोशिश करें कि पशु को बाल्टी से साफ एवं ताजा पानी पिलाएं। पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों के विरूद्ध टीकाकरण करवा दें। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की ओर से जारी सलाह में कहा गया है कि मृत पशुओं को दफनाने की व्यवस्था नदी और तालाब आदि से दूर रखें। जलाशय और चारागाह के रास्ते में पशुओं को न दफनाएं। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की इन सलाह को मानकर पशुपालक अपने पशुओं की उचित देख-रेख कर सकते हैं। ऐसा करने से किसान और पशुपालक आर्थिक तौर पर समृद्ध होंगे।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जन्माष्टमी भले ही अभी आने वाली हो, लेकिन टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को ही उत्सव का रंग चढ़ गया। अवसर था फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का जिसमें मॉन्टेसरी से प्राइमरी वर्ग तक के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने भगवान कृष्ण, बलराम, राधा और बाल सखा के रूप में मंच पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में मटकी फोड़, रासलीला और माखन चोरी जैसे पारंपरिक मंचन ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। राधा के रूप में कास्वी सिन्हा, अदिति किशन, कितांशु मंडल, निष्ठा, नव्य, वेदिका, युविका, आरोही और यशिका ने अपनी सुंदर अदाओं से दर्शकों को मोहित किया। वहीं कृष्ण के रूप में अनुनय, विराट राज, कुंज, अथर्व, हर्ष, करण सिंह और रेयांश ने अपने अभिनय से सभी का दिल जीत लिया। विशेष अतिथि मुंबई के प्रसिद्ध लाइव बैंड के मुख्य गायक अंकित सिन्हा ने बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना की। विद्यालय के निदेशक राजीव भार्गव एवं प्रधानाचार्य शिवानी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

# बिहार में पहली बार रोबोटिक-असिस्टेड कार्डियक बाईपास सर्जरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के चिकित्सा क्षेत्र में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना ने राज्य की पहली रोबोटिक-असिस्टेड कार्डियक बाईपास सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर चिकित्सा जगत में नई मिसाल कायम की है। यह उपलब्धि कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के निदेशक और देश के अग्रणी कार्डियक सर्जन डॉ. अरविंद कुमार गोयल के नेतृत्व में संभव हुई। यह जटिल सर्जरी 55 वर्षीय मरीज पर की गई जो गंभीर कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित थे। पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी में जहां मरीज की छाती की हड्डी काटनी पड़ती है, वहीं इस अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक के माध्यम से छोटे-छोटे चीरे लगाकर सर्जरी की गई। इससे मरीज को




कम दर्द, न्यूनतम रक्तस्राव, तेज रिकवरी और संक्रमण के बेहद कम खतरे जैसे महत्वपूर्ण लाभ मिले।

डॉ. अरविंद कुमार गोयल, निदेशक- सीटीवीएस, जय प्रभा मेदांता, पटना ने कहा यह उपलब्धि बिहार के लिए एक बड़ी चिकित्सा छलांग है। रोबोटिक-असिस्टेड तकनीक सर्जन की विशेषज्ञता को उच्चतम स्तर की रोबोटिक सटीकता से जोड़ती है जिससे जटिल बाईपास सर्जरी भी बेहद कम इनवेसिव तरीके से की जा सकती है। इस तकनीक से मरीज न केवल जल्दी स्वस्थ होते हैं बल्कि अपनी सामान्य दिनचर्या में भी शीघ्र लौट पाते हैं। हमारा उद्देश्य है कि बिहार के लोगों को ऐसे विश्व स्तरीय उपचार के लिए अब राज्य से बाहर न जाना पड़े। डॉ. रवि शंकर सिंह, मेडिकल डायरेक्टर, जय प्रभा मेदांता, पटना ने इस विषय पर कहा यह सिर्फ तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि हमारे उस संकल्प का प्रमाण है कि हम बिहार के हर नागरिक को यहीं, अपने राज्य में नवीनतम और सर्वोत्तम हृदय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करें। यह सर्जरी हमारे मिशन का हिस्सा है जिसके तहत हम चाहते हैं कि गंभीर हृदय रोगियों को समय पर और सर्वोत्तम उपचार यहीं उपलब्ध हो। जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना की यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल राज्य के चिकित्सा मानकों को नई ऊंचाई पर ले गई है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि अब बिहार में ही अत्याधुनिक, सटीक और सुरक्षित हृदय उपचार उपलब्ध है- वही गुणवत्ता, वही तकनीक, जो अब तक केवल देश के चुनिंदा बड़े शहरों में मिलती थी।

# बिहार में 'इंटेंसिफाइड कैंपेन' का शुभारंभ

## बी. डी. कॉलेज के एनसीसी एवं एनएसएस छात्रों की सक्रिय भागीदारी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा आज ए. एन. कॉलेज, पटना में 'इंटेंसिफाइड कैंपेन' के शुभारंभ हेतु एक भव्य एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को एचआईवी एवं यौन संचारित रोगों के कारणों, बचाव और रोकथाम के तरीकों के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान अगले दो महीनों तक संपूर्ण बिहार में संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा श्री अनुग्रह नारायण सिंह एवं सत्येंद्र नारायण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद मंच पर युवाओं की प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। पोस्टर प्रतियोगिता और स्टेज ड्रामा प्रतियोगिता में पटना के 25 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से एचआईवी के प्रति जागरूकता और सामाजिक कलंक से लड़ने का सशक्त संदेश दिया।

## संपादकीय

# संसद में हंगामा, विपक्ष क्या चाहता है?

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है। कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। लेकिन, इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ रहा है। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं। विपक्ष चाहता है कि सरकार स्पेशल इंटेनशिव रिवीजन यानी एसआईआर पर चर्चा कराए। लेकिन, सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है। दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए हैं, न कि कामकाज ठप कराने के लिए। मॉनसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि स्ढ्ढक्र पर हंगामा होगा। इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरुआत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, कई पेच फंसे हैं इसमें। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें। खैर, चुनाव आयोग एसआईआर की जरूरत को बता चुका है और शीर्ष अदालत ने भी उसे माना है। वहीं, इस पर चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है तो बातचीत से इसका हल निकालना होगा ताकि संसद का कामकाज सुचारू रूप से चल सके। लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। उसे अपना यह दायित्व समझना चाहिए।

**नेताओं ने राहुल जी को इस विषय पर ट्यूशन दी? क्या उन्होंने जाने-अनजाने में कांग्रेस नेता से फर्जी मतदाता की बात करवाकर एक प्रकार से बिहार में हो रहे गहन पुनरीक्षण को परोक्ष रूप से समर्थन ही दे दिया? यही तो चुनाव आयोग कह रहा है कि मतदाता सूची से गड़बड़, अयोग्य और फर्जी मतदाताओं को हटाने के लिए ही बिहार में पूरी कवायद चल रही है। उसे लेकर राहुल जी के मित्र- परिवारवाद के दूसरे प्रतिनिधि तेजस्वी यादव मोर्चा खोले हुए हैं और यहां परिवारवाद के प्रथम प्रतिनिधि पुष्टि कर रहे हैं कि पुनरीक्षण जरूरी क्यों है। मुझे तो लगा कि कहीं राहुल जी तेजस्वी के दो वोटर कार्ड के विषय को ही न उठा लें, जिस रफ्तार से वह 'एटॉमिक' खुलासे कर रहे थे। इससे बड़ा फ्रॉड क्या होगा कि एक नेताजी के दो वोटर कार्ड हैं और उन्होंने एक कार्ड पटना की प्रेस वार्ता में दिखाया था और अब चुनाव आयोग के तलब करने पर जवाब देते नहीं बन रहा है।**

# चुनाव आयोग पर फर्जी आरोपों का सुतली बम

(शहजाद पूनावाला)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पावरपॉइंट प्रेसवार्ता का अगर सही मूल्यांकन किया जाए, तो यह एटम बम कम और सुतली बम ज्यादा थी। आवाज और शोर तो खूब हुआ, पर निकला कुछ नहीं। दावे बड़े, दर्शन छोटे। वैसे सुप्रीम कोर्ट की हाल की टिप्पणियों के बाद, जिसमें कोर्ट ने राहुल को सेना विरोधी बयानों के लिए जमकर फटकारा था, उनकी विश्वसनीयता वैसे भी न्यूनतम स्तर पर है। राफेल, पेगासस, वीर सावरकर, आरएसएस पर अपने दिए गए बयानों के चलते पहले भी कोर्ट से उनको फटकार मिल चुकी है, पर आधुनिक राजनीति के इन नेता की झूठ की दुकान में सामान खत्म होने का नाम ही नहीं लेता!

सेना पर अनर्गल बयानबाजी के बाद अब कांग्रेस के बयान बहादुर ने चुनाव आयोग पर, जो एक सांविधानिक संस्था है, निशाना साधा है। 7 अगस्त, 2025 को राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनावों में बड़े पैमाने पर मतदाता धोखाधड़ी का आरोप लगाया। दावा किया कि चुनाव आयोग ने कर्नाटक और महाराष्ट्र में मतदाता सूचियों में हेरफेर के लिए भाजपा के साथ सांठगांठ की। उन्होंने कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा सीट पर 1,00,250 से अधिक फर्जी वोटों के सुबूत का हवाला दिया, जिसमें नकली मतदाता, फर्जी पते और अमान्य फोटो शामिल हैं। कांग्रेस नेता ने इसे आपराधिक धोखाधड़ी करार दिया है।

हैरानी की बात है, किन नेताओं ने राहुल जी को इस विषय पर ट्यूशन दी? क्या उन्होंने जाने-अनजाने में कांग्रेस नेता से फर्जी मतदाता की बात करवाकर एक प्रकार से बिहार में हो रहे गहन पुनरीक्षण को परोक्ष रूप से समर्थन ही दे दिया? यही तो चुनाव आयोग कह रहा है कि मतदाता सूची से गड़बड़, अयोग्य और फर्जी मतदाताओं को हटाने के लिए ही बिहार में पूरी कवायद चल रही है। उसे लेकर राहुल जी के मित्र- परिवारवाद के दूसरे प्रतिनिधि तेजस्वी यादव मोर्चा खोले हुए हैं और यहां परिवारवाद के प्रथम प्रतिनिधि पुष्टि कर रहे हैं कि पुनरीक्षण जरूरी क्यों है। मुझे तो लगा कि कहीं राहुल जी तेजस्वी के दो वोटर कार्ड के विषय को ही न उठा लें, जिस रफ्तार से वह 'एटॉमिक' खुलासे कर रहे थे। इससे बड़ा फ्रॉड क्या होगा कि एक नेताजी के दो वोटर कार्ड हैं और उन्होंने एक कार्ड पटना की प्रेस वार्ता में दिखाया था और अब चुनाव आयोग के तलब करने पर जवाब देते नहीं बन रहा है।

प्रेस वार्ता में राहुल गांधी ने लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव नाम के एक वोटर का एपिक नंबर पेश करते हुए दावा किया कि यह शख्स कर्नाटक के अलावा लखनऊ में भी वोटर है। यही नहीं, उन्होंने उसे महाराष्ट्र में भी मतदाता सूची में दर्ज दिखाया। कई न्यूज चैनल ने जब इसका फैक्ट चेक किया, चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर 'वोटर सर्च' पोर्टल के जरिये सत्यापन और जांच में जो नतीजे सामने आए, वे राहुल गांधी के दावे से मेल नहीं खाते हैं। कर्नाटक की वोटर लिस्ट में 'आदित्य श्रीवास्तव' नाम का एक व्यक्ति दर्ज है, लेकिन लखनऊ और महाराष्ट्र, दोनों स्थानों पर जब उसी नाम और एपिक नंबर से खोज की, तो 'नो रिजल्ट फाउंड' दिखाया। साफ है कि आदित्य श्रीवास्तव फिलहाल लखनऊ का वोटर नहीं है। चुनाव आयोग की वेबसाइट के मुताबिक, उसका नाम महाराष्ट्र के किसी मतदाता सूची में भी नहीं है।



कुल मिलाकर, आधे घंटे के भीतर ही राहुल जी का एटम बम फर्जी आरोपों का सुतली बम बन गया। कर्नाटक, महाराष्ट्र इत्यादि के मुख्य चुनाव अधिकारियों ने तुरंत राहुल गांधी से उनके दावों को हलफनामे सहित जमा करने का अनुरोध किया, ताकि शिकायत पर न्याय संगत कार्रवाई कर सकें, लेकिन जैसे ही यह किया गया, राहुल गांधी पीछे हट गए और कहा कि उनका शब्द ही शपथ की तरह है। अपनी विश्वसनीयता के लिए राहुल गांधी को निर्वाचन नियमावली-1960 के नियम के तहत मतदाता सूची में कथित अयोग्य मतदाताओं के नाम घोषणा/शपथ के साथ जमा करने चाहिए। यदि वे ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि उनके पास कोई वास्तविक मुद्दा नहीं है और वह केवल सियासी नाटक कर रहे हैं। वह तथ्यों को धुंधला कर रहे हैं, लोगों के मन में चुनाव आयोग के प्रति संदेह पैदा कर रहे हैं और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए जिम्मेदार सांविधानिक संस्था की छवि को धूमिल कर रहे हैं। यह केवल 'हिट ऐंड रन' था और कुछ नहीं!

वैसे राहुल गांधी के लिए यह कोई नई बात नहीं है। उनके ज्यादातर दावे - पेगासस, राफेल, हिंडनबर्ग कोर्ट या न्यायिक पटल पर टिक नहीं पाते हैं। महाराष्ट्र के संदर्भ से राहुल जी ने अलग-अलग समय पर अलग-अलग आंकड़े दिए हैं। कभी कहा कि एक करोड़ नए वोटर जुड़े हैं, तो कभी 70 लाख, तो कभी 40 लाख। हरियाणा में भी चुनाव आयोग को जब हार के लिए दोष दिया, तो उन्हीं की पार्टी की वरिष्ठ नेत्री कुमारी शैलजा ने कहा कि हार का कारण कांग्रेस खुद थी, न कि चुनाव आयोग। वैसे लोग जानते हैं, हर चुनाव में कांग्रेस ईवीएम को दोष देती रही है। अनेक बार यह बात सामने आ चुकी है कि ईवीएम से फर्जीवाड़ा नहीं किया जा सकता, तो विपक्षी नेताओं ने ईवीएम छोड़कर अब नया शिगूफा शुरू किया है।

प्रेस वार्ता समाप्त होते-होते राहुल जी ने चुनाव आयोग को धमकी भी दे दी। कहा कि अगर हमारी बात नहीं मानेंगे, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। अब स्पष्ट है, यह ईसीआई नहीं, ईएमआई का मामला है- इमरजेंसी माइंडसेट ऑफ इंदिरा। इंदिरा जी को लगता था 'इंदिरा इज इंडिया' और राहुल जी को लगता है कि उनका परिवारतंत्र - संविधान और लोकतंत्र से ऊपर है! जब चुनाव जीत जाते हैं, तो उनको चुनाव आयोग निष्पक्ष नजर आता है और जब हारने लगते हैं, तो चुनाव आयोग पर निशाना साध लेते हैं। यह संविधानिक संस्थाओं के प्रति चयनात्मक रवैया है।

यह बड़ी त्रासद विडंबना है कि देश को कभी नवीन चावला और एमएस गिल जैसे चुनाव आयुक्त देने वाली कांग्रेस अब चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर बार-बार सवाल उठाती है?

(लेखक राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा है)।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# 'रक्षा' के लिए 'बंधन' भी स्वीकार करना होगा

(प्रणय विक्रम सिंह )

रक्षा यह शब्द जीवन के हर क्षेत्र में स्थिरता, शांति और संतुलन का आश्वासन है। किंतु यह आश्वासन कोई स्वतःसिद्ध वरदान नहीं। रक्षा की कामना करने वाले को बन्धन स्वीकार करना ही पड़ता है। यह बन्धन ही अनुशासन है, यह बन्धन ही मर्यादा है, और यही बन्धन रक्षा को संभव बनाता है।

जो व्यक्ति अथवा समाज सुरक्षा चाहता है, उसे पहले यह समझना होगा कि रक्षा का आधार केवल बाहरी शक्ति नहीं, बल्कि आंतरिक संयम भी है। बिना बन्धन के रक्षा का कोई अस्तित्व नहीं। जैसे नदी अपने तटों के बन्धन में बहकर ही जीवनदायिनी बनती है, वैसे ही समाज अपने नियमों और मर्यादाओं के बन्धन में रहकर ही सुरक्षित और समृद्ध हो सकता है।

रक्षक का धर्म भी इसी सिद्धांत से बंधा है। चाहे वह सैनिक हो, पुलिसकर्मी हो, गुरु हो, अभिभावक हो या कोई भी संरक्षक। उसकी अपनी प्रतिज्ञाएं होती हैं। अपने आदर्श होते हैं। ये आदर्श ही उसके कार्य को पवित्रता और वैधता प्रदान करते हैं। जिस क्षण रक्षक अपने आदर्शों से विचलित होता है, उसी क्षण उसकी रक्षा-शक्ति क्षीण होने लगती है।

सच तो यह है कि रक्षा और बन्धन, दोनों एक ही सूत्र के दो छोर हैं। रक्षा का अर्थ है अमंगल का निवारण और मंगल का संवर्धन। और यह तभी संभव है, जब रक्षक और संरक्षित दोनों अपने-अपने बन्धनों को हृदय से स्वीकार करें। रक्षक के लिए बन्धन है सत्य, कर्तव्य और त्याग। संरक्षित के लिए बन्धन है विश्वास, अनुशासन और सहयोग।

हमारे शास्त्रों ने भी इस गूढ़ सत्य को अनेक हृदयस्पर्शी रूपों में व्यक्त किया है। रक्षाबंधन का पर्व इसी भाव का उत्सव है जहां एक पवित्र सूत्र बंधता है, जो केवल बहन की कलाई और भाई की प्रतिज्ञा के बीच का संबंध नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन में मर्यादा और सुरक्षा के सहअस्तित्व का प्रतीक है।

अतः यह स्मरण रहे कि रक्षा कोई मुक्त छूट नहीं देती, बल्कि हमें उन नियमों में बांधती है, जो हमारे अस्तित्व को संरक्षित रखते हैं। बन्धन को त्यागकर रक्षा की कल्पना करना ऐसा ही है, जैसे तटों को तोड़कर नदी से जीवन की अपेक्षा करना। जो रक्षा चाहता है, उसे बन्धन स्वीकार करना होगा और यही बन्धन हमारे भविष्य का सबसे दृढ़ कवच है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# बदलते युग में किताबों का बढ़ता महत्व

(सुभाष बुड़ावन वाला)

हर वर्ष 9 अगस्त को राष्ट्रीय पुस्तक प्रेमी दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन लोगों के लिए समर्पित है, जिन्हें पढ़ने से प्रेम है, जिनके लिए पुस्तकें सिर्फ ज्ञान का साधन नहीं, बल्कि आत्मिक संतुलन और मानसिक यात्रा की दिशा होती हैं। लेकिन आज के समय में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हम वास्तव में अभी भी 'पुस्तक प्रेमी' समाज रह गए हैं?कुछ दशक पहले तक पुस्तकें ज्ञान, मनोरंजन और जीवन मूल्यों का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत थीं। घर में एक छोटी-सी लाइब्रेरी होना गर्व की बात होती थी। जो लोग पुस्तकें खरीद नहीं पाते थे, वे नगर पालिकाओं या संस्थागत पुस्तकालयों का सहारा लेते थे। वहां एक अकाउंट खुलता था, किताबें इश्यू होती थीं, और पढ़कर वापस कर दी जाती थीं। यह एक संस्कार था, ज्ञान साझा करने का संस्कार। मगर डिजिटल युग के आगमन के बाद यह परंपरा धीरे-धीरे सिमटती चली गई। आज स्मार्टफोन, टैबलेट और इंटरनेट ने न सिर्फ पुस्तकों की जगह ले ली है, बल्कि लोगों की एकाग्रता, धैर्य और अध्ययनशीलता को भी प्रभावित किया है। कई ऐतिहासिक और प्रमुख पुस्तकालयों पर ताले लग चुके हैं या अवैध कब्जे हो चुके हैं। युवाओं की एक पूरी पीढ़ी इन अनुभवों से अनभिज्ञ है। वे 'रील्स' में जीवन तलाशते हैं और 'मैसेज' में भावनाएं।हालांकि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने लेखन को लोकतांत्रिक रूप दिया है। अब कोई भी व्यक्ति अपनी बात कह सकता है, पोस्ट कर सकता है, साझा कर सकता है। इससे अनेक नए लेखक और विचारक सामने आए हैं, जो समाज के जमीनी मुद्दों को उठा रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह डिजिटल लेखन पारंपरिक साहित्यिक लेखन की गहराई, संवेदना और शोध की बराबरी कर सकता है? इसके साथ ही अब लेखन की दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने भी प्रवेश कर लिया है। यह लेखन को न केवल सरल बनाता है, बल्कि रचनात्मकता को एक नई दिशा भी देता है। पर जब सब कुछ 'तुरंत' मिलने लगता है, जैसे गूगल से आंकड़े, संदर्भ, उद्धरण, तो गंभीर और गहन चिंतन की आवश्यकता लोग कम महसूस करते हैं। यही कारण है कि आज के लेखन में सतहीपन मिलता है।इस बदलते परिदृश्य में यह जरूरी हो गया है कि हम पुस्तक प्रेम को फिर से पुनर्जीवित करें। बच्चों को लाइब्रेरी का संस्कार दें, युवाओं को डिजिटल लेखन के साथ-साथ परंपरागत साहित्यिक रचनाएं पढ़ने के लिए प्रेरित करें। पुस्तकों का संसार केवल जानकारी नहीं देता, वह दृष्टिकोण भी गढ़ता है।

# देश की बेटियों की अस्मिता पर बाबाओं का अनर्गल प्रलाप क्यों?

**कथावाचक अनिरुद्धाचार्य कहता है कि पच्चीस साल की लड़की कई जगह मुंह मार चुकी होती है। क्या किसी कानून या सरकार ने अब इन बहरुपिए कथा वाचको को देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगाने का अधिकार दे दिया है? कथा के नाम पर यह मात्र छठी कक्षा पढ़ा कथा वक्ता पिछले कुछ समय से जिस तरह की प्रश्नोत्तरी सोशल मीडिया पर वायरल कर प्रचार पा रहा है वह बेहद भौंडी और धर्म संस्कृति संस्कार सदाचरण से कोसो दूर है। अभी इस कथा वाचक का बयान समाज विशेषकर महिलाओं बच्चियों को मर्माहत कर रहा था कि इसी बीच पिछले कुछ समय में सोशल मीडिया पर छाकर अपनी पहचान बनाने वाले प्रेमानंद महाराज का बेहद आपत्तिजनक बयान वीडियो वायरल हो रहा है. इस वायरल वीडियो में प्रेमानंद महाराज लड़के और लड़कियों के चरित्र पर टिप्पणी कर रहे हैं।**

मनोज कुमार अग्रवाल

देश की करोड़ों बेटियां चिकित्सा अभियांत्रिकी सैना पुलिस शिक्षा स्वास्थ्य न्याय स्वरोजगार क्षेत्रों में धरती से लेकर अंतरिक्ष तक देश के लिए अपनी सेवाएं दे रही है क्या एक दो फीसदी पथ से भटकी लडकियों की वायरल रील को देश की तमाम नारी जगत के चरित्र के आकलन का मापदंड माना जा सकता है? लेकिन स्वयंभू बाबा इन दिनों देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगा रावणी अपराध कर रहे हैं हाल ही में एक कथावाचक का युवतियों को लेकर बेहद आपत्ति जनक बयान वायरल हुआ। जिसमें यह कथावाचक अनिरुद्धाचार्य कहता है कि पच्चीस साल की लड़की कई जगह मुंह मार चुकी होती है। क्या किसी कानून या सरकार ने अब इन बहरुपिए कथा वाचको को देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगाने का अधिकार दे दिया है? कथा के नाम पर यह मात्र छठी कक्षा पढ़ा कथा वक्ता पिछले कुछ समय से जिस तरह की प्रश्नोत्तरी सोशल मीडिया पर वायरल कर प्रचार पा रहा है वह बेहद भौंडी और धर्म संस्कृति संस्कार सदाचरण से कोसो दूर है। अभी इस कथा वाचक का बयान समाज विशेषकर महिलाओं बच्चियों को मर्माहत कर रहा था कि इसी बीच पिछले कुछ समय में सोशल मीडिया पर छाकर अपनी पहचान बनाने वाले प्रेमानंद महाराज का बेहद आपत्तिजनक बयान वीडियो वायरल हो रहा है. इस वायरल वीडियो में प्रेमानंद महाराज लड़के और लड़कियों के चरित्र पर टिप्पणी कर रहे हैं।

महाराज ने एक वायरल वीडियो में कहा है कि , 'आज के समय में 100 में से मुस्किल से दो-चार लड़कियां ही पवित्र होती हैं, बाकी सभी ब्वॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड के चक्कर में लगी हुई हैं.' प्रेमानंद महाराज का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। महाराज ने आगे कहा था, 'अगर कोई युवक 4 लड़कियों से संबंध बनाता है, तो वह अपनी पत्नी से संतुष्ट नहीं रह पाएगा, क्योंकि उसे व्यभिचार की आदत लग चुकी होती है. इसी तरह, जो लड़की चार पुरुषों से संबंध बना चुकी है, उसके अंदर एक पति को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं रहती.' इसके अलावा उन्होंने कहा कि 100 में से मुश्किल से दो-चार कन्याएं ही ऐसी होती हैं, जो पवित्र जीवन जीकर किसी एक पुरुष को समर्पित होती हैं।

समझ से परे की बात है कि इस तरह का बयान उन्होंने क्यों दिया? उनके पास इस देश की नारी शक्ति की पवित्रता मापने का कौन सा मापदंड है? समूचे देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगा रहे महाराज मात्र आठवीं तक की स्कूली शिक्षा पाए हैं सोशल मीडिया पर उनके एकांत वार्ता की हजारों रील प्रसारित है गुरू महिमा का बखान करने वाले एक बालक सक्षम की करुणा भरी आवाज़ में पार्श्व संगीत के साथ बजने वाले वायरल भजन ने बड़ी तादाद में लोगों को उनके प्रति आकर्षित किया है। कभी भक्तों की ओडी और महंगी गाड़ियों में कभी पैदल रात के दो तीन बजे अपने आवास से आश्रम की यात्रा के दौरान हजारों भक्तो के जमघट और जयकारे की रील खूब प्रचारित की जाती रही है। संघ प्रमुख मोहन भागवत क्रिकेट प्लेयर विराट अनुष्का या कुछ अन्य माननीय उन से भेंट करने आ चुके हैं यह उन्हें सर्वमान्य होने का अहसास कराता है लेकिन ख्याति को पचा पाना सब के वश की बात नहीं है उनके साथ भी यही हुआ है इसे मतिभ्रम की स्थिति ही कहा जाए कि इस सबके बावजूद उन्होंने भाषा और शालीनता की तमाम मर्यादाओं को तोड़कर जिस तरह की टिप्पणी देश की बेटियों की अस्मिता पर की है वह वास्तव में एक संत के मुख से शोभा नहीं देती है। न यह सच्चे संत की भाषा या विचार हो सकता है।

दरअसल इन दिनों सोशल मीडिया पर सैकड़ों पथ से भटक गयी युवतियों की अवांछनीय हरकतों की रील तरह तरह से वायरल कर इस तरह का वातावरण तैयार किया जा रहा है जिसमें युवतियों लड़कियों को आचरण हीन और मर्यादाहीन जीवन में रत होने का प्रचार किया जा रहा है। लेकिन इस तरह के अमर्यादित वस्त्र और व्यवहार मात्र एक दो प्रतिशत लड़कियां या युवतियां करती है ये सोशल मीडिया पर वायरल रील समूचे समाज की बानगी नहीं है यदि कोई इन रील के आधार पर समाज के चरित्र का आकलन करता है तो वह निरा मूर्ख है। अल्पशिक्षित कथा वक्ता इसी तरह का काम कर रहे हैं। महाराज बयान कर रहे हैं कि सौ में से दो चार ही कन्याएं ही ऐसी होती है जो पवित्र जीवन जीकर किसी एक पुरुष को समर्पित होती है। यह बयान निसंदेह एक संत का नही हो सकता है। यदि उनके अपने बेटी होती तो भी वह ऐसा असभ्यता अशालीन और अतार्किक बयान शायद नहीं करते।

इस तरह की बयानबाजी समाज में नर नारी के बीच आपसी विश्वास और संबंधों में दरार और संदेह उत्पन्न करेगी। खासकर ऐसे समय में जब भारतीय समाज नीले ड्राम वाली मुस्कान और हनीमून पर पति का कत्ल कराने वाली सोनम के दुराचरण से आहत हैं और युवाओं में विवाह के प्रति आकर्षण उतार पर है संदेह और अविश्वास को बढ़ाने वाले बयान देना समूचे समाज की मानसिकता में महिलाओं लड़कियों के प्रति संदेह और अविश्वास का बीजारोपण कर सकता है। हर शहर कस्बे में इन कथा वक्ता और महाराज के बयानों को लेकर महिलाओं खास कर लड़कियों में गहरी नाराजगी है लेकिन इन लोगों ने अपने बयान पर शर्मिंदगी जताने की इंसानियत भी नही दिखाई है। इनका ऐसा रवैया इनके दम्भ को दर्शाता है।

आपकों बता दें कि भारत के पुरातन वेदों शास्त्रों में नर नारी को न सिर्फ समान सम्मान और आदर से प्रतिष्ठित किया गया है वैदिक ऋचाओं में विश्ववारा गोधा सरमा अपाला घोषा शची लोपामुद्रा भारतीय नारी ऋषियों का बेहद सम्मान पूर्ण स्थान रहा है इतना ही नहीं शास्त्रों में वर्णित सप्तऋषियों में भी एक अरूंधती महिला सप्तऋषि स्थान पर पदस्थ की गयीं जिस सनातन संस्कृति में नारी का इतना उच्च व गौरवशाली स्थान रहा है सीता सावित्री गार्गी के चरित्र अनुपम हैं देश की युवा पीढ़ी की बच्चियों को भारतीय नारियों के गौरवशाली अतीत को स्मरण कराने की जरूरत है न कि उन के चरित्र हनन करने की। इस तरह के अतिरंजित घृणा भरे बयान भारतीय युवा पीढ़ी की बच्चियों के ह्रदय में सुधार के स्थान पर कुंठा और अवसाद को जन्म देगा। जिन वेदों की ऋचाओं को स्वयं नारी ऋषियों ने गढ़ा कालांतर में मध्ययुगीन काल में महिलाओं को ही वेदों के पठन पाठन का अधिकारी नहीं होने का शिगूफा कुछ तत्कालीन धर्म के स्वयंभू ठेकेदारों ने छोड़ा आज भी इस तरह के कथा वक्ता और महाराज कालनेमियो की तरह नारी के प्रति बेहद घृणास्पद चरित्र हनन करने वाली बदजुबानी कर नारी सम्मान और अस्मिता पर लांछन लगा रहे हैं।

रील के प्रचार प्रसार के बूते पर समाज में दबदबा बनाने वाले इन लोगों को जानना चाहिए ऋग्वेद में नारी के लिए लिखा है स्त्री हि ब्रह्मा वभुविथ यानि नारी ब्रह्मज्ञान की अधिष्ठाता है वह स्वयं विदुषी होती है संतान को सुशिक्षित बनाती है। भारतीय नारी आज भी संसार में अपने उज्जवल चरित्र के लिए पहचान रखती है देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर एक महिला सुश्री द्रोपदी मुर्मू देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के राज्यपाल पद पर महिला सुश्री आनंदी बेन कुशलता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहीं हैं तो देश की बेटी विंग कमांडर सोफिया कुरैशी आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सीमा पर जबाव देती है तो सुप्रीम कोर्ट में महिला न्याय मूर्ति बी बी नागरत्ना देश की नारी जगत की गरिमा को अभिवृद्धि कर रहीं हैं।

# नाराज विधायक ने कालेज में जड़ा ताला

## नामांकन कार्य ठप




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** अरविंद कुमार नामक छात्र का नामांकन नहीं लेने से भड़के विधायक अरूप चटर्जी ने सोमवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज निरसा में तालाबंदी कर सभी कर्मियों को बाहर निकाल दिया। इससे कॉलेज में नामांकन कार्य बंद हो गया। कई छात्र नामांकन नहीं करा सके। जबकि आज नामांकन की अंतिम तिथि थी।

कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि छात्र अरविंद कुमार बिना सीएलसी दिए नामांकन लेने के लिए आया हुआ था। जब उससे सीएलसी की मांग की गई तो 15 दिनों का समय मांगा और नामांकन ले लेने की बात कही।

इसपर प्रबंधन ने कहा कि बिना सीएलसी के हमलोग किसी भी छात्र का नामांकन नहीं ले सकते हैं। यह नियम के विरुद्ध होगा। अरविंद के नामांकन नहीं लेने के बारे में जब विधायक अरूप चटर्जी को जानकारी हुई तो वह काफी नाराज हो गए।

कॉलेज प्रबंधन पर तत्काल अरविंद का नामांकन ले लेने तथा 15 दिनों के अंदर सीएलसी जमा करा देने की बात कही। मगर प्रबंधन इसके लिए तैयार नहीं हुआ और बिना सीएलसी के अरविंद का नामांकन लेने से साफ इनकार कर दिया।

नामांकन करवाने आए विद्यार्थियों एवं उनके विभाग को समझाते कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गणेश प्रसाद एवं अन्य।

इससे नाराज विधायक चटर्जी कॉलेज पहुंचे तथा संस्थान से सभी लोगों को निकाल कर तालाबंदी कर दी। इसके कारण अन्य बच्चों का भी नामांकन बंद हो गया। कॉलेज में नामांकन के लिए झारखंड के विभिन्न जिलों से विद्यार्थी आए हुए हैं। नामांकन करवाने आए विद्यार्थी संस्थान परिसर में इस उम्मीद में रुके हुए हैं कि शायद उनका नामांकन हो जाए।

# रिम्स निदेशक को मिली धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को वॉट्सऐप कॉल पर 15 दिनों के अंदर रांची से बाहर करने की धमकी मिली है।

धमकी देने वाले ने खुद को चंदन कुमार बताते हुए कहा कि वह 15 दिनों के अंदर डॉ. राजकुमार को रांची से बाहर करा देगा। इस मामले में डॉ. राजकुमार ने बरियातू थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी चंदन कुमार ने इससे पहले मई महीने में डॉ. राजकुमार से मुलाकात की थी और खुद को रांची के विनायक हास्पिटल का सीईओ बताया था।

मुलाकात के दौरान उसने रिम्स में ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित कुछ मांगें रखी थीं। मांगें पूरी न होने पर उसने धमकी दी। डॉ. राजकुमार ने बताया कि धमकी के बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। बरियातू थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुट गई है और वॉट्सऐप कॉल के नंबर की जांच कर रही है। साथ ही चंदन को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

# पंचायत उन्नति सूचकांक पर जिलास्तरीय प्रसार कार्यशाला

## पंचायत स्तर पर करें विकास कार्य, इससे जिले का होगा सर्वांगीण विकासः उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** पंचायती राज विभाग, खूंटी द्वारा आज गोल्डन पैलेस स्थित सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर जिलास्तरीय प्रसार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त आर. रॉनिटा एवं अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

स्वागत संबोधन देते हुए जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक के तहत गांव और पंचायत में किए गए अच्छे कार्यों को लेकर खूँटी जिला को राज्य में दूसरा स्थान मिला है। उन्होंने पंचायत स्तर पर किए जा रहे कार्यों को पोर्टल पर दर्ज करने पर बल दिया, जिससे राज्य स्तर पर उपलब्धियां दर्ज हो सकें। कार्यक्रम में उपायुक्त ने पंचायत उन्नति सूचकांक पुस्तक का विमोचन किया और कहा कि पंचायत विकास से हीं जिले एवं राज्य का विकास संभव है।

यह सूचकांक पंचायतों के प्रदर्शन का आकलन कर सही दिशा में सुधारात्मक कदम उठाने का माध्यम है। उन्होंने मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। साथ हीं पदाधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य द्वारा किए जा रहे कर्यों का सही और अद्यतन डेटा उपलब्ध कराने और उसे नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज करने को कहा। साथ हीं आगामी ढअक2.0 की तैयारी में सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

सूचकांक में खूँटी को राज्य में मिले दूसरा स्थान को लेकर उपायुक्त ने बधाई देते हुए इसे आगे और बेहतर करने की अपील की।

इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों एवं प्रखंड स्तर पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों एवं मुखिया को सम्मानित किया गया, जिनमें जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा एवं तोरपा, तथा कर्रा प्रखंड के लोधमा पंचायत की मुखिया शामिल हैं।

उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक विकास की दिशा तय करने का सशक्त साधन है। सरकारी आंकड़े और डेटा से हीं यह संभव है कि किस क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है और कहाँ सुधार की आवश्यकता है।

उन्होंने भी खूँटी को राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायत उन्नति सूचकांक की अवधारणा, विभिन्न सूचकांक क्षेत्रों, आंकड़ों की प्रविष्टि एवं सत्यापन प्रक्रिया, जिले के प्रदर्शन, स्वस्थ एवं सुशासित पंचायत, बेस्ट परफॉर्मिंग पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खुदीराम बोस की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में देश की स्वतंत्रता संग्राम के लिए मात्र 19 साल की आयु में देश के दुश्मन अंग्रेजो के खिलाफ हथियार उठाने के कारण फांसी के फंदे पर झुलने वाले महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस के पुण्य तिथि विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष तपन कुमार घोष ने खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हिन्दूस्तान की आजादी के लिए सबसे कम उम्र में फांसी की फंदे पर झूलकर वलिदान देने वाले खुदीराम बोस को जो सम्मान मिलना चाहिए था वह सम्मान नही मिला है। यह हमारे देशवासियों के लिए खेद का विषय है। जो हिन्दूस्तान की आजादी के लिए एक थप्पड़ तक नहीं खाया है, वह दल 70 साल तक यहाँ शासन किया। महासचिव मार्शल बारला, सचिव बिरसा लोहार, प्रशांत कुमार, संगठन सचिव जितेन्द्र पांडे, उपाध्यक्ष डॉ पीके विश्वास, कोषाध्यक्ष किशोर ठाकुर, पत्रकार दीपक कुमार घोष, सुदामणी देवी, अधिवक्ता कविता देवी, धर्मेंद्र नाथ तिवारी, गणेश लोहार आदि ने श्राद्धांजलि दिया।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




उपायुक्त ने जुलाई माह के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा के क्रम में जिला परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुर्घटना के बाद दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर संभावित कारणों की जांच करें। साथ ही, दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि दुर्घटना क्षेत्रों की पहचान कर वहां रंबल स्ट्रिप एवं साइनेज बोर्ड लगाना सुनिश्चित किया जाए। यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाए। हिट-एंड-रन जैसी घटनाओं पर रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित परिवारों को समय पर मुआवजा भुगतान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। झारखंड सरकार की गुड सेमेरिटन पॉलिसी के विषय में चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को उक्त योजना के तहत पुरस्कृत किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

जिला मुख्यालय अंतर्गत मुख्य सड़कों पर लगने वाले जाम की समस्या पर गंभीरता से चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कई आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, एसडीओ, पुलिस उपाधीक्षक, डीटीओ, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, कार्यपालक अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** आवेदनों की समीक्षा के उपरांत कुल 96 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गिरिडीह जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी ली। इस संबंध में हो रहे कार्यों की जानकारी देने के उपरांत जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से कुल 102 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके पश्चात बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि के लिए प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना झारखंड कल्याण विभाग की ओर से सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गों को बीमारी में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसके लिए विभाग चिकित्सा सहायता योजना चला रही है। योजना के तहत किसी तरह की बीमारी या सर्जरी होने पर या कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने का प्रावाधान है। अब सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए इसमें कोविड होने पर भी लाभ देने का प्रवाधान शुरू किया है। बैठक में बताया गया कि आवेदक राष्ट्रीय खाद्यान सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत झारखंड राज्य में निवासरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग का पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ परिवार राशन कार्डधारी/अंत्योदय राशन कार्डधारी/हरा कार्डधारी हो। केवल अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ परिवार राशन कार्डधारी/अंत्योदय राशन कार्डधारी/हरा कार्डधारी परिवार के सदस्य ही योजना अंतर्गत अनुदान राशि का लाभ प्राप्त करने हेतु योग्य होंगे।

# उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना शुरू

## पीवीटीजी समूह के बीच विभिन्न दस्तावेजों का किया गया वितरण

## आपके हक एवं अधिकार देने हम सभी आपके द्वार आये हैं:उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की विशेष पहल उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना का सोमवार को जिले में शुभारंभ हुआ।रामगढ़ के उलडंडा पंचायत भवन में डीसी,डीडीसी,सहायक समाहर्ता सहित स्थानीय मुखिया ने दीप प्रज्वलन कर इस अभियान की शुरआत की।इसके बाद नवाडीह पंचायत में भी अभियान की शुरूआत की गयी।इसके पूर्व दोनों ही पंचायतों में उपायुक्त के पहुंचने पर परंपरागत रूप से ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। रामगढ़ पहुंची उपायुक्त ने दोनों ही पंचायतों के लोगों के बीच उनके रोजमर्रा में जरूरत पड़ने वाले दस्तावेजों का वितरण किया।इस दौरान उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र,आयुषमान कार्ड,जाति प्रमाण पत्र,पेंशन स्वीकृति संबंधी दस्तावेज,स्थानीय प्रमाण पत्र,राशन कार्ड,आधार कार्ड,पीएम जनमन आवास से संबंधी दस्तावेज,जॉब कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों का वितरण किया गया।इस दौरान उपायुक्त ने कई बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया।इसके अलावे नवाडीह पंचायत में वन पट्टा का भी वितरण किया गया।

अभियान को लेकर उपायुक्त ने पीवीटीजी समुदाय के लोगों से कहा कि आज हम सभी आपके यहां जो आप सबों के हक एवं अधिकार है वो देने हैं।उन्होंने कहा कि आज जो दस्तावेजों का वितरण आप सबके बीच किया गया है,इन सभी को संभाल कर रखें।उन्होंने कहा कि इन दस्तावेजों के जरिये आप विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।उन्होंने कहा कि उलडंडा में मोबाइल नेटवर्क के अधिष्ठापन को लेकर योजना बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि आज इन दोनों पंचायतों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत अभियान की शुरूआत की गयी है।आज के अभियान का आकलन कर इसे अन्य पंचायतों में लागू किया जायेगा।उन्होंने कहा कि अभी भी किसी का कुछ दस्तावेज छूट गया है,तो वे बलॉक के कर्मी से बनवा सकते हैं।ज्ञातव्य है कि उपरोक्त दोनों पंचायतों में डॉक्यूमेंट से छूटे हुए लाभुकों का सर्वे पूर्व में ही करा लिया गया था तत्पश्चात सभी से आवेदन भी प्राप्त कर लिए गये थे।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन,सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान,रामगढ़ बीडीओ,चैनपुर सीओ,स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत बड़ी संख्या में पीवीटीजी समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# संग्राम गौशाला समिति के भंडारा का समापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सावन माह की समाप्ति पर रविवार को बेंगाबाद के दुर्गा मंडप प्रांगण में संग्राम गौशाला समिति की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। समिति ने पूरे सावन माह सुल्तानगंज से देवघर जा रहे कांवरियों के लिए निःशुल्क सेवा शिविर संचालित किया था, जिसका रविवार को सफल समापन हुआ। समिति अध्यक्ष विवेकानंद ने बताया कि शिविर के संचालन में गिरिडीह व बेंगाबाद के अनेक समाजसेवियों ने तन-मन-धन से सहयोग दिया। कांवरिया सेवा के इस सफल अभियान के बाद भक्तों व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने भी शिरकत की। उन्होंने समिति की पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सहयोग और सेवा भाव को बढ़ावा देते हैं। मौके पर विजय सिंह, शिवपूजन राम, मनीष कुमार, अनिल यादव, धनराज वर्मा, प्रवीण राम, अजीत कुमार, प्रसादी मंडल, मनोज पाठक,मिंटू आनंद समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे और श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

# विधायक ने किया केंदुआडीह-दीपदहा सड़क के कालीकरण का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने सोमवार को जमुआ प्रखंड के केंदुआ दीपदाहा सड़क कालीकरण का शिलान्यास समारोह पूर्वक ढोल बाजे के साथ किया।इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित थे। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद एक जन सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता झारखंडधाम मंडल अध्यक्ष गंगाधर वर्मा ने किया। बतौर मुख्य अतिथि मंजू कुमारी ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जन सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोग सहयोग करें ताकि योजनाएं गुणवत्ता पूर्ण एवं सही समय पर बने। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की देन है कि भारत दुनिया की महाशक्ति बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख और समझ रही है। क्षेत्र के विकास का रोड मैप वे तैयार कर रही है।क्षेत्र का समग्र और संतुलित विकास के लिए वे सतत प्रयत्नशील रहेंगी। कार्यक्रम में मोहन वर्मा ने कहा कि पुराने और नए कार्यकर्ताओं के बीच संतुलन बनाते हुए कार्य किया जाना चाहिए। कार्यक्रम यूथ फॉर्स के सचिव रंजीत मंडल,किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शिवचरण महतो,राजेंद्र पंडित,मोहन वर्मा,प्रकाश वर्मा,सीता देवी,प्रकाश यादव,राजकुमार तुरी,मुद्रिका देवी,सीता देवी,अजय वर्मा केंदुआ के पंसस टूपलाल वर्मा ने भी संबोधित किया। यूथ फॉर्स के सचिव सह केंदुआ के मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा झूठ बोलते हैं।राफेल की डील का विरोध करते हैं और सेना के शौर्य पर सवाल उठाते हैं। जिप प्रतिनिधि विजय वर्मा ने कहा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में में जिप सदस्यों एवं पंसस सदस्यों के लिए कोई वित्तीय अधिकार नहीं दिए गए।यह पंचायती राज के लिए माखौल है ।कहा कुछ पंचायतों में रुपए खर्च नहीं हो रहे हैं मौके पर नंदकिशोर वर्मा , सीता देवी, इंद्र देव दास, राजकुमार तुरी, इंद्र नारायण सिंह , युगल किशोर राणा, पप्पू खान ,त्रिभुवन मंडल।,अमित शर्मा,वकील विश्वकर्मा , सहित कई लोग मौजूद थे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-80 से 81-25-26 (ओपन), दिनांक 08.08.2025;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.: ओ-एसी-टी-80-25-26; कार्य का नामः** दिनांक 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए आसनसोल मंडल के जोन सं. 25 में सीनि. डीईएन/2/आसनसोल अनुभाग में सड़क इत्यादि की मरम्मत तथा एलसी गेट लॉज के लिए जोनल कार्यों हेतु खुली निविदा। **क्रमांक 2, केस सं.: ओ-एसी-टी-81-25-26; कार्य का नामः** दिनांक 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए आसनसोल मंडल के जोन सं. 5 में सीनि. डीईएन/3/आसनसोल अनुभाग में सड़क इत्यादि की मरम्मत तथा एलसी गेट लॉज के लिए जोनल कार्यों हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** प्रत्येक के लिए रु. 51,00,000। **बयाना राशिः** प्रत्येक के लिए रु. 1,02,000; **कार्य हेतु समापन अवधिः** प्रत्येक के लिए 10 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समय :** 02.09.2025 को 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-151/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# उप नगर आयुक्त ने सुनी दुकानदारों की समस्या



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ मुख्य मार्ग चौड़ीकरण कार्य में नटराज चौक स्थित निगम द्वारा आवंटित 24 दुकान को खाली करने का नोटिस नगर निगम द्वारा निर्गत किया गया है। चैंबर द्वारा उपनगर आयुक्त से सरार्फा संघ एवं अन्य व्यापारी जिनको दुकान खाली करने का नोटिस प्राप्त हुआ है। उनके साथ एक बैठक निगम कार्यालय में रखा गया जिसमें चैंबर अध्यक्ष राहुल बर्मन के द्वारा आग्रह किया गया कि पहले 24 दुकानों का वैकल्पिक व्यवस्था किया जाए, तभी इन दुकानों को खाली कराया जाए। उपनगर आयुक्त के द्वारा आश्वस्त किया गया कि वरीय पदाधिकारी एवं विभाग से विमर्श कर इस पर ठोस पहल किया जाएगा। तब तक इन दुकानों को अभी खाली नहीं किया जाएगा। मौके पर चैंबर सचिव गोपाल दास भदानी ,कार्यकारी सदस्य राहुल कुमार समेत कई सरार्फा संघ के सदस्य उपस्थित थे।

# सलूजा गोल्ड स्कूल में कबड्डी का महाकुम्भ शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** सलूजा गोल्ड स्कूल में आज से कबड्डी का महाकुम्भ शुरू हो गया। झारखंड और बिहार से पहुंची 50 से ज्यादा टीमों ने अपने अपने विद्यालय के झंडो के साथ जब ग्राउंड पर उत्तरी तो इस आयोजन की भव्यता देखते बनी। विभिन्न जिलों से आई टीमें के छात्र छात्राएं जो विभिन्न रंगो में जब ग्राउंड पर खड़ी थी तो इसने 'विविधता में एकता' की भावना को और सुदृढ़ कर दिया। टीमों ने अपने मनोबल और उत्साह से दर्शकदीर्घा का ध्यान अपनी और आकर्षित किया।




प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार सुबह 10 से शुरू हुआ। इस रोमांचित खेल के उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्राचार्या स्कॉलर बी एड कॉलेज शालिनी कवला, हरदीप कौर प्रमुख डी एल एड स्कॉलर बी। एड कॉलेज , प्राचार्य बीएनएस डी ए वी सचिन गर्ग , प्राचार्य सी सी एल डी ए वी ओ पी गोयल, आब्जर्वर गोविन्द झा , योगेश पांडेय , टेक्निकल सदस्य प्रसाद महतो , प्रबंध निर्देशक जोरावर सिंह सलूजा, निर्देशक रमनप्रीत कौर सलूजा, प्राचार्या ममता शर्मा , उप प्राचार्य सूरज कुमार लाला, सीनियर एडमिनिस्ट्रेटर रूपा मुद्रा , स्पोर्ट्स पर्सन धनञ्जय राइ , घनश्याम रजक और अजय सिंह इत्यादि उपस्थित रहे। अतिथितियों ने दीप प्रजवल्लित कर खेल की शुरूआत की।

विद्यालय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की , जिसमें विद्यालय परिवार द्वारा कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन की रूपरेखा और उद्देश्यों को मीडिया के साथ साझा किया गया। विद्यालय के प्रबंध निर्देशक जोरावर सिंह सलूजा ने कहा यह कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर करती है, बल्कि संस्कृति के समागम और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। उन्होंने बताया कि सीबीएसई बोर्ड द्वारा सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के बेहतर प्रबंधन को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीबीएसई प्रतियोगिता का आयोजन का सौभाग्य विद्यालय परिवार को मिला है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन कमेटी ने आने वाली सभी टीमों को लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी हैं और इस तैयारी को लेकर हमारी पूरी टीम अपनी जिम्मेदारियों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। न्यूज लिखे जाने तक इस प्रतियोगिता का पहला मुकाबला अंडर 17 बालकवर्ग दून ग्लोबल बनाम साउथ पॉइंट बुंडू और दूसरा मैच प्रतिभा पलवान स्कूल बनाम लेडी के सी रॉय के बीच खेला गया।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नानुसार विविध स्थैतिक सेवाओं के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: **नीलामी की श्रेणी :** विविध-स्थैतिक-सेवाएं, **ई-नीलामी सूचीपत्र सं. : एएसएन-एमएसएस-23-08, ई-नीलामी शुरू होने की तारीख: 23.08.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। (क) पार्क का संचालन एवं रखरखावः** आसनसोल में विवेकानंद पार्क। **(बी) दो-पहिया तथा अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएं का संचालनः** (1) आसनसोल रेलवे स्टेशन, (2) जसीडीह रेलवे स्टेशन एवं (3) दुर्गापुर रेलवे स्टेशन। **(सी) मोबाइल तथा सहायक उपकरण कियोस्क की स्थापना एवं संचालनः** (1) जसीडीह रेलवे स्टेशन, (2) रानीगंज रेलवे स्टेशन, (3) सिमुलतला रेलवे स्टेशन, (4) मधुपुर रेलवे स्टेशन, (5) मधुपुर रेलवे स्टेशन, (5) जामताड़ा रेलवे स्टेशन, (6) चित्तरंजन रेलवे स्टेशन एवं (7) गिरिडीह रेलवे स्टेशन। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को ऊपरोक्त अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लेखित ई-नीलामी के सम्पूर्ण विवरण तथा उसमें भागीदारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

(ASN-152/2025-26) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है


हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

C M Y K

**पर्सनल लोन**

## ज्यादा कर्ज लेना लंबी अवधि के लिए मुसीबत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पैसा बाजार की एक ताजा स्टडी के मुताबिक, देश के 27 फीसदी लोग पर्सनल लोन लेकर घूमने-फिरने और मौज-मस्ती पर खर्च कर रहे हैं। पर्सनल लोन अन्य कर्जों की तुलना में काफी महंगा होता है, जिससे ईएमआई का दबाव बढ़ता है। महंगी ईएमआई चुकाने से आपकी बचत और निवेश प्रभावित होते हैं और वित्तीय स्थिरता खतरे में पड़ सकती है। पर्सनल लोन के विकल्प भी मौजूद हैं-जैसे इमरजेंसी फंड का उपयोग, गोल्ड लोन, म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट या प्रॉपर्टी के बदले लोन, या फिर परिवार व दोस्तों से उधार लेना। कई बैंक वैल्यूड ग्राहकों




को ओवरड्राफ्ट लिमिट भी देते हैं, जो अस्थायी जरूरत में मददगार होती है। आमतौर पर सिक्योर्ड लोन पर ब्याज दर पर्सनल लोन से कम होती है।

ज्यादा कर्ज लेना लंबी अवधि के लिए मुसीबत सस्ता पर्सनल लोन लेने के लिए क्रेडिट स्कोर 750 से ऊपर रखना चाहिए। अलग-अलग बैंकों के ऑफर की तुलना करनी चाहिए। छोटी अवधि का लोन चुनना चाहिए और मौजूदा बैंकिंग रिश्तों का फायदा उठाकर दरें कम कराने की कोशिश करनी चाहिए। लोन लेने से पहले ब्याज दर, प्रोसेसिंग फीस, हिडन चार्ज, रीपेमेंट और असल जरूरत को ध्यान से परखना जरूरी है। जरूरत से ज्यादा लोन लेना लंबे समय में वित्तीय बोझ बढ़ा देता है।

मासिक बजट में ईएमआई को दें प्राथमिकता समय पर कर्ज चुकाने के लिए मासिक बजट में ईएमआई को प्राथमिकता दें। सभी ईएमआई मासिक आय के 30-40 फीसदी के भीतर रखें ताकि कैश फ्लो पर असर न पड़े। ऑटो-डेबिट सेट करें ताकि ईएमआई मिस न हो। छोटा इमरजेंसी फंड बनाएं, जो कुछ महीनों की ईएमआई को कवर कर सके।

**दवाओं से खाने-पीने तक...**

# हर तरफ फैला है नकली का खेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नकली सामान की समस्या सिर्फ भारत की नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया इससे जूझ रही है। एक अनुमान के मुताबिक, वैश्विक बाजार में नकली सामान की हिस्सेदारी 5 प्रतिशत तक है। भारत में हालात ज्यादा चिंताजनक है, जहां 30 प्रतिशत तक नकली माल बाजार में मिलता है। फास्ट मूविंग कंस्यूमर गुड्स यानी खाने-पीने की चीजें, पर्सनल केयर प्रोडक्ट हाउसहोल्ड केयर प्रोडक्ट, हेल्थ केयर ओवर द काउंटर प्रोडक्ट और स्टेशनरी आदि अपैरल यानी फैशन के कपड़ों और एग्रीकल्चरल यानी बीज और खाद में सबसे ज्यादा नकली माल बाजार में मिलता है। फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल्स और कंस्यूमर ड्यूरेबल्स जैसे एरिया में नकली सामान का बाजार 20 से 25 प्रतिशत तक है।

दिल्ली, यूपी, उत्तराखंड, हिमाचल, हरियाणा और तेलंगाना समेत कई राज्यों कैंसर, डायबिटीज और किडनी की नकली दवाएं बेचने वाले गिरोहों का भंडाफोड़ हुआ। नकली दवा बनाने के लिए बाकायदा फैक्ट्रियां खोली गई थीं, जिन्हें सप्लाई करने के लिए चेन बनी हुई थी। कुछ नामी अस्पतालों का स्टाफ तक शामिल पाया गया। पुलिस तफ्तीश




के दौरान कैंसर और कोरोना की नकली इंजेक्शन लेने से मौत तक के मामले हुए छले महीने राजस्थान में 30 से अधिक फैक्ट्रियों पर छापे मारे तो संगमरमर का कचरा, पत्थर की धूल और कैंसरकारक केमिकल को मिलाकर नकली खाद और बीज तैयार किए जा रहे थे। इसी तरह नकली दूध और डेरी प्रोडक्ट बनाने के मामले दिल्ली, यूपी, केरल और तमिलनाडु पकड़े गए।

**इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान भी बरामद-** इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान में भी नकली माल खूब बेचा जा रहा है। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में जुलाई में ऐपल के तीन करोड़ के नकली प्रोडक्ट तो मार्च में गोवा में एक करोड़ का नकली सामान जब्त किया गया। इस साल मार्च में भारतीय मानक ब्यूरो ने देश के कई शहरों में ऐमजॉन और फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी कर 4000 से ज्यादा नकली सामान को जब्त किया।

इन पर नकली ढ्स्ढ्ढ मार्क लगा हुआ था। नकली बॉंच, रूम हीटर, मिक्सर ग्राइंडर, इंडक्शन चूल्हे, ईयरफोंस और फोन चार्जर्स समेत करीब डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा का नकली सामान जब्त किया।

- **16 लाख से ज्यादा रोजगार घटे, राजस्व का नुकसान-** उद्योग संगठन फिक्की का दावा है कि एफएमसीजी, टेक्सटाइल एंड ऐपैरल, पर्सनल हेल्थकेयर गुड्स, अल्कोहल और टोबैको जैसे पांच सेक्टर में ही नकली माल की वजह से भारत सरकार को आठ लाख करोड़ के राजस्व का नुकसान हो रहा है। यही नहीं, नकली माल के इस काले कारोबार का असर रोजगार पर भी पड़ा है।
- **दो फैक्ट्रियों से नकली मसाले भी जब्त किए-** पिछले साल दिल्ली के करावल नगर में दो फैक्ट्रियों पर छापा मारकर 15 हजार किलोग्राम नकली मसाले जब्त किए थे। इन्हें सड़े हुए चावल, लकड़ी का बुरादा, जामुन की गुठली के पाउडर और हानिकारक केमिकल से बनाए जा रहे थे। राजस्थान के अजमेर में 18,000 लीटर नकली रिफाइंड तेल बरामद किया गया था कई ब्रेड का लेबल लगाकर मिलावट के बाद इसे बाजार में बेचा जा रहा था इसी तरह नकली हेयर ऑयल और फेस क्रीम बेचने वाला गिरोह भी पकड़ा गया।

## बेमौसम बारिश से एसी कंपनियों का राजस्व 34 फीसदी तक घटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेमौसम बारिश से जून तिमाही में सूचीबद्ध रूम एयर कंडीशनर कंपनियों के राजस्व में 34 प्रतिशत की गिरावट आई है। वोल्टास, ब्लू स्टार और हैवेल्स सहित सूचीबद्ध कंपनियों ने जून तिमाही में 13-34 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। इससे उनके राजस्व और मार्जिन पर अल्पकालिक दबाव बना है। बारिश के अलावा, पिछले वर्ष की इसी तिमाही में



असाधारण रूप से उच्च आधार के कारण भी यह प्रभाव और बढ़ गया। इससे कंपनियों को भीषण और लंबी गर्मी से लाभ हुआ और रिकॉर्ड बिक्री हुई। हालांकि, कुछ निर्माताओं ने कहा, उनके वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग व्यवसाय ने बेहतर प्रदर्शन किया है। आरएसी सेगमेंट के लिए निकट भविष्य का माहौल चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। हालांकि, कंपनियां आगामी त्योहारी सीजन के दौरान मांग में सुधार की उम्मीद कर रही हैं।

# सोने-चांदी के गिरे भाव

**बिना जीएसटी 100201 में बिक रहा 10 ग्राम सोना**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा बाजारों में आज सोने-चांदी के भाव में बड़ी गिरावट है। 24 कैरेट सोने



की कीमत ऑल टाइम हाई 101406 रुपये से गिरकर आज 100201 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। जबकि, जीएसटी के साथ सर्राफा मार्केट में 24 कैरेट गोल्ड 103207 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है।

आज 24 कैरेट सोने के भाव 741 रुपये सस्ता हुआ है। चांदी ने 424 रुपये प्रति किलो की गिरावट दर्ज की है। चांदी अब 114308 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रही है। जीएसटी समेत चांदी की कीमत 117737 रुपये किलो हो गई है। शुक्रवार को चांदी बिना जीएसटी 114732 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। जबकि, सोना 100942 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

- **इस साल सोना 24461 और चांदी 28991 रुपये चढ़ी-** सर्राफा बाजारों में इस साल सोना करीब 24461 रुपये और चांदी 28991 रुपये महंगी हो चुकी है।

31 दिसंबर 24 को सोना 76045 रुपये प्रति 10 के रेट से खुला था और चांदी 85680 रुपये प्रति किलो से। इस दिन सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

- **14 से 23 कैरेट गोल्ड के क्या हैं रेट-** आज 23 कैरेट गोल्ड भी 738 रुपये सस्ता होकर 99800 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 102794 रुपये हो गई है। अभी इसमें मेकिंग चार्ज नहीं जुड़ा है।

**323 से टूटकर 4 पर आया शेयर**

# अब अपर सर्किट, 14 अगस्त अहम दिन, बिक रही कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर बीते कई सेशंस से लगातार अपर सर्किट को टच कर रहे हैं। आज भी इसमें 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा और यह शेयर एनएसई पर 4.03 रुपये पर आ गया था। पिछले पांच कारोबारी दिन में यह शेयर 23 प्रतिशत तक चढ़ा है। इस दौरान इसकी कीमत 3.29 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक आ गई। बता दें कि कंपनी दिवालिया प्रोसेस से गुजर रही है। कर्ज में डूबी कंपनी के शेयर ने लंबी



अवधि में अपने निवेशकों का तगड़ा नुकसान भी कराया है। कंपनी के शेयर 4 जनवरी 2008 में कंपनी के शेयर 323 रुपये के भाव पर बिक रहे थे।


**14 अगस्त को है अहम दिन-** जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड ने बीएसई को सूचित किया है कि कंपनी के बोर्ड मेंबर की बैठक 14/08/2025 को निर्धारित है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित पर विचार और अनुमोदन किया जाएगा।

- **खरीदारी की रेस में अडानी समेत ये दिग्गज-** बता दें कि कर्ज में डूबी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड की संपत्तियों की जल्द ही बिक्री होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त के मध्य तक बोलियां जमा होने की संभावना है। कंपनी को खरीदने की रेस में डालमिया भारत और गौतम अडानी समेत कई दिग्गज हैं। एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुनीत डालमिया समर्थित डालमिया भारत और गौतम अडानी की अडानी एंटरप्राइजेज, जेएएल की संपत्तियों के लिए टॉप दो बोलीदाता हैं।
- **कहां फंस रहा पेंच-** अधिकांश बोलीदाताओं के लिए एक प्रमुख विवाद लगभग 1,000 हेक्टेयर विवादित भूमि के स्वामित्व को लेकर स्पष्टता का बना हुआ है। जेएएल की एक परियोजना के कानूनी नतीजे के आधार पर बोली की कीमतों में लगभग 2,000 करोड़ का संशोधन हो सकता है।

## ऑनलाइन शॉपिंग के मामले में टॉप 25 में भी नहीं हैं भारत

### अमेरिका-चीन में तगड़ा मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में ऑनलाइन शॉपिंग का चलन तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन अमेरिका और चीन जैसे देशों के मुकाबले भारत अभी काफी पीछे है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में 85 करोड़ लोग इंटरनेट का यूज करते हैं लेकिन इनमें से केवल 20 से 25 प्रतिशत ही ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं। अमेरिका और चीन में यह संख्या 85 प्रतिशत




से अधिक है। भारत में रिटेल स्पेंडिंग में ऑनलाइन का हिस्सा मात्र 7 प्रतिशत से 9 प्रतिशत है जबकि अमेरिका में यह 33.7 प्रतिशत और चीन में 31.2 प्रतिशत है। भारत इस लिस्ट में टॉप 25 में भी नहीं है।

आंकड़ों के मुताबिक ऑनलाइन शॉपिंग के मामले में अमेरिका सबसे आगे है। इस देश में रिटेल स्पेंडिंग में ऑनलाइन का हिस्सा 33.7 प्रतिशत है। दूसरे नंबर पर चीन है। इस देश में टोटल रिटेल स्पेंडिंग में ऑनलाइन का हिस्सा 31.2 प्रतिशत है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर यूके (23.2 प्रतिशत), चौथे पर साउथ कोरिया (22.0 प्रतिशत) और पांचवें पर नीदरलैंड (20.9 प्रतिशत) है।

# केप्लर का अनुमान: रूसी तेल के बगैर काम चला सकती हैं भारतीय रिफाइनरी

**ऐसे घट सकता है डीजल-विमान ईंधन का उत्पादन**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से पिछले हफ्ते भारत से अमेरिकी आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद रूस से तेल आयात रोकने या कम करने की चर्चा हो रही है।

केप्लर ने अपनी रिपोर्ट भारतीय आयात पर अमेरिकी शुल्क - ऊर्जा बाजारों और व्यापार प्रवाह पर प्रभाव में कहा अगर तकनीकी नजरिये से देखे तो कुछ रणनीतिक कदमों के साथ भारतीय रिफाइनरी रूसी तेल के बिना काम चला सकती हैं। भारतीय रिफाइनरी तकनीकी तौर पर रूस से कच्चे तेल की आपूर्ति के बिना काम चला सकती हैं, लेकिन इस बदलाव के लिए उन्हें आर्थिक और रणनीतिक स्तर पर व्यापक संतुलन स्थापित करना होगा। वैश्विक विश्लेषण फर्म केप्लर के अनुसार, रूसी कच्चे तेल को वैकल्पिक तेलों से बदलने से उत्पादन में बदलाव आएगा। इसके चलते डीजल और विमान ईंधन का उत्पादन कम होगा और अवशेष उत्पादन बढ़



जाएगा। विश्लेषकों के मुताबिक, रूसी कच्चा तेल उच्च डिस्टिलेट उत्पादन को बढ़ावा देता है। इसका फायदा यह है कि कच्चे तेल के शोधन के दौरान बनने वाले पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन का हिस्सा अधिक होता है। भारत की रिफाइनरी खपत में रूसी कच्चे तेल की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत तक है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से पिछले हफ्ते भारत से अमेरिकी आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद रूस से तेल आयात रोकने या कम करने की चर्चा हो रही है।

- **तीन से पांच बिलियन डॉलर की बढ़ेगी लागत-** वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों की मानें तो गैर-रूसी कच्चे तेल की कीमत रूसी बैरल की तुलना में लगभग 5 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल अधिक है। केप्लर ने कहा, इस अंतर पर 1.8 मिलियन बीपीडी को प्रतिस्थापित करने का अर्थ है कि मौजूदा स्थिर कीमतों के तहत लागत में 3-5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वार्षिक वृद्धि होगी।
- **विकल्प-** केप्लर के मुताबिक, रूसी तेल का अफ्रीकी, लैटिन अमेरिकी कच्चा तेल विकल्प बन सकता है। अमेरिका से डब्ल्यूटीआई मिडलैंड जैसे ग्रेड इसमें 2,00,000-4,00,000 बैरल प्रतिदिन का योगदान दे सकते हैं, लेकिन ये कम डीजल उत्पादित करते हैं। लंबी दूरी की माल ढुलाई और लागत जैसे कारण भी इसे सीमित करेंगे।

# निवेश-बचत: कर्ज ले रहे हैं तो रुकें

- **एफडी के लिए अच्छा समय; खुदरा महंगाई घटने से मिल रहा फायदा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई के रेपो दर को अपरिवर्तित रखने के फैसले से होम लोन लेने वालों को तुरंत कोई फायदा नहीं होगा। कई ऐसे कारक हैं, जो आगे ब्याज दर में कटौती की उम्मीद जगाए हुए हैं।




इस साल होम लोन लेने वाले सबसे ज्यादा खुश हैं, क्योंकि रेपो दर फरवरी से जून तक एक फीसदी कम हुई है। अधिकांश होम लोन फ्लोटिंग रेट वाले और रेपो रेट से जुड़े होते हैं, इसलिए रेपो रेट में किसी भी कमी से बड़ी संख्या में होम लोन लेने वालों के लिए ब्याज दरें कम हो जाती हैं। खुदरा महंगाई आरबीआई के प्राथमिक फोकस क्षेत्रों में से एक है। इसी के आधार पर केंद्रीय बैंक नीतिगत दरों में बदलाव करने या न करने का निर्णय लेता है।

# बेंगलुरु में अब किराये पर रहना हुआ मुश्किल

**पीजी की दीवारों पर चिपके पर्चे**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप बेंगलुरु में पीजी में किराये पर रहते हैं या वहां नए पीजी की तलाश रहे हैं तो आपको मुश्किल हो सकती है। दरअसल, डिजिटल के जमाने में काफी पीजी




संचालक किराये पर रहने वाले लोगों से किराये की रकम कैश में मांग रहे हैं। वहीं अगर किराये की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर करनी है तो किरायेदार को जीएसटी चुकाना होगा। ऐसे में किराये की रकम बढ़ जाएगी।

### वायरल हुई पोस्ट

इस पोस्ट को कुछ दिनों पहले पोस्ट किया गया था। यह काफी वायरल हो रही है। इसे अभी तक 30 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं। इस पोस्ट को लेकर एक यूजर ने कहा कि इस मामले में सरकार के पास शिकायत जाएगी और कुछ कार्रवाई हो सकती है।

वहीं एक ने लिखा कि जीएसटी समेत किराया चुकाने में हर्ज क्या है। वहीं एक लिखा है कि 12 फीसदी जीएसटी के साथ यूपीआई पेमेंट कर दिया जाए। इसके बाद पीजी संचालक से जीएसटी बिल ले लिया जाए। जीएसटी बिल देने से वह मना नहीं कर सकता।

- **दुकानदारों ने उठाया था कैश का मुद्दा-** बेंगलुरु में हाल ही में दुकानदारों ने यूपीआई से पेमेंट लेने से मना कर दिया था। दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकान और स्टॉल पर पर्चे चिपकाकर सिर्फ कैश लेने की बात कही थी। इसका कारण बताया कि यूपीआई से पेमेंट लेने को लेकर उनके ऊपर जीएसटी के छापे पड़ रहे हैं।

# पेनी स्टॉक के हो सकते हैं 10 टुकड़े

**मुनाफे में उछाल से शेयरों में लगा अपर सर्किट**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स के शेयरों में सोमवार को जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। कंपनी के बोर्ड की एक बैठक में होने वाले दो अहम फैसलों की खबर से निवेशकों में उत्साह था और शेयर 5 प्रतिशत अपर सर्किट तक पहुंच गए।

शेयर अब 10.59 रुपये पर पहुंच गए है। कंपनी ने ऐलान किया है कि उसका बोर्ड दो बड़े प्रस्तावों पर विचार करेगा पहला इक्विटी शेयरों का 1-10 के अनुपात में स्प्लिट। मतलब, अगर आपके पास एक शेयर है तो वह दस शेयरों में बदल जाएगा।

दूसरा, 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने की संभावना। यानी हर एक शेयर पर एक बोनस शेयर मिल सकता है।



**अंतिम मुहर बोर्ड के फैसले, सेबी और शेयरधारकों की मंजूरी पर-** कंपनी का कहना है कि ये कदम शेयरों की तरलता बढ़ाने, शेयरधारकों का आधार व्यापक बनाने और निवेशकों के लिए शेयरों को और ज्यादा सस्ता व सुलभ बनाने के लिए हैं।

हालांकि, इन प्रस्तावों पर अंतिम मुहर बोर्ड के फैसले, नियामकों (सेबी) और शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर करेगी। रिकॉर्ड डेट और इन कार्यवाहियों का पूरा कार्यक्रम बाद में बताया जाएगा।

**शेयर प्राइस हिस्ट्री-** पांच साल में वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स के शेयरों में करीब 537 पर्सेंट की बंपर उछाल दर्ज की गई है। इस अवधि में यह स्टॉक 1.66 रुपये से 10.59 रुपये तक पहुंचा है।

- **कंपनी के मुनाफे में बंपर वृद्धि-** इस उत्साह की एक बड़ी वजह कंपनी के ताजा नतीजे भी हैं। वेलक्योर ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में उसका शुद्ध मुनाफा बढ़कर 23.29 करोड़ हो गया। यह बढ़त मजबूत ऑर्डर मिलने की वजह से हुई है। इस दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व 299.91 करोड़ रहा। इससे पहले मार्च 2025 की तिमाही में कंपनी का राजस्व 21.21 करोड़ और शुद्ध मुनाफा 2.5 करोड़ था। कंपनी ने पिछले साल जून तिमाही के राजस्व का आंकड़ा नहीं दिया है। कंपनी ने कहा कि ये मजबूत नतीजे उसकी व्यावसायिक रणनीतियों, समझदार फैसलों और फी-आधारित, एसेट-लाइट मॉडल की तरफ बढ़ने की प्रतिबद्धता की सफलता दिखाते हैं।
- **विदेशी सौदों में सफलता-** वेलक्योर ने यह भी बताया कि उसने हाल ही में कुल 299.91 करोड़ मूल्य के सात एक्सपोर्ट-सोर्सिंग प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। इनमें कंपनी ने विदेशी ग्राहकों के लिए विशेष रूप से खरीद एजेंट की भूमिका निभाई है। इससे पहले भी, कंपनी को थाईलैंड की फॉर्च्यून सागर इम्पेक्स कंपनी लिमिटेड से 517 करोड़ के एक बड़े वैश्विक सोर्सिंग ऑर्डर का ठेका मिला था।



# मेरी फिल्मों से कुछ बड़े स्टूडियो डरते हैं...

सुदीप्तो सेन की द केरला स्टोरी को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ छायांकन जैसे दो अहम सम्मान मिले। लव जिहाद जैसे विवादास्पद विषय पर बनी इस फिल्म ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया था। पेश है सुदीप्तो से इंटरव्यू के खास अंश...

राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर सुदीप्तो सेन ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा... मुझे इस पर विश्वास नहीं हो रहा। द केरला स्टोरी के बाद मैंने बस्तर पर काम किया। मैं तो अपनी टीम के लिए अवॉर्ड की उम्मीद कर रहा था लेकिन जब मुझे व्यक्तिगत रूप से यह सम्मान मिला है तो मैं आश्चर्यचकित हूं। बस्तर पर फिल्म बनाने की मेरी इच्छा पिछले 10 सालों से थी। इसके अलावा मेरी अगली फिल्म चरक अक्टूबर में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म आस्था और अंधविश्वास पर आधारित एक सच्ची घटना से प्रेरित है, जिसमें अंजलि पाटिल और शशि भूषण जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म बिहार, बंगाल, असम, और ओडिशा के उन क्षेत्रों के बारे में है जहां चरक मेला में पहले इंसान की बलि दी जाती थी। इस गंभीर विषय पर भी मैं बहुत समय से फिल्म बनाना चाहता था। द केरला स्टोरी को लेकर हुई आलोचनाओं पर सुदीप्तो ने कहा... फिल्म को 25 करोड़ से ज्यादा दर्शकों ने पसंद किया। इनमें 20 करोड़ ओटीटी पर रहे, बारी थिएटर्स और टीवी पर। मैं उन लोगों की राय को खारिज करता हूं जो फिल्म को बिना देखे ही इसे विभाजनकारी बताते हैं। सेंसर बोर्ड और सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म को हरी झंडी दी थी, इसलिए किसी को भी इस पर बिना देखे राय नहीं बनानी चाहिए। 25 करोड़ से ज्यादा दर्शक गलत तो नहीं हो सकते हैं।

## बड़े स्टार्स के साथ काम नहीं करना है...

सुदीप्तो ने स्वीकार किया कि द केरला स्टोरी जैसी बड़ी हिट देने के बाद भी बड़े प्रोडक्शन हाउस और स्टूडियो उनसे दूरी बनाए रखते हैं। वे कहते हैं... बड़े स्टूडियोज हार्ड हिटिंग विषयों पर बात करने से डरते हैं। मैं कंटेंट-ड्रिवन फिल्मों को प्राथमिकता देता है और बड़े स्टार्स के साथ काम करने में मेरी रुचि नहीं है। मुझे आमिर खान या अक्षय कुमार के लिए फिल्म नहीं बनानी, मुझे अपनी कहानी कहनी है। कांतारा और सैराट जैसी फिल्में रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट के मामले में बेस्ट हैं। हमारी फिल्म ने 19 करोड़ रुपए खर्च करके 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की, तो इसका रेट ऑफ इंटरेस्ट 1400% से ज्यादा है।



# फिल्म की सफलता में राइटर की भूमिका सबसे अहम होती है

**अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्मों के बाद वेब सीरीज की दुनिया में भी अपनी खास पहचान बनाई है। हाल ही में वह नीरज पांडे की स्पेशल ऑप्स के दूसरे सीजन में नजर आईं। सैयामी ने खास बातचीत में अपने अनुभव को लेकर कई बातें साझा कीं।**

### वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स में काम करने का अनुभव कैसा रहा?

स्पेशल ऑप्स के साथ मेरा सफर करीब 6-7 साल पहले शुरू हुआ था। इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात यह थी कि मुझे नीरज पांडे सर जैसे निर्देशक के साथ काम करने का मौका मिला। हर अभिनेता की एक ख्वाहिश होती है कि वो कुछ खास निर्देशकों के साथ जरूर काम करे और मेरी उस लिस्ट में नीरज सर का नाम हमेशा से रहा है। उनकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि उनके विजन में गजब की स्पष्टता होती है। उन्हें बहुत अच्छे से पता होता है कि उन्हें सेट पर क्या चाहिए और कैसे चाहिए।

### नीरज जी के साथ सेट पर आपकी बॉन्डिंग कैसी रही ?

नीरज सर बेहद शांत स्वभाव और फोकस्ड सोच रखने वाले व्यक्ति हैं। वह टीम को बहुत ही सहजता और संतुलन के साथ हैंडल करते हैं। हम दोनों को क्रिकेट का शौक है, तो बुडापेस्ट में शूटिंग के थकान भरे दिनों में भी हम क्रिकेट पर मजेदार बातें किया करते थे। नीरज सर के साथ काम करना सिर्फ एक प्रोफेशनल एक्सपीरियंस नहीं बल्कि एक ट्रीट की तरह होता है जैसे किसी मजेदार पिकनिक पर जाना।

### अपने रोल के लिए किस तरह से तैयारी की थी?

मेरे हिसाब से एक्शन सीन में उतनी ही मेहनत लगती है, जितनी किसी डांस सीन में। एक्टर को एक्शन के लिए भी अच्छी खासी रिहर्सल करनी पड़ती है। हमारे एक्शन डायरेक्टर्स बुडापेस्ट से थे, तो उनके साथ तालमेल बनाना थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहा। लेकिन मेरे लिए अच्छी बात यह रही कि मुझे एक्शन पिकअप करने में ज्यादा वक्त नहीं लगता। जहां तक किरदार की बात है, तो इस बार मुझे नया कैरेक्टर स्थापित करने का दबाव नहीं था क्योंकि यह पहले ही सीजन में हो चुका था।

### फिल्म को हिट बनाने में स्क्रिप्ट राइटर की क्या भूमिका है?

मेरे हिसाब से फिल्म की सफलता में स्क्रिप्ट राइटर की भूमिका सबसे अहम होती है, लेकिन उन्हें उस मेहनत का पूरा क्रेडिट नहीं मिल पाता। अगर कहानी दमदार नहीं होगी तो डायरेक्टर चाहे कितना भी बड़ा हो, एक्टर कितना भी पॉपुलर हो या प्रोड्यूसर कितना भी पैसा लगा ले फिल्म नहीं चल पाएगी। उदाहरण के तौर पर 12वी फेल को ही लें, उसकी असली हीरो कहानी थी। हम अक्सर एक्टर्स को क्रेडिट दे देते हैं, लेकिन असली तालियों के हकदार कई बार स्क्रिप्ट राइटर्स होते हैं।



# नेटफ्लिक्स की फिल्म रामरी में पहली बार साथ दिखेंगे सिद्धांत-मोहित



एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी और मोहित रैना अपने करियर में पहली बार साथ नजर आने वाले हैं। वह रामरी नामक फिल्म में साथ होंगे। यह अजय देवगन के बैनर से नेटफ्लिक्स के लिए बन रही है। इस फिल्म की कहानी 1945 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें भारतीय मिलिट्री ऑपरेशन्स और ऐतिहासिक घटनाओं को दिखाया जाएगा। रामरी में अजय सिर्फ बतौर प्रोड्यूसर होंगे। परदे पर मोहित और सिद्धांत साथ में एक्शन करते दिखेंगे। इस फिल्म का निर्देशन एक महिला डायरेक्टर कर रही हैं, जिनकी यह पहली फिल्म है। बहरहाल, उनका नाम अभी सामने नहीं आया है। बताया जा रहा है कि रामरी की शूटिंग अक्टूबर से हैदराबाद की रामोजी फिल्म सिटी में शुरू होगी। वहीं अजय की हाल ही में सन ऑफ सरदार 2 रिलीज हुई। वह बॉक्स ऑफिस पर फीकी रही थी। अब उनकी बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म धमाल 4 को लेकर भी अहम जानकारी सामने आई है। इस फिल्म में अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित की जोड़ी नजर नहीं आएगी। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की बढ़ती लंबाई के कारण दोनों कलाकारों ने खुद ही यह प्रोजेक्ट छोड़ा है, क्योंकि उनके किरदारों के लिए ज्यादा काम नहीं बचा था। अब उनकी जगह कुछ नए किरदारों को शामिल किया जाएगा, जो फिल्म में कॉमेडी करते नजर आएंगे। धमाल 4 में अजय के साथ रितेश देशमुख, संजय दत्त, अरशद वारसी और जावेद जाफ़री जैसे कलाकार बने रहेंगे।

# रियलिटी शो बिग बॉस 19 में दिख सकते हैं रैपर रफ्तार



छोटे परदे का सबसे पॉपुलर और विवादित रियलिटी शो बिग परदे क बॉस अपने 19वें सीजन के साथ एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। यह शो इस साल 24 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा जिसकी मेजबानी फिर से सलमान खान ही करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक... मशहूर रैपर रफ्तार भी इस सीजन में बतौर कंटेस्टेंट नजर आ सकते हैं। रफ्तार और शो के निर्माताओं के बीच बातचीत जारी है। हालांकि उन्होंने अब तक कॉन्ट्रैक्ट पर साइन नहीं किया है लेकिन शो में उनकी रुचि दिख रही है। अगर सब कुछ सही रहा, तो रफ्तार शो का हिस्सा बन सकते हैं। इसके अलावा तारक मेहता का उल्टा चश्मा में तारक मेहता का रोल निभा चुके शैलेश लोढ़ा का नाम भी संभावित प्रतियोगियों की लिस्ट में है। बाकी जिन सेलेब्स के नाम चर्चा में हैं, उनमें लता सभरवाल, आशीष विद्यार्थी, गौतमी कपूर, धीरज धूपर, अलीशा पंवार, मुनमुन दत्ता, अनीता हसनंदानी, कृष्णा श्रॉफ, कनिका मान, राज कुंद्रा, डेजी शाह, अशिंफा खान, तनुश्री दत्ता, और शरद मल्होत्रा जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा शैलेश लोढ़ा का नाम भी संभावित प्रतियोगियों की लिस्ट में शामिल है।

# तमन्ना भाटिया ने बोल्ड और इंटिमेट सीन की शूटिंग के पीछे के बताए राज



साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय से सभी के दिलों में खास जगह बना चुकीं तमन्ना भाटिया ने पहले अपनी किसी भी फिल्म में लिप-लॉक सीन नहीं करती थीं। लेकिन फिल्म लस्ट स्टोरीज में उन्होंने इस नियम को तोड़ा और कई बोल्ड सीन देकर चर्चा में आईं। हाल ही में फिल्मों में अपने इंटिमेट सीन को लेकर तमन्ना ने खुलकर बातचीत की।

### बोल्ड सीन को लेकर तमन्ना ने बताई खास बातें

एक खबर के अनुसार, तमन्ना ने बताया कि पहले वह फिल्मों में बोल्ड और इंटिमेट सीन करने से बचती थीं, क्योंकि उन्हें लगता था कि इससे वह खुद को सीमित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बोल्ड सीन पूरी तरह से बनावटी होते हैं और हर सीन को बहुत सावधानी से कोरियोग्राफ किया जाता है। सेट पर एक इंटिमेसी कोच मौजूद रहता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सब कुछ ठीक हो। पुरुष सह-कलाकारों को विशेष निर्देश दिए जाते हैं कि वे कुछ खास जगहों को न छुएं। तमन्ना ने यह भी कहा कि ऐसे सीन को बहुत सटीकता से फिल्माया जाता है, जैसे कोई डांस कोरियोग्राफी हो। सेट पर मौजूद हर व्यक्ति नियमों का पालन करता है और हर कदम को पहले से तय किया जाता है।

### तमन्ना का करियर और वर्कफ्रंट

तमन्ना भाटिया ने मुख्य रूप से तेलुगु, तमिल और हिंदी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 2005 में हिंदी फिल्म चांद सा रोशन चेहरा से अभिनय की शुरुआत की। तमन्ना जल्द ही एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ हॉरर फिल्म वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में नजर आएंगी। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज हो सकती है।



# अनीत पड्डा ही नहीं, डेब्यू फिल्म से इंडस्ट्री में छाईं ये एक्ट्रेस

फिल्म सैयारा के जरिए अनीत पड्डा ने एक्टिंग डेब्यू किया है। हालांकि अनीत पड्डा इससे पहले भी फिल्म 'सलाम वेंकी' में छोटे से रोल में नजर आ चुकी हैं, लेकिन बतौर लीड एक्ट्रेस 'सैयारा' उनकी डेब्यू फिल्म है। अपनी अदाकारी और लुक के जरिए उन्होंने दर्शकों का ध्यान खींचा है। फिल्म सैयारा बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हो चुकी है और 300 करोड़ी क्लब में एंट्री ले चुकी है। अनीत पड्डा ने पहले और भी कई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने डेब्यू फिल्म के साथ ही सफल पारी शुरू की।



### अमीषा पटेल

अमीषा पटेल ने साल 2000 में फिल्म कहो ना प्यार है से डेब्यू किया था। इसी फिल्म के जरिए ऋतिक रोशन ने भी एक्टिंग डेब्यू किया। राकेश रोशन के निर्देशन में बनी इस फिल्म के जरिए दोनों सितारे छा गए। इसी तरह साल 2001 में आई फिल्म लगान के जरिए ग्रेसी सिंह ने डेब्यू किया। उन्हें भी काफी लोकप्रियता मिली। हालांकि, फिलहाल वे लाइमलाइट से दूर हैं।



### दीपिका पादुकोण

इस लिस्ट में दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं। उन्होंने साल 2007 में आई फिल्म ओम शांति ओम से डेब्यू किया। पहली ही फिल्म में उन्होंने शाहरुख खान के साथ काम किया। साथ ही दीपिका को भी दर्शकों का भरपूर प्यार मिला।



### अनुष्का शर्मा

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने भी सफल फिल्म से डेब्यू किया और पहली ही फिल्म से दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो गईं। उन्होंने साल 2008 में आई फिल्म रब ने बना दी जोड़ी से डेब्यू किया था। इसमें वे शाहरुख खान के साथ नजर आईं।

### भूमि पेडनेकर

भूमि पेडनेकर की डेब्यू फिल्म दम लगा के हईशा (2015) है। इस फिल्म के लिए उन्होंने अपना कई किलो वजन बढ़ाया था। भूमि ने डेब्यू के साथ ही अपनी अलग पहचान बनाई। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। भूमि के साथ फिल्म में आयुष्मान खुराना लीड रोल में नजर आए।



### नितांशी गोयल

किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज के जरिए नितांशी गोयल ने डेब्यू किया। पहली ही फिल्म में अपने अभिनय और मासूमियत से उन्होंने दर्शकों को दीवाना बना लिया। फिल्म लापता लेडीज का नामांकन तो ऑस्कर के लिए भी किया गया था। फिल्म को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब प्यार मिला।

# अन्नू-कुजूर और मुरली चमके, भारत की पहली विश्व महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिता में उम्मीदों पर खरे उतरे



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कुजूर ने शाम के सत्र में 200 मीटर फाइनल में 20.77 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। कोरिया के को सेउंघवान (20.95 सेकंड) और एक अन्य भारतीय खिलाड़ी रागुल कुमार (21.17 सेकंड) ने तीसरा स्थान हासिल किया।

स्टार धावक अनिमेष कुजूर, अनुभवी भाला फेंक एथलीट अन्नू रानी और लंबी कूद के दिग्गज एथलीट मुरली श्रीशंकर ने रविवार को भारत की पहली विश्व एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिता में अपनी अपनी स्पर्धाओं में जीत हासिल कर उम्मीदों पर खरे उतरे। विश्व एथलेटिक्स की कांस्य स्तर की यह प्रतियोगिता सुचारू रूप से चली, लेकिन इसमें वैश्विक दिग्गजों की भागीदारी काफी कम थी।

कुजूर का प्रदर्शन हालांकि नाटकीयता से भरा रहा। 22 वर्षीय इस एथलीट ने सुबह अपनी 100 मीटर की हीट रेस में कुछ कदम के बाद ही दौड़ना बंद कर दिया था।, वह आधे घंटे बाद अपनी 200 मीटर की हीट रेस में दौड़े और 20.99 सेकंड के समय के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। उन्होंने शाम के सत्र में 200 मीटर फाइनल में 20.77 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। कोरिया के को सेउंघवान (20.95 सेकंड) और एक अन्य भारतीय खिलाड़ी रागुल कुमार (21.17 सेकंड) ने तीसरा स्थान हासिल किया। कुजूर के नाम 100 मीटर (10.18 सेकंड) और 200 मीटर (20.32 सेकंड) दोनों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड हैं। श्रीशंकर का मुकाबला उभरते हुए किशोर शाहनवाज खान से था। खान ने फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। 17 वर्षीय खान चौथे प्रयास में 8.04 मीटर की छलांग लगाकर शीर्ष पर थे, जबकि श्रीशंकर 7.95 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर थे। 26 साल के श्रीशंकर ने हालांकि अपने अंतिम प्रयास में 8.13 मीटर की छलांग लगाकर रोमांचक अंदाज में स्वर्ण पदक जीता। यह चोट के कारण लंबे समय से बाहर रहने के बाद वापसी पर उनका लगातार चौथा खिताब है। वह हालांकि तोक्यो विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन मार्क 8.27 मीटर को हासिल करने में नाकाम रहे।

महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में एशियाई खेलों की चैंपियन अन्नू रानी ने चौथे प्रयास में 62.01 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता। इससे सितंबर में होने वाली तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाने की उनकी संभावना मजबूत हो गई। वह 64 मीटर के स्वत- क्वालीफिकेशन से दूर है लेकिन 'रोड टू तोक्यो' सूची में 30 वें पायदान पर है। इसमें सूची में शीर्ष 36 स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 63.22 मीटर है। उन्होंने इसे 2022 में हासिल किया था। कलिंगा स्टेडियम में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में भारतीय प्रतिभागियों द्वारा 80 मीटर का आंकड़ा मुश्किल से पार कर पाने से दर्शक निराश हुए। श्रीलंका के रोमेश थरंगा पथिरागे ने 86.50 मीटर के अपने पहले प्रयास के साथ पुरुषों का भाला फेंक का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 85.50 मीटर के विश्व चैंपियनशिप के स्वत- क्वालीफिकेशन को भी पार कर लिया। भारत के 20 वर्षीय शिवम लोहकरे ने 80.73 मीटर के साथ रजत पदक जीता। श्रीलंका के सुमेधा रणसिंघ 80.65 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के रोहित यादव (80.35 मीटर) और एशियाई चैंपियनशिप के रजत विजेता सचिन यादव (79.80 मीटर) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। शैली सिंह ने 6.28 मीटर के औसत प्रदर्शन वाले छलांग के साथ महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा जीती।

भारतीय पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने श्रीलंका (3-08.22) के बाद दूसरे स्थान पर रहकर निराश किया। टी. संतोष कुमार, विशाल टी.के., अमोज जैकब और धर्मवीर चौधरी की भारतीय चौकड़ी ने तीन मिनट 08.37 सेकंड का समय लिया। मलयेशिया के मुहम्मद अजीम बिन ने 10.35 सेकंड में 100 मीटर की दौड़ जीतकर मीट के सबसे तेज धावक का ख़िताब हासिल किया।

फुटबॉलः

## अंडर-20 महिलाओं के लिए 25,000 डॉलर के इनाम की घोषणा, एआईएफएफ ने किया एलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को अंडर-20 महिला टीम को 2006 के बाद पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के लिए क्वालिफाई करने पर 25,000 डॉलर की नकद प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। अंडर-20 महिला टीम सात अंक के साथ ग्रुप डी में शीर्ष पर रही और रविवार को यंगून में मेजबान म्यांमार पर 1-0 की जीत के साथ अपने अभियान का समापन किया। पूजा ने 27वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। टीम ने इससे पहले इंडोनेशिया के साथ गोल रहित ड्रॉ खेला था और तुर्कमेनिस्तान को 7-0 से हराया था। भारत ने क्वालिफायर में एक भी गोल नहीं खाया। एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2026 का आयोजन अप्रैल 2026 में थाईलैंड में होना है। एआईएफएफ ने इसका श्रेय भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से 'पिछले कुछ वर्षों में निरंतर योजना और विकासात्मक प्रयासों' को दिया है। एआईएफएफ की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि अस्मिता महिला फुटबॉल लीग जैसी पहल ने जमीनी स्तर पर ढांचे को मजबूत किया है जिसके परिणामस्वरूप पिछले वर्ष पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या में '232त्न की वृद्धि' हुई है।

## आई पी एल 2025 और चैंपियंस ट्रॉफी में क्यों फ्लॉप रहे, राशिद खान ने बताई बड़ी वजह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राशिद खान ने सर्जरी के बाद पहले टेस्ट मैचों में वापसी पर अफसोस जताया जबकि उन्हें ऐसा न करने की सलाह दी गई थी जिसके कारण चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल 2025 में उनका प्रदर्शन खराब रहा। अफगानिस्तान के क्रिकेट स्टार राशिद खान ने लंबे समय के बाद वापसी करते हुए टेस्ट मैच खेलने पर अफसोस जताया और इसे अपने शरीर पर पड़ने वाले असर के लिए जिम्मेदार ठहराया। इस दिग्गज स्पिनर ने 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के बाद पीठ की सर्जरी करवाई थी, जिसके बाद वह 6 महीने से ज्यादा समय तक मैदान से बाहर रहे। राशिद ने जनवरी 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच में वापसी की, लेकिन इससे उनके शरीर पर बुरा असर पड़ा और चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल 2025 में उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा। एक इंटरव्यू में राशिद खान ने कहा, जब मैं सर्जरी के बाद वापस आया तो मुझे बताया गया कि इतनी जल्दी लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी मत करो, यह तुम्हारे लिए अच्छा नहीं होगा। जब मैं 8-9 महीने बाद वापस आया तो मैंने टेस्ट क्रिकेट खेला। मैंने 65 ओवर गेंदबाजी की और इससे मुझे थोड़ा दर्द हुआ। मुझे लगा कि मुझे सफेद कपड़ों में नहीं होना चाहिए था, मेरा मतलब है कि टी20 ठीक है। उस समय मुझे एहसास नहीं हुआ, लेकिन बाद में मुझे लगा कि मैंने गलती की है। अफगानिस्तान के इस स्पिनर ने कहा कि उन्हें लगा कि एकमात्र उपाय यही है कि कुछ समय के लिए आराम किया जाए और अपने शरीर को आराम दिया जाए। आईपीएल 2025 में राशिद का प्रदर्शन हमेशा की तरह नहीं रहा, 15 मैचों में सिर्फ 9 विकेट ही ले पाए और साथ ही काफी महंगे भी रहे। आईपीएल 2025 में उनका इकॉनमी रेट 9.34 रहा, जबकि उनका करियर इकॉनमी रेट 7.08 रहा।

## मुकेश अंबानी बुमराह को IPL खेलने से रोक देते?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोटिल हैं. इंग्लैंड सीरीज के दौरान उन्हें चोट लगी जिसकी वजह से वो पांचवां टेस्ट मैच नहीं खेल पाए. यही नहीं इस खिलाड़ी को मैच से पहले टीम से ही रिलीज कर दिया. अब बुमराह का एशिया कप में नहीं खेलना भी तय माना जा रहा है. इस बीच जसप्रीत बुमराह पर पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर ने बड़ा बयान दिया है. दिलीप वेंगसरकर ने कहा कि बुमराह की जिस तरह की फिटनेस है और जिस तरह उन्हें चोट लगती रहती है उसे देखते हुए उन्हें आईपीएल 2025 में हिस्सा नहीं लेना चाहिए था.

## ऋषभ पंत निश्चित रूप से धोनी से आगे निकल जाएंगेः आकाश चोपड़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा है कि ऋषभ पंत अगर टेस्ट मैच खेलना जारी रखते हैं, तो वह इस फॉर्मेट में एमएस धोनी के कुल रनों के आंकड़े को पीछे छोड़ देंगे। पंत इंग्लैंड के खिलाफ हाल में संपन्न टेस्ट सीरीज में इंजरी के बाद रिकवरी की राह पर हैं।

आकाश चोपड़ा ने रविवार को अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, टेस्ट मैचों और रनों की संख्या के मामले में एमएस धोनी शीर्ष पर हैं। उन्होंने 90 मैच में 144 पारियां खेली हैं, जिसमें 38.09 की औसत से 4,876 रन बनाए हैं। उनके नाम छह शतक हैं। पंत ने पिछले पांच सालों में छह शतक लगाए हैं और कुल 8 टेस्ट शतक लगाए हैं। उन्होंने कहा, अगर हम कुल मिलाकर देखें, तो ऋषभ पंत आठ शतक लगा चुके हैं और एमएस धोनी छह शतक लगा चुके हैं। ऋषभ पंत पहले ही रनों की संख्या के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। वह एमएस धोनी से 1,400 रन पीछे हैं और लगभग आधे मैच खेल चुके हैं। अगर वह और खेलेंगे, तो जाहिर है कि वह एमएस धोनी से आगे निकल जाएंगे। चोपड़ा ने कहा, पंत ने अब तक 47 टेस्ट मैचों में 44.50 की औसत से 3,427 रन बनाए हैं। उनके शतकों की संख्या आठ है, जो धोनी के छह शतकों से दो ज्यादा है। क्या यह कहना सही होगा कि पंत भारत के लिए टेस्ट खेलने वाले सबसे महान विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया के अब तक के श्रेष्ठ विकेटकीपरों की सूची देखें तो एडम गिलक्रिस्ट ने 96 मैचों में 47.60 की औसत से 5,570 रन बनाए हैं। वह फिलहाल पंत से आगे हैं, लेकिन पीछे छूट सकते हैं। टेस्ट क्रिकेट के सफलतम विकेटकीपर-बल्लेबाज की बात करें तो पहले स्थान पर श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगाकारा का नाम है। उन्होंने 134 टेस्ट मैचों में 12,400 रन बनाए। इसमें कुल 38 शतक हैं। इंग्लैंड के हालिया टेस्ट दौरे पर पंत ने सात पारियों में 68.42 की शानदार औसत से 479 रन बनाए। इसमें हेडिंग्ले में सीरीज के पहले मैच में लगाए दो शतक भी शामिल हैं।

● हरमनप्रीत बोलीं- टीम वर्ल्ड कप सूखा खत्म करने को तैयार

## विमेंस वर्ल्ड कप ट्रॉफी लॉन्च हुई; 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में टूर्नामेंट




**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि उनकी टीम अगले महीने से शुरू हो रही विमेंस वर्ल्ड कप में आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करना चाहती है और पूरा भारत हमारे वर्ल्ड कप जीतने का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से हमें अपनी तैयारियों का अंदाजा लग जाएगा कि हम कहां खड़े हैं। हरमनप्रीत ने ये बातें सोमवार को 30 सितंबर से भारत में होने जा रहे विमेंस वनडे वर्ल्ड कप की ट्रॉफी लॉन्चिंग सेरेमनी में कहीं।

इस मौके पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह, आईसीसी के चेयरमैन जय शाह और बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया भी मौजूद रहे। भारतीय महिला टीम ने कभी-भी वर्ल्ड कप नहीं जीत सकी है। टीम ने 2017 में फाइनल तक का सफर किया था, लेकिन इंग्लैंड से हारकर टीम रनरअप रही थी। 14 सितंबर से शुरू होगा ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा विमेंस वर्ल्ड कप शुरू होने से ठीक पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत का दौरा करेगा।

14 सितंबर से शुरू हो रहे इस दौरे में 3 वनडे मैच खेले जाएंगे। वर्ल्ड कप में भारत का पहला मैच विमेंस वर्ल्ड कप में भारत का पहला मैच 30 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु में खेला जाना तय हुआ है, लेकिन यह मैच शिफ्ट हो सकता है। जानकारी के अनुसार, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को इस मैच के आयोजन के लिए अभी तक कर्नाटक सरकार से मंजूरी नहीं मिली है।

## टिम डेविड ने सूर्यकुमार यादव का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा, टी-20 में पहली बार खेली इतनी ज्यादा गेंदें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ ऑलराउंडर टिम डेविड ने सूर्यकुमार यादव का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले पहले टी20 के बाद ये कमाल की उपलब्धि उनके नाम हुई. टिम डेविड ने ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका के बीच खेले पहले टी20 में जो किया, उसके बाद उन्होंने सिर्फ सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड ही नहीं तोड़ा बल्कि ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो भी बने. इतना ही नहीं, उन्होंने अपने टी20 करियर की सबसे ज्यादा गेंदें भी एक पारी में इसी मुकाबले में फेस की. साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 178 रन बनाए. इसमें 83 रन अकेले टिम डेविड के बल्ले से निकले. इस पारी के दौरान टिम डेविड ने 12 बाउंड्रीज लगाईं, जिसमें से 8 सिर्फ छक्के रहे. मगर उसके बावजूद उन्होंने इतनी गेंदें खेली, जितनी टी20 करियर में पहले कभी किसी इनिंग में नहीं खेली.

टिम डेविड ने अपनी इनिंग में 52 गेंदों का सामना किया. ये पहली बार है जब उन्होंने 50 से ज्यादा गेंदें खेली है. इससे पहले उन्होंने सबसे ज्यादा 46 गेंद किसी एक टी20 इनिंग में 2020 में हॉन्ग-कॉन्ग के खिलाफ खेली थी.

टिम डेविड ने तोड़ा सूर्यकुमार का वर्ल्ड रिकॉर्ड

अब सवाल है कि टिम डेविड ने सूर्यकुमार यादव का बनाया कौन सा वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा है? ये वर्ल्ड रिकॉर्ड टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट का है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ 10 अगस्त को खेले पहले अ के बाद टिम डेविड अब सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज बन गए हैं. सूर्यकुमार यादव का स्ट्राइक रेट टी20 इंटरनेशनल में 167.07 का है. जबकि टिम डेविड की स्ट्राइक रेट 167.37 की हो चुकी है.

ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को हराया

साउथ अफ्रीका की टीम के सामने 179 रन का लक्ष्य था. लेकिन, उसका पीछा करते हुए वो 20 ओवर में 9 विकेट पर 161 रन ही बना सके. ऑस्ट्रेलिया ने मुकाबला 17 रन से जीता और इसी के साथ 3 टी20 की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल की।

## मेसी की अनुपस्थिति में इंटर मियामी की हार

**लंदन, एजेंसी।** मई में एफए कप फाइनल में मैनचेस्टर सिटी को उलटफेर का शिकार बनाने के बाद पैलेस ने एक बार फिर कुछ विषम परिस्थितियों से पार पाकर मैच 2-2 से ड्रॉ होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत हासिल की। क्रिस्टल पैलेस ने इस सत्र में अपना शानदार अभियान जारी रखा और प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल को हराकर वेम्बली में एक और उलटफेर करते हुए कम्युनिटी शील्ड फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। वहीं, दूसरी तरफ इंटर मियामी को सुपरस्टार लियोनल मेसी की अनुपस्थिति में मेजर लीग सॉकर फुटबॉल टूर्नामेंट के एक मैच में ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से करारी हार का सामना करना पड़ा।



**क्रिस्टल पैलेस की शानदार जीतः** मई में एफए कप फाइनल में मैनचेस्टर सिटी को उलटफेर का शिकार बनाने के बाद पैलेस ने एक बार फिर कुछ विषम परिस्थितियों से पार पाकर मैच 2-2 से ड्रॉ होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत हासिल की। पैलेस की इस जीत के नायक गोलकीपर डीन हेंडरसन रहे। उन्होंने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाई। हेंडरसन ने मैच के बाद कहा, यह अविश्वसनीय है। लिवरपूल जीत का प्रबल दावेदार था। उसके पास कुछ शानदार खिलाड़ी हैं और उनकी टीम मजबूत है। हमने तीन महीने के अंदर दो ट्रॉफी जीती हैं। यह अविश्वसनीय है। एफए कप में जीत के साथ पैलेस ने अपने इतिहास में पहली बड़ी ट्रॉफी जीती थी और अब कम्युनिटी शील्ड जीतकर उसने साबित कर दिया कि उसकी पिछली जीत महज संयोग नहीं थी।

**इंटर मियामी की करारी हारः** मेसी दाहिने पैर में चोट लगने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए और मियामी को उनकी बड़ी कमी खली। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को यह चोट दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में लगी थी। मेसी ने अपने क्लब के 23 मैचों में से 18 मैच में खेलते हुए 18 गोल किए हैं। ऑरलैंडो सिटी की तरफ से लुइस मुरील ने प्रत्येक हाफ में एक गोल किया जबकि मार्टिन ओजेडा ने एक गोल करने के अलावा एक गोल में मदद की। मुरील ने ओजेडा की मदद से दूसरे मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को बढ़त दिलाई, जो केवल तीन मिनट तक कायम रही। यानिक ब्राइट ने अपने 40वें मैच में अपना पहला गोल करके इंटर मियामी को बराबरी पर ला दिया।

# एशिया कप में हार्दिक पंड्या के खेलने पर सस्पेंस

● NCA में पास करना होगा फिटनेस टेस्ट, इस खिलाड़ी की एंट्री तय!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 अगले महीने की 9 तारीख से शुरू होगी और इसका खिताबी मुकाबला 28 सितंबर को खेला जाएगा. एशिया कप इस बार संयुक्त अरब अमीरात के दो शहरों दुबई और अबूधाबी में होना है. इस टूर्नामेंट में 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाना है, जिसपर सभी की निगाहें हैं. एशिया कप 2025 से पहले भारतीय टीम की टेंशन बढ़ चुकी हैं. टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव अब तक पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं और वो बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं. सूर्यकुमार यादव को पूरी तरह फिट होने में अभी कम से कम एक हफ्ता और लग सकता है. सूर्यकुमार ने जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी. इसके चलते वो क्रिकेटिंग एक्शन से दूर हैं.

उधर ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की फिटनेस सवालों के दायरे में है. हार्दिक पंड्या फिटनेस टेस्ट देने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पहुंचे हैं. रिपोर्ट के मुताबिक हार्दिक फिटनेस टेस्ट 11 और 12 अगस्त को होगा. इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की समाप्ति के बाद हार्दिक पंड्या क्रिकेटिंग एक्शन से दूर थे, हालांकि उन्होंने एक महीने पहले ही ट्रेनिंग शुरू कर दी थी. हार्दिक ने इंस्टाग्राम पर लिखा था, एनसीए की एक छोटी सी ट्रिप.

**श्रेयस अय्यर की वापसी तय :** स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की एशिया कप के लिए भारतीय टी20 टीम में वापसी हो सकती है. श्रेयस अय्यर 27 से 29 जुलाई के दौरान फिटनेस टेस्ट पास कर चुके हैं. श्रेयस अय्यर ने दिसंबर 2023 के बाद से कोई टी20 इंटरनेशनल मुकाबला नहीं खेला है, लेकिन भारतीय चयनकर्ता उनके अनुभव और क्लास को देखते हुए टी20 टीम में शामिल कर सकते हैं. घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में लगातार अच्छे प्रदर्शन के चलते श्रेयस अय्यर का दावा मजबूत नजर आ रहा है. एशिया कप 2025 में कुल आठ टीमें भाग लेने जा रही हैं. इस टूर्नामेंट के लिए हार्दिक पांड्या की मौजूदगी काफी अहम होगी. हार्दिक आक्रामक बल्लेबाजी, धारदार सीम बॉलिंग और बेहतरीन फील्डिंग के लिए जाने जाते हैं. उनकी फिटनेस पर कड़ी नजर रखी जा रहगी है क्योंकि भारतीय टीम मैनेजमेंट उनसे तीनों डिपार्टमेंट में अपना 100 प्रतिशत देने की अपेक्षा रखती है. भारतीय चयनकर्ता एशिया कप के लिए टीम का ऐलान करने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन इसी बीच सभी की नजरें हार्दिक पांड्या की फिटनेस और सूर्यकुमार यादव की रिकवरी पर टिकी हैं. ये दोनों भारत के लिए एक बार फिर एशिया कप खिताब जीतने की राह में गेमचेंजर साबित हो सकते हैं. एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान अगस्त के तीसरे हफ्ते में किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला स्टाफ से यौन उत्पीड़न के आरोपी मालिक को सामुदायिक सेवा की सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अपनी महिला कर्मचारी के साथ यौन उत्पीड़न करने एवं उसका पीछा करने के आरोपी मालिक के खिलाफ दर्ज मुकदमे को रद्द करने के आदेश दिए हैं। इसके एवज में कोर्ट ने आरोपी को छह महीने सरकारी अस्पताल में सामुदायिक सेवा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस रविन्द्र डुडेजा की बेंच ने इस मामले में पीड़िता को तलब कर उसकी मंशा पूछी। पीड़िता ने कहा कि उसके व आरोपी के बीच समझौता हो गया है। उसे अब इस मुकदमे की सुनवाई को बंद करने पर कोई आपत्ति नहीं है। बेंच ने इसके बाद हाईकोर्ट ने आरोपी की मामला बंद करने की याचिका को स्वीकार कर लिया। हालांकि बेंच ने कहा कि क्योंकि यह एक आपराधिक मामला है, इसलिए आरोपी को बगैर कोई सजा के नहीं छोड़ा जा सकता। आरोपी को दिल्ली के सरकारी अस्पताल में सामुदायिक सेवा करने के निर्देश दिए जाते हैं। बेंच ने अपने फैसले में कहा कि अदालतों में बड़ी संख्या में मुकदमे लंबित हैं। ऐसे में यदि कोई शिकायतकर्ता खुद मामले को बंद कराने की इच्छा रखती है, तो उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बेंच का कहना था कि बेशक आरोपी को मुकदमे से राहत दी जा रही है, लेकिन साथ ही उसे एक ऐसी सजा दी जा रही है जो उसके व समाज दोनों के लिए सकारात्मक है। बेंच ने आरोपी को अगले छह महीनों तक हर रविवार को एलएनजेपी अस्पताल में सामुदायिक सेवा करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया कि याचिकाकर्ता एलएनजेपी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होगा जो उसे सामुदायिक सेवा का कार्य सौंपेंगे। यह चिकित्सा अधीक्षक पर निर्भर होगा कि वह आरोपी से किस तरह की सेवा कराएंगे। पीड़िता ने आरोपी पर आरोप लगाया था कि नौकरी के दौरान आरोपी मालिक ने अश्लील टिप्पणियों अवांछित शारीरिक संपर्क व सोशल मीडिया पर उसका पीछा करके महिला का लगातार यौन उत्पीड़न किया। उसका पीछा किया और उसे सार्वजनिकतौर पर अपमानित किया। यहां तक कि शिकायत वापस लेने के लिए धमकाया भी गया। इस बाबत पीड़िता ने वर्ष 2022 में यौन उत्पीड़न, पीछा करने एवं महिला की गरिमा का अपमान के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी।

### दिल्ली पुलिस ने नीतू दाबोदिया गैंग के शार्पशूटर को दबोचा, इटली की पिस्टल बरामद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने कुख्यात नीतू दाबोदिया गैंग के एक शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से इटली में बनी एक अत्याधुनिक अर्ध–स्वचालित पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान देव व्रत उर्फ मोहला (33) के रूप में हुई है। वह दिल्ली के माजरा डबास का निवासी बताया जाता है। आरोपी कंझावला पुलिस थाना क्षेत्र में हुई गोलीबारी की एक घटना में शामिल था। अधिकारियों ने बताया कि 30 और 31 जुलाई की दरम्यानी रात को गांव माजरा दाबास में एक स्थानीय शिकायतकर्ता के निवास पर फायरिंग घटना की सामने आई थी। यह कथित तौर पर व्यक्तिगत विवाद से शुरू हुई बताई जाती है। इस बारे में एक केस यू/एस 125 बीएनएस आर/डब्ल्यू 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत कांझावला थाने में दर्ज किया गया था। प्रारंभिक जांच के दौरान हमलावर की पहचान देव व्रत उर्फ मोहला के रूप में की गई थी। पुलिस को घटना की जांच के दौरान पता चला कि आरोपी देव व्रत के गैंगस्टर नीतू दाबोदिया के साथ संबंध थे। जांच में पता चला कि कुख्यात नीतू दाबोदिया गिरोह के बदमाश गैंग को फिर से एक्टिव करना चाहते हैं। फायरिंग इसी कोशिश का नतीता थी। बता दें कि दिल्ली के सबसे कुख्यात गैंगस्टरों में शामिल नीतू दाबोदिया को साल 2013 में पुलिस ने एक एनकाउंटर में मार गिराया था। पुलिस को पता चला कि गिरोह का शार्प शूटर अवैध हथियार के साथ द्वारका में आएगा। इसके बाद पुलिस ने एक जाल बिछाया और आरोपी देव व्रत उर्फ मोहला को एक अर्ध–स्वचालित पिस्टल और लाइव कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि जेल से छूटने के बाद वह गिरोह को सक्रिय करना चाहता था। इसी मकसद से गोलीबारी की घटना अंजाम दी गई थी।

# हिंडन-यमुना नदी के किनारे बसे गाजियाबाद के 32 गांवों में बाढ़ का खतरा, प्रशासन अलर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद में यमुना और हिंडन नदी के किनारे बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। इस कारण जिला प्रशासन ने गाजियाबाद में दोनों नदी के किनारे करीब 32 गांवों में निगरानी शुरू कर दी है। इसके साथ ही डूब क्षेत्र में बने अवैध निर्माण करने वालों को भी चेतावनी दी गई है।

हिंडन नदी गाजियाबाद से होते हुए गौतमबुद्धनगर के बाद यमुना में मिल जाती है। वहीं,यमुना नदी लोनी क्षेत्र से होते हुए दिल्ली से प्रवेश करती है और गौतामबुद्धनगर के रास्ते मथुरा की ओर बढ़ जाती है। गाजियाबाद में यमुना और हिंडन किनारे करीब 32 से ज्यादा गांवों आते हैं। जब भी नदियों का जलस्तर बढ़ता है तो बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। इन दिनों पहाड़ों पर भारी बारिश हो रही है। इस कारण यमुना का जल स्तर खतरे के निशान के आसपास पहुंच चुके हैं। हालांकि, रविवार को यमुना के जल स्तर 209.00 मीटर पर देखा गया। जो दो दिन पहले 209.50 मीटर देखा गया था। हथनी कुंड से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण यहां अगले दो से तीन दिन में जलस्तर बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में इन नदियों को तटबंधों की निगरानी की जा रही है।

दूसरी ओर हिंडन नदीं में जहां पिछले दिनों 660 क्यूसेक पानी था वह रविवार को 1900 तक पहुंच गया। इससे डूब क्षेत्र में खतरा बना गया है। पिछले दो साल पहले हिंडन में दो हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी होने से बाढ़ आ गई थी। इससे कई इलाकों में पानी भर गया था। सिटी फोरेस्ट पूरी तरह से जलमग्न हो गया था। हिंडन में पानी बढ़ने से एक बार फिर बाढ़ जैसी स्थिति बनने लगी है।

इसके मद्देनजर सिचाई विभाग ने डूब क्षेत्र में अतिक्रमण कर निर्माण करने वालों को चेतावनी दी है। विभाग ने कहा कि इन गांवों की सीमा से सटे डूब क्षेत्र में किसी भी तरह की गतिविधि या अतिक्रमण तत्काल हटा लिया जाय। वहीं, सिचाई विभाग के अलर्ट के बाद प्रशासन ने भी चेतावनी जारी कर दी है कि इस क्षेत्र में किसी भी तरह की जनधन की हानि होने पर संबंधित व्यक्ति खुद जिम्मेदार होगा।

#### हिंडन किनारे आवासीय क्षेत्र में प्रवेश कर जाता है पानी

सिचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राजकुमार वर्ण ने बताया कि बरसात के दिनों में हिंडन नदी का पानी कई किलोमीटर तक आवासीय क्षेत्र में प्रवेश कर जाता है। इसे रोकने के लिए हिंडन नदी पर तटवर्ती बंध बनाए गए हैं। नदी के बाढ़ की एक सीमा भी तय की गई। जिसे डूब क्षेत्र कहा गया। इस क्षेत्र में किसी प्रकार का अतिक्रमण या फिर पक्का निर्माण मान्य नहीं है। इसे बावजूद धीरे-धीरे नदी के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण होता चला गया।

राजकुमार वर्ण, अधिशासी अभियंता, सिंचाई निर्माण खंड, गाजियाबाद, यमुना और हिंडन के डूब क्षेत्र में बाढ़ की आशंका है। इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। अवैध अतिक्रमण के कारण ज्यादा खतरा है।

## आनंद शर्मा ने कांग्रेस के विदेश मामलों के विभाग के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने रविवार को पार्टी के विदेश मामलों के विभाग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया ताकि इसके पुनर्गठन में मदद मिल सके और युवा नेताओं को इसमें शामिल किया जा सके। केंद्रीय मंत्री रह चुके शर्मा ने लगभग एक दशक तक पार्टी के विदेश मामलों के विभाग का नेतृत्व किया। हालांकि, वे कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य बने रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संबोधित अपने त्यागपत्र में शर्मा ने कहा, ''जैसा कि मैंने पहले भी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख दोनों को बताया है, मेरे विचार से, समिति का पुनर्गठन किया जाना चाहिए ताकि इसमें क्षमतावान और प्रतिभाशाली युवा नेताओं को शामिल किया जा सके। इससे इसके कामकाज में निरंतरता सुनिश्चित होगी।'' उन्होंने कहा, ''मुझे यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, मैं विदेश मामलों के विभाग (डीएफए) के अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा दे रहा हूं ताकि इसका पुनर्गठन हो सके।''

पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य शर्मा लगभग चार दशकों से अंतरराष्ट्रीय मामलों पर कांग्रेस का प्रमुख चेहरा रहे हैं। हालांकि, शर्मा अब भी कांग्रेस के सदस्य बने हुए हैं। पत्र में शर्मा ने कहा कि डीएफए पिछले कुछ दशकों से दुनिया भर में समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के साथ कांग्रेस के संबंधों को बनाने और मजबूत करने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है।

## महिला पैसेंजर को दी गंदी सीट, इंडिगो एयरलाइंस पर 1.5 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के एक उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने इंडिगो एयरलाइंस को सेवा में कमी का दोषी ठहराते हुए एक महिला को डेढ़ लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। आयोग ने यह आदेश विमान में महिला को कथित तौर पर गंदी और दागदार सीट उपलब्ध कराने के साथ ही शिकायत पर संवेदनशीलता से कार्रवाई नहीं करने के आरोपों के मामले में दिया।

**अस्वच्छ, गंदी और दागदार सीट देने का आरोप :** नई दिल्ली जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष पूनम चौधरी और सदस्य बारीक अहमद एवं शेखर चंद्र की पीठ शिकायतकर्ता पिंकी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पिंकी ने आरोप लगाया था कि इस साल दो जनवरी को बाकू से दिल्ली लौटते समय उन्हें विमान में अस्वच्छ, गंदी और दागदार सीट दी गई थी।

**सेवा में कमी का माना दोषी :** यही नहीं शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी शिकायत को एयरलाइन ने उपेक्षापूर्ण और असंवेदनशील तरीके से निपटाया। एयरलाइन ने अपने जवाब में कहा कि शिकायत के बाद महिला को दूसरी सीट दी गई थी। एयरलाइन ने कहा कि इसी सीट पर महिला ने स्वेच्छा से दिल्ली तक की यात्रा पूरी की। लेकिन आयोग ने साक्ष्यों के आधार पर कहा कि फोरम का मानना है कि विपक्षी पक्ष सेवा में कमी का दोषी है।

**एसडीडी रिपोर्ट प्रस्तुत करने में रही विफल :** आयोग ने प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर नौ जुलाई को फैसला दिया। आयोग ने कहा कि हम मानते हैं कि प्रतिवादी (इंडिगो) सेवा में कमी का दोषी है। महिला को हुई असुविधा, पीड़ा और मानसिक तनाव के लिए उन्हें मुआवजा मिलना चाहिए। आदेश में एयरलाइन को डेढ़ लाख रुपये मुआवजे के साथ 25 हजार रुपये मुकदमे खर्च के तौर पर देने का भी निर्देश दिया गया।

फोरम ने यह भी कहा कि एयरलाइंस स्थिति डेटा डिस्प्ले (एसडीडी) रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रही। जो उड़ान संचालन और यात्रियों से जुड़े घटनाक्रम दर्ज करने के लिए आवश्यक दस्तावेज है।

## दिल्ली को बनाएंगे फिल्म उद्योग का केंद्र, पॉलिसी लाकर देंगे कई सहूलियत; सीएम रेखा गुप्ता का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली को फिल्मी हब बनाने के लिए दिल्ली सरकार बेहद गंभीर है। दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्थल बनाने के लिए फिल्म पॉलिसी तैयार की जा रही है। फिल्म शूटिंग के आवेदनों को जल्द सिंगल विंडो सिस्टम से अनुमति दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी रविवार को सेलिब्रेटिंग इंडिया फिल्म फेस्टिवल (सीआईएफएफ) के समापन समारोह में दी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में इस तरह के शानदार आयोजन की कल्पना करना और उसे हकीकत में बदलना, कोई आसान काम नहीं होता। इस कार्यक्रम से संदेश निकला है कि हमारी दिल्ली अब फिल्म निर्माण और सांस्कृतिक चेतना का नया केंद्र बनने की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है।

सीएम ने कहा कि सरकार दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध शूटिंग स्थल (ग्लोबल शूटिंग डेस्टिनेशन) के रूप में बढ़ावा देने के लिए दिल्ली की फिल्म पॉलिसी बना रही है। दिल्ली को फिल्म निर्माण का हॉटस्पॉट बनाने के लिए सरकार ने 3 करोड़ रुपये का



बजट तय किया है। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में सरकार को काफी फिल्मों की दिल्ली में शूटिंग करने के लिए आवेदन मिलेंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार इन आवेदनों को सिंगल विंडो सिस्टम के जरिये अनुमति देगी ताकि फिल्म निर्माताओं का मनोबल बढ़े। इस नई फिल्म पॉलिसी के जरिये दिल्ली सिर्फ राजनीति या इतिहास के लिए नहीं बल्कि अब अपनी संस्कृति, रचनात्मकता और फिल्मी स्थानों के लिए भी पहचानी जाएगी।

**एनएसडी के कलाकारों ने दुनियाभर में नाम कमाया :** मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) जैसा प्रतिष्ठित ड्रामा और थियेटर का संस्थान है, जहां के कई कलाकारों ने देश-विदेश में नाम कमाया है, फिर भी आज तक किसी ने दिल्ली में ही फिल्म उद्योग के विकास पर कोई गंभीर पहल या प्रयास नहीं किया है।

**दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन होगा :** सीएम ने कहा कि दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस आयोजन से शहर की संस्कृति और विविधता को बढ़ावा मिलेगा। महोत्सव में अलग-अलग विषयों पर देश ही नहीं विदेशी फिल्मों और डॉक्यूमेंट्री को देखने का मौका मिलेगा।

## बेटे को बचाने के लिए 90 वर्षीय मां ने की कानून की पढ़ाई



**बीजिंग एजेंसी।** अपने बच्चों को बचाने के लिए मां-बाप कुछ भी कर जाने से पीछे नहीं हटते। ऐसी ही मिसाल एक 90 साल की महिला ने कायम की है। अपने बेटे को कानून के चंगुल से बचाने के लिए इस महिला ने 90 साल की उम्र में कानून की पढ़ाई की। यह मामला चीन का है जहां महिला का 57 वर्षीय बेटा कानूनी मुसीबत में फंस गया था। उसके ऊपर एक स्थानीय व्यापारी को 141 करोड़ रुपए के लिए ब्लैकमेल करने का आरोप था। इस केस में पुलिस ने अप्रैल 2023 में उसे गिरफ्तार कर लिया। मजिस्ट्रेट के सामने सुनवाई में महिला अपने बेटे के वकील के तौर पर पेश हुई।

महिला का नाम मिसेज ही है और उनके बेटे का नाम लिन है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में प्रकाशित खबर के मुताबिक बेटे की गिरफ्तारी के बाद मां उसे बहुत ज्यादा याद कर रही थी। इसलिए उसने कानून की पढ़ाई करने का फैसला किया। हालांकि उनकी उम्र देखते हुए परिवार ने इस फैसले पर आपत्ति जताई। लेकिन मिसेज ही मानी नहीं और तैयारी में जुट गईं। मिसेज ही की पोती ने मीडिया से बताया कि मेरी दादी बहुत जिद्दी हैं। उन्होंने क्रिमिनल लॉ और लॉ ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर की किताबें खरीदीं। किताबें और जर्नल्स पढ़ने के अलावा वह हर रोज कोर्ट भी जाती थीं, ताकि संबंधित केसेज के डॉजियर पढ़ सकें।

**क्या है पूरा मामला :** असल में लिन का गैस प्रोडक्शन का बिजनेस था। इसमें उसका पार्टनर था हुआंग। साल 2009 में लिन चीन के 100 सबसे अमीर लोगों में शुमार था। लेकिन प्रोडक्शन में निरंतरता के अभाव में लिन की फैक्ट्री घाटे में जाने लगी। ऐसे में उसे भी काफी नुकसान उठाना पड़ा। 2014 और 2017 के बीच लिन और उसके अकाउंटेंट ने पार्टनर हुआंग से 117 मिलियन युआन मांगे। उन्होंने धमकी दी कि अगर हुआंग ने पैसे नहीं दिए तो उसके गैरकानूनी कामों की जानकारी टैक्स एजेंसीज को दे दी जाएगी। इससे परेशान होकर 2023 में हुआंग ने लिन के ऊपर ब्लैकमेल का केस कर दिया।

जब मिसेज ही ने पहली बार अपने बेटे को हथकड़ियों में कोर्टरूम ले जाते देखा तो वह करीब-करीब बेहोश हो गई थीं। वह वहीं पर रोने गली थीं। रिपोर्ट के मुताबिक इसके बाद उन्होंने बेचैनी की शिकायत की, जिस पर कोर्ट ने उन्हें डॉक्टर और एंबुलेंस की सुविधा मुहैया कराई। डॉक्टरों ने जांच के बाद मिसेज ही को अस्पताल जाने की सलाह दी थी, लेकिन उन्होंने अपने बेटे के साथ रुकने का फैसला किया।

## फिर कांपी धरती, चीखते रहे लोग, ढह गई इमारत, भूकंप से मचा कोहराम

**मेक्सिको , एजेंसी।** दुनिया के दो अलग-अलग हिस्सों में रविवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। मेक्सिको में 5.7 तीव्रता का भूकंप आया जबकि तुर्किए में 6.1 तीव्रता के झटकों ने एक बार फिर तबाही मचाई। इन दोनों देशों की भौगोलिक स्थिति इन्हें भूकंप के लिए बेहद संवेदनशील बनाती है।

**मेक्सिको में क्यों आता है भूकंप? :** रिपोर्ट के अनुसार मेक्सिको के ओक्साका तट के पास आया यह भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। मेक्सिको रिंग ऑफ फायर पर स्थित है जो प्रशांत महासागर के चारों ओर भूकंप और ज्वालामुखी गतिविधियों का एक प्रमुख क्षेत्र है। यहां प्रशांत, उत्तरी अमेरिकी और रिवेरा प्लेटें आपस में टकराती हैं जिससे लगातार भूकंप आते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक तुर्किए के उत्तर-पश्चिमी प्रांत बालिकेसिर में आए 6.1 तीव्रता के भूकंप से भारी नुकसान हुआ। तुर्किए के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि इस हादसे में 81 साल के एक बुजुर्ग की मौत हो गई कई लोग घायल हुए और 15 से ज़्यादा इमारतें गिर गईं। भूकंप की वजह से भारत में भी कई बार बड़ी तबाही हो चुकी है। नेपाल, पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देश भी भूकंप के कारण बुरी तरह प्रभावित होते रहे हैं। ये सभी देश टेक्टोनिक प्लेट्स की हलचल वाले क्षेत्रों में स्थित हैं जिससे यहां भूकंप का खतरा हमेशा बना रहता है।

### रूस को चाहिए एक चौथाई यूक्रेन? ट्रंप-पुतिन की मीटिंग से पहले ही बखेड़ा, जेलेंस्की ने दी चेतावनी


**मास्को एजेंसी।** अगले हफ्ते होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अहम बैठक से पहले, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वे रूस को युद्ध में कब्जा किए गए यूक्रेनी इलाके सौंपने को कतई मंजूर नहीं करेंगे। दरअसल, यूक्रेनी अधिकारियों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा विश्लेषकों के अनुसार, तीन साल से ज्यादा के इस महायुद्ध में रूसी सेना यूक्रेन के 20 प्रतिशत से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर चुकी है और ट्रंप ने भी संकेत दिया है कि कब्जा किए यूक्रेनी हिस्सों को रूस को देने में कोई आपत्ति नहीं।दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों घोषणा की कि वे 15 अगस्त को अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलेंगे, जहां वे रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए वार्ता करेंगे। ट्रंप ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच एक युद्धविराम समझौता नजदीक है, जिसमें यूक्रेन को कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्र सौंपने पड़ सकते हैं।

## पूर्व राष्ट्रपतियों से भी खफा ट्रंप? वाइट हाउस के प्रवेश द्वार से हटवाए ओबामा और बुश के चित्र

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों अजग-गजब फैसलों के लिए सुर्खियों में बने हुए हैं। दुनियाभर के कई देशों पर मनमाफिक टैरिफ लगाने के बाद उनके निशाने पर उनके ही देश के पूर्व राष्ट्रपति हैं। ट्रंप प्रशासन ने उनके आधिकारिक आवास वाइट हाउस के प्रवेश द्वार पर लगे पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के चित्र हटवा दिए हैं और उसे ऐसी जगह पर लगवा दिया है जो कम इस्तेमाल में आता है या जहां बहुत कम लोगों का आना-जाना होता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वाइट हाउस के प्रवेश द्वार की एक प्रमुख विशेषता रहे पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के आधिकारिक चित्र को अब एक कम प्रमुख स्थान पर रखा गया है, जो 44वें और 47वें राष्ट्रपतियों के बीच वर्षों से चले आ रहे तनाव को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ विवादास्पद संबंध रखने वाले अन्य हालिया पूर्ववर्तियों, पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश और उनके पिता जॉर्ज एच. डब्ल्यू. बुश के चित्रों को भी हटा दिया गया है।





**रोजाना आने-जाने वाले नहीं देख सकेंगे :** रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने अपने कर्मचारियों को बराक ओबामा की तस्वीर को ग्रैंड स्टेयरकेस के सबसे ऊपर ले जाने का निर्देश दिया, जो ज़्यादातर उनके परिवार, चुनिंदा कर्मचारियों और सीक्रेट सर्विस एजेंटों के लिए ही सीमित था। एक सूत्र ने पुष्टि की कि बुश की तस्वीरें भी अब वहीं रख दी गई हैं। ट्रंप के इस कदम से अब रोजाना वहां आने-जाने वालों की नजरों से बराक ओबामा या बुश जैसे पूर्व राष्ट्रपतियों की तस्वीरें दूर हो गई हैं।

**वाइट हाउस के रख रखाव में ट्रंप का सीधा दखल :** कई स्त्रोतों ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप वाइट हाउस के रख -रखाव और सौंदर्यीकरण से जुड़े लगभग हर काम में, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, सीधे तौर पर हस्तक्षेप कर रहे हैं। वाइट हाउस की परंपरा और प्रोटोकॉल के अनुसार, हाल के राष्ट्रपतियों के चित्रों को कार्यकारी भवन के प्रवेश द्वार पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाता रहा है, जहाँ से आधिकारिक अतिथि और सार्वजनिक पर्यटक आते-जाते हैं। ओबामा का चित्र अब निजी आवास के पास सीढ़ियों के ऊपर, लैंडिंग पर लगाया गया है, जो आम जनता की पहुँच से दूर है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ओबामा की तस्वीर को पुनः स्थापित करने से पहले अप्रैल में एक और कदम उठाया गया था, जब इसे ग्रैंड फ़ोयर में स्थानांतरित कर दिया गया था और उसकी जगह एक पेंटिंग लगाई गई थी, जिसमें पेंसिलवेनिया के बटलर में ट्रंप पर हुए हमले में उनके जीवित बचे होने का चित्रण किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंडर 23 झारखंड स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेने बोकारो की टीम लोहरदगा रवाना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंडर 23 झारखंड स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता लोहरदगा के बलदेव साहू स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। बोकारो की टीम आज लोहरदगा के लिए रवाना हुई। विभिन्न भार वर्ग में जो खिलाड़ी बालक एवं बालिका वर्ग से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले हैं उनमें प्रमुख हैं,, बालिका वर्ग में आरती पांडे, सिमरन कुमारी, तरन्नुम कुमारी,मंजू सिंह,तन्नु कुमारी, कुमकुम कुमारी, अंजलि सिंह, खुशबू उपाध्याय तथा बालक वर्ग में नीतीश कुमार, गणेश कुमार,शिवम कुमार, चन्दन कुमार,कुश कुमार, अभिषेक सिंह,बादल कुमार, देवेन्द्र कुमार, सूरज कुमार हैं।कोच मृत्युंजय नाथ चौधरी है। टीम का हौसला अफजाई के लिए अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, उपाध्यक्ष रणधीर कुमार, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, रामजीत यादव,,बिनोद सिंह, चिंटू कुमार,राजू कुमार, सुजीत कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सेक्टर 12 मोड़ का नाम खुदीराम बोस चौक करे प्रबंधन-कुमार अमित

**बलिदान दिवस के दिन बोकारोवासियों ने स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस को किया नमन**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के 12 मोड़ स्थित स्वतंत्रता सेनानी शदीद खुदीराम बोस के प्रतिमास्थल पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित के नेतृत्व में युवाओं और दुन्दीबाग के दुकानदारों ने उनके बलिदान दिवस के दिन पुष्पांजलि कर नमन किया। इस अवसर पर कुमार अमित ने कहा कि खुदीराम बोस युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। 18 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान दिया। बोकारो सिटी प्रबंधन को उनके शहादत को सम्मान देते हुए सेक्टर 12 मोड़ का नाम ह्णअमर शहीद खुदीराम बोस चौक, 12 मोड़ करना चाहिए। कुमार अमित ने इस आशय का प्रस्ताव एवं प्रतिमास्थल के सौंदर्यीकरण की माँग को लेकर शीघ्र बीएसएल प्रबंधन से मिलने की भी बात कही। इस अवसर पर लालबाबू, जीतेन्द्र कुमार, विशाल गौतम, केबी रजक, अनीष कुमार, राकेश राम, दीपक कुमार , तुफान चौरसीया, उत्तम महतो, तुलसी रजवार आदि उपस्थित थे।

### भाकपा माले ने मनाया शहीद खुदीराम बोस का शहादत दिवस



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाकपा माले ने आज टेम्पल रोड स्थित पुराना बाजार कार्यालय में शहीद खुदीराम बोस का शहादत दिवस मनाया। सर्व प्रथम उपस्थित लोगों ने खुदीराम बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण एंव पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्षता सुभाष प्रसाद सिंह एंव संचालन पवन महतो ने किया। मुख्य वक्ता माले के वरिष्ठ नेता हरि प्रसाद पप्पू ने कहा की भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में शिरकत करने वाले असंख्य क्रांतिकारियों की श्रृंखला में शहीद खुदीराम बोस एक चमकता हुआ सितारा हैं ' आने वाली पीढ़ियों को जो हमेशा क्रांति के पक्ष में बढ़ने के लिए लाइट हॉउस का काम करेंगे ' नई गुलामी से त्रस्त और कॉर्पोरेट समाज के विरुद्ध आज के दौर में इंकलाब का नारा बुलंद करने के लिए शहीद खुदी राम बोस का रास्ता ही परिवर्तन ला सकता हैं। बैठक में राज्य कमिटी के सदस्य आनंद मय पाल, सुभाष चटर्जी, सुभाष सिंह, पवन महतो, विश्वजीत राय, सुशांतो नायक, वैद प्रकाश सिंह, राज कुमार रवानी, प्रदीप गोराय,अनूप प्रसाद, सतेंद्र वर्मा आदि शामिल थे।

### दो अलग अलग दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुरहू सीएचसी से ड्यूटी कर लौट लौटने के क्रम में खूंटी के नामकोम सड़क मार्ग पर नशे में धुत बाइक सवार ने जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में गनालोया निवासी नंदलाल गंझू अपनी पत्नी रिंकी कुमारी और दो बच्चों के साथ अपने घर वापस जा रहे थे। नशे की हालत में बाइक सवार ने स्कूटी सवार नंदलाल और रिंकी कुमारी को टक्कर मारी। जिससे स्कूटी सवार रिंकी कुमारी और बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को खूंटी सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में सभी घायलों का इलाज चल रहा है। वहीं एक दूसरी घटना में हुलहुडु सिलादोन निवासी 21 वर्षीय युवक अंकित रूणडा ( पिता बनार्बास रूणडा) दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अज्ञात लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घायलों की जानकारी होने पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि लगातार नशे के कारण युवा वर्ग तेज रफ्तार में बाइक चलाते हैं और दुर्घटना में राहगीरों की जान तक ले लेते हैं। पुलिस प्रशासन को नशे के विरुद्ध कड़ाई से अभियान चलाना चाहिए।

### धनबाद रेल मंडल माल ढुलाई में तीसरे और आय में दूसरे स्थान पर रहा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद रेल मंडल ने जुलाई माह के आंकड़े के अनुसार 13.64 मेट्रिक टन माल ढूलाई किया। बारिश इसका मुख्य कारण बताया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने बताया कि जुलाई माह में धनबाद डिवीजन माल ढूलाई में तीसरे स्थान पर रहा। जबकि बिलासपुर पहला एवं कुरनुल दूसरे स्थान पर रहा। आंकड़े के अनुसार बिलासपुर 15.26 मेट्रिक टन, कुरनुल 14.55 मेट्रिक टन जबकि धनबाद मंडल का जुलाई माह में 13.64 मेट्रिक टन माल ढूलाई रहा.अप्रैल से जुलाई तक के आंकड़े के अनुसार धनबाद 62.67,बिलासपुर 63.19 और कुरनुल का 57.31 है.वही माल ढूलाई से होनेवाला आय जुलाई माह में 1695.476 करोड़ आय धनबाद मंडल का रहा जबकि बिलासपुर ने 1667.042 करोड़ का आय किया.वही यात्री आय में भी धनबाद मंडल पीछे रहा.डीआरएम ने बताया कि माल ढूलाई में पीछे रहने की मुख्य वजह बेतहाशा बारिश है साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो तीन माह में धनबाद मंडल ने इंफ्रास्ट्रक्चर को डेवलप करने पर काफी ज्यादा ध्यान दिया गया है.उन्होंने एक महत्वपूर्ण बात कही है कि धनबाद स्टेशन के नार्थ साइड यानी प्लेटफॉर्म संख्या 1 के आगे से दो लाइने और जुड़ेंगी.धनबाद रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास लुक देने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मौजूदा स्टेशन भवन के बदले नया अत्याधुनिक सुविधाओं वाला भवन बन कर तैयार होगा। नए स्टेशन भवन का प्रारूप भी तैयार हो गया है जिसकी लागत राशि भी तय की जा चुकी है.

# बोकारो को नशामुक्त, शिक्षा व समग्र विकास से होगी दिशोम गुरु को सच्ची श्रद्धांजलि: उपायुक्त

**बाबा शिबू सोरेन का लुगुबुरू में लगेगी आदमकद प्रतिमा, स्थान चिन्हित समाज के लोग करें**







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व आदिवासी दिवस 2025 के अवसर पर जिला प्रशासन - आदिवासी समाज द्वारा बोकारो जिले में दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन को समर्पित श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गोमिया प्रखंड के ललपनिया पंचायत के लुगुबुरू में किया गया। इस मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक श्री हरविंदर सिंह समेत जिले के अन्य पदाधिकारी और आदिवासी समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**मौन रखकर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

आदिवासी समाज की ओर से आयोजित इस सभा में दिशोम गुरु के जीवन, संघर्ष और आदिवासी चेतना के प्रति उनके योगदान को भावपूर्ण ढंग से याद किया गया। सभा की शुरूआत दो मिनट का मौन रखकर बाबा दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई।

**नशामुक्त समाज- शिक्षा व समग्र विकास का लिया संकल्प**

सभा को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने कहा कि बोकारो को नशामुक्त बनाना और शिक्षा को हर घर तक पहुँचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नशे से मुक्ति, शिक्षा का विस्तार और समग्र विकास झ यही बाबा दिशोम गुरु को हमारी ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिले का एक भी बच्चा बुनियादी शिक्षा से वंचित नहीं हो, इसके लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। सभी का नामांकन आंगनबाड़ी केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्र से प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय से उच्च विद्यालय में हो, इसकी निगरानी की जाएगी। युवाओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि नशा और सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, कौशल और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ना ही भविष्य को उज्जवल बनाएगा। उन्होंने बाबा शिबू के नाम से नशामुक्ति का अभियान चलाने, समाज को जागरूक करने की बात कहीं। जिससे समाज के लोग स्वयं आगे आकर नशा को त्याग करेंगे। उपायुक्त ने बाबा दिशोम गुरु के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा शुरू किए गए रात्रि पाठशाला, समाज सुधारक की भूमिका... के संबंध में विस्तार से बताया। उनके द्वारा दिखाएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बाबा शिबू सोरेन का लुगुबुरू में आदमकद प्रतिमा होगी, उन्होंने समाज के लोगों से स्थान चिन्हित करने को कहा।

**जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व**

मौके पर अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बाबा शिबू सोरेन के जीवनी, उनके संघर्ष के संबंध में बताया। यह सब क्षेत्र जो कभी बहुत नक्सल प्रभावित हुआ करता था, लगातार विकास -प्रगति के कारण ही यहां की पूरी तस्वीर बदली है। पूरा प्रशासन आप सबों के साथ है, सभी लोग सुरक्षित यहां बैठे हुए हैं। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा को महत्व देने और किसी प्रकार के नशा को अपने समाज - अपने परिवार से दूर रखने की बात कहीं। पूजा-अर्चना और समृद्धि का किया प्रार्थना उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने बाबा लुगुबुरू के मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने जिले और राज्यवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और आपसी भाईचारे के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि लुगुबुरू केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ ने भी अपने संबोधन में बाब दिशोम गुरु द्वारा सूदखोरी और महाजनीय प्रथा के विरुद्ध किए गए आंदोलन, किसानों, दलित पीड़ित सभी वर्गों के शोषण को बंद करने के लिए उन्होंने कार्य किया। उनके बारे में जितना भी कहा जाए कम है इसलिए हम यही कहना चाहेंगे कि उनके बताए हुए मार्ग पर हम सभी को चलना चाहिए। हमें शिक्षा को अपनाना चाहिए। हमें नशापान को छोड़ना होगा। सभी लोगों को सभी वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए एक दूसरे का सहयोग करना होगा। मौके पर जिला नजारत उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, कार्यपालक दंडाधिकारी कनिष्क कुमार, आदिवासी समाज के लोग आदि उपस्थित थे।

# कंपनी-संगठन अपने यहां कार्यरत सभी श्रमिकों का कराएं शत प्रतिशत निबंधन : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने श्रम विभाग एवं कौशल विकास विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति का समीक्षा बैठक किया। जिसमें जिले में श्रमिक पंजीकरण की स्थिति, श्रम अधिनियमों के अनुपालन, कारखानों की निरीक्षण व्यवस्था तथा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा किया।

**श्रमिक पंजीकरण में तेजी लाने का दिया निर्देश**

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले की सभी कंपनियां - संगठन और औद्योगिक प्रतिष्ठान अपने यहां कार्यरत प्रत्येक श्रमिक का श्रम विभाग में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि श्रम अधीक्षक इस कार्य का सख्ती से निगरानी करेंगे। साथ ही, पंजीकरण कार्य की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। पंजीकरण में लापरवाही बरतने वाले नियोक्ताओं पर कानूनी कार्रवाई करें। पंजीकरण नहीं होने के कारण श्रमिक निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना, मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रवृति योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, विवाह सहायता योजना आदि के लाभ से वंचित हो रहे हैं। उपायुक्त ने श्रमिकों के निबंधन संख्या कम होने पर खेद प्रकट किया। कहा कि यह सही नहीं है। औद्योगिक प्रतिष्ठान



इसे अविलंब दुरूस्त करें। उन्होंने श्रम अधीक्षक को तीन महिनों के अंदर जिले में कार्यरत लगभग छह लाख सभी श्रमिकों का निबंधन कराने को कहा।

**कारखानों का नियमित निरीक्षण- श्रम कानूनों का पालन जरूरी**

उपायुक्त ने समीक्षा क्रम में श्रम अधीक्षक को जिले में संचालित विभिन्न कारखानों का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने कारखानों में श्रम अधिनियमों के पालन पर विशेष जोर देते हुए कहा सभी औद्योगिक इकाइयां श्रमिकों को उचित वेतन, स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा उपकरण और अन्य वैधानिक लाभ सुनिश्चित करें। निरीक्षण प्रतिवेदन में कानूनी मानकों के अनुपालन की स्थिति स्पष्ट रूप से दर्ज की जाए।

**सरकारी योजनाओं से श्रमिकों को लाभांवित करना प्राथमिकता**

बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी पंजीकृत श्रमिकों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले। इनमें स्वास्थ्य दुर्घटना बीमा, अंत्येष्टि सहायता योजना, छात्रवृति योजना और मातृत्व लाभ आदि सुविधाएं शामिल हैं।

**मुख्यमंत्री सारथी योजना पर दें ध्यान, स्थानीय को बनाएं हुनरमंद**

कौशल विकास योजना की समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत चार उप-योजनाएं सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र (मेगा स्किल केंद्र), एम्प्लॉयबिलिटी एक्सीलेंस विथ कॉलेज एजुकेशन एंड लर्निंग (एक्सेल) एवं ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फॉर रूरल स्किल (बिरसा) के तहत विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक-युवतियों के संबंध में उपायुक्त ने समीक्षा की। वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 1740 युवक झ युवतियों का विस्तृत डाटा 48 घंटे में जिला कौशल समन्वयक को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने प्रशिक्षण स्थानीय युवक - युवतियों को देने को कहा, ताकि रोजगार के अवसर जिले में ही सृजित हों। बैठक में जिला श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार, जिला समन्वयक आशीष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# निरसा विधायक के कारण 25 चयनित पॉलिटेक्निक छात्रों का भविष्य दांव पर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा में नामांकन लेने वाले 25 छात्रों का भविष्य आज स्थानीय विधायक के कारण दाव पर चढ़ गया है।

**क्या है मामला :** परीक्षा के नियम के अनुसार पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा में सफल तमाम चयनित विद्यार्थियों को नामांकन लेने के लिए अपने साथ स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट लाना अनिवार्य होता है। राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा में आज राज्य के अन्य संस्थाओं की तरह नये चयनित विद्यार्थियों का नामांकन कि आज अंतिम तिथि है। स्थानीय विधायक निरसा रूप चटर्जी के दो लोग अपने स्टूडेंट के नामांकन को लेकर वहां पहुंचे तथा नामांकन प्रभारी डॉ एसपी यादव पर या दबाव बनाया कि वह बिना स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट के ही उक्त बच्चों का नामांकन ले ले नियम के अनुकूल चूकि यह संभव नहीं था उन्होंने उनका नामांकन लेने से स्पष्ट इनकार कर दिया प्रतिक्रिया में विधायक गुस्से में संस्थान के गेट पर ताला लगा दिया और चेतावनी दी जब तक उन विद्यार्थियों का नामांकन नहीं होता किसी का नामांकन नहीं होगा ऐसे में चयनित बच्चों जो वहां नामांकन लेने गए थे उनके समक्ष लौटने की स्थिति आ गई लेकिन विधायक इस बात पर अड़े रहे कि जब तक नामांकन इंचार्ज उनसे माफी नहीं मांगेगा नामांकन नहीं होगी। ऐसे में एक जनप्रतिनिधि विधायक के नाते लगभग 25 छात्रों का भविष्य दाव पर लग गया।

**क्या कहा नामांकन प्रभारी ने :** मामले में संस्थान के नामांकन प्रभारी डॉ एसपी यादव से बात करने पर उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी को कोई गलत बात नहीं बोला यही कहा कि बिना स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट के वह नामांकन नहीं ले सकते । ऐसे में गुस्से में आकर विधायक ने संस्थान में ताला लगा दी और दो बच्चों के चलते तमाम बच्चों का नामांकन रुक गया।

**विधायक की प्रतिक्रिया :** संवाददाता ने जब विधायक अरुप चटर्जी से बात की तो उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति उन्हें धमका कर चला जाय यह बर्दाश्त नहीं कर सकते ।हर हाल में संबंधित नामांकन प्रभारी को उनसे माफी मांगनी होगी तभी संस्थान का ताला खोलूंगा।

# साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी में बही काव्य रस की फुहार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैथिली साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी साहित्यकार शैलजा झा व रंगकर्मी शंभु झा के सेक्टर 9 स्थित आवास पर हुई। वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा की अध्यक्षता व साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन में आयोजित इस रचनागोष्ठी में साहित्यकारों ने सावन, मानवीय भावनाओं, देशप्रेम, परंपरा, ऋृंगार आदि रस की रचनाओं का पाठ किया। रचनागोष्ठी की शुरूआत संस्कृत व मैथिली के साहित्यकार भुटकुन झा ने स्वस्तिवाचन के बाद धराकुण्ड कविता सुनाकर की।

तत्पश्चात बटोही कुमार ने व्यथा, गंगेश कुमार पाठक ने मित्रक समाद, शैलजा झा ने मैथिली में मोन प्राण, अनचिन्हार स्त्री व हिन्दी में बजबजाता जख़्म, अमन कुमार झा ने मैथिली में पुनर्जन्मक भोज व टीक रखनिहार बाबा, अमीरीनाथ झा अमर ने मैथिली कविता गाम घर व एक बात, राजीव कंठ ने प्रजातंत्रक ढ़ोल, अरुण पाठक ने हम हैं बिहारी, बिहार है गौरव हमारा., बुद्धिनाथ झा ने ऊं महाभारत से एक प्रसंग सुनाने के बाद मैथिली कविता के करत बर जोड़ सजनी व चिनगी किझाउ ने सुनाकर सबकी प्रशंसा पाई। पठित रचनाओं पर समीक्षा टिप्पणी बुद्धिनाथ झा, भुटकुन झा, राजेन्द्र कुमार, चन्द्र कान्त मिश्र, अमीरी नाथ झा, बटोरी कुमार, शंभु झा आदि ने दी। अध्यक्षीय वक्तव्य में बुद्धिनाथ झा ने कहा कि साहित्यलोक द्वारा मासिक रचनागोष्ठी की निरंतरता प्रशंसनीय है। साहित्यकारों में रचनाधर्मिता के प्रति उत्साह बनाए रखने में इस तरह की गोष्ठियों की महती भूमिका है। पठित रचनाओं पर दी जाने वाली समीक्षा टिप्पणी से रचनाओं के गुण-दोष का पता चलता है। उन्होंने सभी रचनाकारों से निरंतर मासिक गोष्ठियों में आने की अपील की।

## बोकारो उपायुक्त का फर्जी फेसबुक अकाउंट, आमजन रहें सतर्क

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा के नाम एवं प्रोफाइल फोटो का दुरुपयोग करते हुए फर्जी फेसबुक आइ.डी. बनाई गई है, जिसके माध्यम से दूसरों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा जा रहा हैं। यह साइबर फ्रॉड का मामला है।

**सतर्कता बरतें, किसी भी प्रकार की मांग या लिंक से रहें दूर**

इस संबंध में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आमजनों को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि यदि किसी अनधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट या फोन नंबर से पैसों की मांग की जाती है या किसी प्रकार का प्रलोभन/लिंक भेजा जाता है, तो उसे तुरंत ब्लॉक कर फेसबुक को रिपोर्ट करें। साथ ही, मैसेंजर एवं किसी भी संदिग्ध मैसेज या लिंक को क्लिक करने से बचें। यदि किसी व्यक्ति की निजी जानकारी का दुरुपयोग हुआ है या आर्थिक क्षति हुई है, तो वह इसकी शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल या अपने निकटवर्ती थाना में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# टाउन हॉल सभागार में आयोजित परामर्श-आवेदन शिविर में विस्थापित युवा हुए शामिल

**निःशुल्क कोचिंग एवं कौशल विकास कार्यक्रम हेतु जिला प्रशासन व बीएसएल की संयुक्त पहल**






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन एवं बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) की संयुक्त पहल कौशल विद्या मंदिर के अंतर्गत विस्थापित गाँवों के वैध पंजीकृत प्रमाणपत्र धारक युवाओं के लिए आयोजित एक दिवसीय परामर्श एवं आवेदन शिविर सोमवार को टाउन हॉल सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विस्थापित गाँवों से आए काफी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। शिविर में विशेषज्ञ टीम द्वारा कैरियर परामर्श, दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश परीक्षा की प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने युवाओं को उपलब्ध निःशुल्क कोचिंग, रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी तथा उन्हें आवेदन प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला प्रशासन - बीएसएल प्रबंधन ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि यह पहल युवाओं को सरकारी/ पीएसयू/ निजी क्षेत्र में रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी। मौके पर डीपीएलआर मेनका समेत अन्य उपस्थित थे।

# ऑटो चालकों को परमिट निर्गत करने हेतु शिविर का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप परिवहन आयुक्त सह सचिव, उत्तरी छोटानागपुर हजारीबाग विजय कुमार सिंह एवं जिला अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज के द्वारा ऑटो चालकों को परमिट निर्गत करने हेतु परमिट वितरण शिविर का आयोजन जिला परिवहन कार्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान उप परिवहन आयुक्त सह सचिव, उत्तरी छोटानागपूर हजारीबाग विजय कुमार सिंह के द्वारा 09 ऑटो चालकों को परमिट प्रदान किया गया एवं अन्य ऑटो चालकों को परमिट बनाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में ऑटो परमिट निर्गत करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था की गई। इस दौरान कई ऑटो चालकों ने परमिट के लिए आवेदन जमा किया।

**सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण हेतु सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें**




जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज के द्वारा जानकारी दी गई कि जिला में कई ऑटो चालकों के द्वारा बिना परमिट के ऑटो का परिचालन किया जा रहा है। कई ऑटो चालकों ने जानकारी के अभाव के कारण परमिट नहीं बनाया है। इस कारणवश ऑटो चालकों के सुविधा के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है, साथ ही सभी ऑटोमोबाइल डीलर को भी उनके संस्थान से बिकने वाले ऑटो का परमिट के लिए आवेदन करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि जिले के अन्य सभी ऑटो चालक जो बिना परमिट के वाहन का परिचालन कर रहे हैं। वह परमिट से संबंधित जानकारी एवं आवेदन करने के लिए जिला परिवहन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही जिले में हो रहे सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण हेतु सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की संपूर्ण जिम्मेदारी की अग्रिम बधाई :सुकदेव हाजरा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के लोकतांत्रिक डेवलपमेंट एवं न्यायिक समानता और आकांक्षाओं के दरबार में गिरिडीह के लोकप्रिय विधायक सह झारखंड सरकार के मंत्री नगर विकास एवं पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी मिलने पर गिरिडीह जिले में विकास का पावर सब स्टेशन स्थापित करते हुए गिरिडीह वासियों को चिड़ियाखाना का उपहार आवंटित कर प्रकृति व पर्यटन के क्षेत्र में सांस्कृतिक धरोहर को विकसित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस अव्वल सौगात से गिरिडीह का नाम रौशन होगा जो गिरिडीह वासियों के लिए गर्व की बात है इसके लिए गिरिडीह वासियों के तरफ से माननीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दिल से आभार प्रकट करते हुए आंतरिक दिल से से बधाई समर्पित इस जिम्मेदारियों के बाद अब इस शख्स को स्कूली शिक्षा का अतिरिक्त जिम्मेदारी से नवाजा गया है जो गिरिडीह वासियों सहित पूरे झारखंड वासियों के लिए गौरव की बात है इसके लिए उन्हें पुनः दिल से आभार व्यक्त करते हैं और उनके राजनीतिक धरोहर की कर्मभूमि गिरिडीह जिला एक विकसित जिला के रूप में उभरता हुआ नया सूरज की रौशनी से समस्त झारखंड जगमगा उठेगा इसी उम्मीद और आकांक्षाओं के साथ झारखंड सरकार से अपील होगा कि इन्हें वैकल्पिक जिम्मेदारी नहीं स्कूली शिक्षा का संपूर्ण जिम्मेदारी दी जाय। ताकि शिक्षा के क्षेत्र में पूरे गिरिडीह जिला सहित संपूर्ण झारखंड में पारा शिक्षकों के साथ साथ बेरोजगार युवाओं और युवतियों के लिए रोजगार का बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने में माननीय मंत्री जी का सराहनीय कदम साबित हो।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com